RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 226
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जून, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है: न्यायमूर्ति चंद्रचूड़
विदेश-10

# संकट और गहराया, महा अघाड़ी गठबंधन छोड़ने को तैयार ठाकरे

- बागी विधायक मुम्बई आकर बात करें तो कांग्रेस-एनसीपी से गठबंधन तोड़ने पर करेंगे विचार: राउत
- गुवाहाटी के होटल से शिंदे ने 42 विधायकों के समर्थन का दावा करते हुए जारी किया वीडियो

टीएन रघुनाथ। मुंबई



गुवाहाटी के एक होटल में अपने समर्थक विधायकों को संबोधित करते शिवसेना के दिग्गज नेता एकनाथ शिंदे

**पार्टी** के वरिष्ठ नेता एकनाथ शिंदे की बगावत से जूझ रही शिवसेना का संकट बृहस्पतिवार को और गहरा गया, जब शिंदे गुट ने अपने साथ 42 विधायक होने का दावा किया। शिवसेना नेतृत्व सरकार और गठबंधन बचाए रखने की कोशिशों में जुटा है। हालांकि अपने रुख में बदलाव करते हुए पार्टी प्रवक्ता संजय राउत ने कहा कि यदि असम में डेरा डाले बागी विधायक 24 घंटे के भीतर मुंबई लौटकर मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से अपनी शिकायतें साझा करते हैं तो शिवसेना महा विकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन को छोड़ने पर विचार करने के लिए तैयार है। एक दिन पहले ही शिवसेना अध्यक्ष और मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहा था कि यदि बागी विधायक व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके नेतृत्व से नाखुशी जाहिर करते हैं तो वह मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष पद दोनों छोड़ने के लिए तैयार हैं।

अपने वेब संबोधन के बाद रात में सीएम ठाकरे ने अपना सरकारी आवास छोड़ दिया था और मातोश्री चले गए थे। गुरुवार को मातोश्री की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। शिवसेना के वरिष्ठ नेता और महाराष्ट्र सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरवार को अपनी ताकत दिखाते हुए गुवाहाटी के होटल रेडिसन ब्लू से 42 विधायकों का फोटो जारी किया। गुजरात के सूरत से ले जाकर विधायकों को इसी होटल में ठहराया गया है। एकनाथ शिंदे गुट की ओर से एक वीडियो मीडिया में जारी किया गया है जिसमें होटल रेडिसन ( शेष पेज 8 )

## एमवीए गठबंधन विधानसभा में साबित करेगा बहुमत: पवार



पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

**राष्ट्रवादी** कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र में महा विकास आघाडी सरकार (एमवीए) के भाग्य का फैसला विधानसभा में होगा और शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस गठबंधन विश्वास मत में बहुमत साबित करेगा। पवार ने कहा कि एमवीए सरकार के भाग्य का फैसला विधानसभा में होगा, न कि गुवाहाटी में, जहां शिवसेना के विद्रोही विधायक डेरा ( शेष पेज 8 )

# मतभेदों से ज्यादा अहम हैं भारत और चीन के साझा हित: बीजिंग

- लद्दाख में सैन्य गतिरोध से पैदा हुई खटास के बीच भारतीय राजदूत से मुलाकात के दौरान चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कही यह बात
- एकदूसरे के प्रति संदेह रखने से बेहतर परस्पर भरोसे को बढ़ाया जाया



बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग ई से भेंट करते भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत

पीएनएस/एजेंसी। नई दिल्ली/बीजिंग

**पिछले** दो साल से लद्दाख में सीमा पर तनावपूर्ण हालात के बावजूद चीन ने भारत से 'आधा रास्ता' तय करने का अनुरोध करते हुए कहा कि दोनों देशों के साझा हित उनके बीच मतभेदों से कही ज्यादा महत्वपूर्ण हैं। चीन ने यह भी कहा कि 'एकदूसरे के प्रति संदेह' रखने से ज्यादा बेहतर है कि परस्पर भरोसे को बढ़ाया जाए।

बुधवार को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत से मुलाकात के दौरान यह बात कही। चीनी मंत्री ने दोनों देशों के बीच संबंधों को सुधारने के लिए चार सूत्रीय प्रक्रिया का भी प्रस्ताव दिया। भारतीय राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने राष्ट्रपति शी चिनफिंग की मेजबानी में बृहस्पतिवार से शुरू वीडियो ( शेष पेज 8 )

## ऑस्ट्रेलिया ने चीन को सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता बताया

भाषा। नई दिल्ली

**ऑस्ट्रेलिया** के उप-प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्लेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऑस्ट्रेलिया और भारत के लिए चीन सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है तथा वास्तविक नियंत्रण रेखा और दक्षिण चीन सागर में बीजिंग के कदमों से उनकी बढ़ती आक्रामकता प्रदर्शित होती है।

मार्लेस चार दिवसीय यात्रा पर भारत में हैं। पिछले महीने प्रधानमंत्री एंथली अल्बनीज की लेबर पार्टी के सत्ता में आने के बाद यह आस्ट्रेलिया के किसी वरिष्ठ नेता की पहली भारत यात्रा है। उन्होंने कहा कि चीन दुनिया को ऐसा आकार देने की कोशिश कर रहा है, जैसा कि पहले कभी नहीं देखा गया हो।

मार्लेस ने यह भी कहा कि भारत की भी समान सुरक्षा चिंताएं हैं और पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ जारी सीमा विवाद को लेकर ऑस्ट्रेलिया नई दिल्ली के साथ एकजुटता से खड़ा है। अपनी यात्रा के चौथे एवं अंतिम दिन ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने पत्रकारों के साथ बातचीत के ( शेष पेज 8 )

# सोनिया गांधी से जुलाई के अंत में पूछताछ करेगा ईडी

- नेशनल हेराल्ड धनशोधन मामले में कांग्रेस अध्यक्ष ने मांगी थी कुछ समय के लिए पेशी से छूट

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने पेशी की तारीख आगे बढ़ाने संबंधी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के आग्रह को मान लिया है। जांच एजेंसी ने अब उनसे कहा है कि वह नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में जुलाई महीने के आखिर में किसी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराएं। सूत्रों ने बताया कि संघीय जांच एजेंसी ने सोनिया गांधी से प्रस्तावित पूछताछ को चार सप्ताह के लिए स्थगित कर दिया है और अब उनसे कहा गया है कि वह जुलाई महीने के आखिर में किसी समय पेश होकर अपना बयान दर्ज कराएं।

नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र से जुड़े कथित धनशोधन के मामले में ईडी ने कांग्रेस अध्यक्ष को पहले आठ जून को तलब किया था, लेकिन कोविड संक्रमण के बाद उन्हें 23 जून को एजेंसी दफ्तर आकर बयान दर्ज कराने को कहा गया था। कोविड-19 से जुड़ी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के चलते निजी अस्पताल में भर्ती सोनिया गांधी को सोमवार की शाम छुट्टी मिल गई थी।


इसी मामले में ईडी ने पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से पांच दिन में 50 घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की और इस दौरान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनके बयान दर्ज किए गए। अधिकारियों के अनुसार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं और गांधी परिवार से पूछताछ ईडी की जांच का हिस्सा है, ताकि यंग इंडियन और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के हिस्सेदारी पैटर्न, वित्तीय लेन-देन और प्रवर्तकों की भूमिका को समझा जा सके। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता ( शेष पेज 8 )

## वीडियो देख स्टंट करने की कोशिश में बच्चे की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एक** वीडियो में देखे स्टंट को दोहराने की कोशिश में 10 वर्षीय एक लड़के की दम घुटने से मौत हो गई। यह घटना उत्तर-पूर्वी दिल्ली के करतार नगर इलाके में बुधवार शाम करीब सात बजे की है, जब बच्चा अपनी मां के साथ घर पर था। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बच्चा स्टंट की काफी वीडियो देखता था। बुधवार शाम वह अपने कमरे में रस्सी कूद रहा था और जब उसने एक स्टंट दोहराने की कोशिश की, तो उसी दौरान रस्सी उसके गले में लिपट कर फंस गई, जिससे उसे सांस लेने में दिक्कत होने लगी। इसके बाद वह बेहोश हो गया। उसे नजदीक के एक अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। माता-पिता ने पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) में फोन नहीं किया था, लेकिन अस्पताल ने पुलिस को घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश ( शेष पेज 8 )

# दिल्ली-महाराष्ट्र में कोविड के एक दिन में दोगुने केस



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों संग की बैठक, संक्रमण के तेज प्रसार वाले जिलों पर ध्यान केंद्रित करने के दिए निर्देश

**राष्ट्रीय** राजधानी दिल्ली और महाराष्ट्र में कोविड के मामलों में तेज वृद्धि हुई है। दोनों ही जगह 24 घंटों के भीतर दोगुने से अधिक केस दर्ज किए गए हैं। देश में गुरवार को कुल केसलोड लगभग 15,000 पहुंच गया जो एक दिन पहले 13,000 था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में गुरुवार को कोविड के 1,934 नए मामले सामने आए।

इससे पहले बुधवार को यहां करीब 900 नए मरीज ही मिले थे। इस प्रकार राष्ट्रीय राजधानी में अब कुल सक्रिय मामलों की संख्या 5,755 हो गई है, जबकि टेस्ट सकारात्मकता दर (टीपीआर) 8.10 प्रतिशत है। इसी प्रकार महाराष्ट्र में भी गुरुवार को कोविड-19 के 5,218 नए मामले आए हैं। यह संख्या एक दिन पहले के मामलों से लगभग 60 प्रतिशत अधिक है। बुधवार को इस राज्य में कुल 3,260 केस आए थे। मुंबई ने भी ताजा संक्रमण में 50 प्रतिशत की छलांग लगाई है।

देश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इस महानगर में गुरुवार को 2,479 नए मामले आए, जबकि बुधवार को यहां कुल 1,648 मामले दर्ज किए गए थे। इस बीच, एक चिंता और बढ़ गई है। इंडियन सास्र-कोव2 कंसोर्टियम ऑन जीनोम (आईएनएसएसीओजी) की 21 जून की रिपोर्ट ( शेष पेज 8 )

## आय से अधिक संपत्ति मामले में उत्तराखंड के आईएएस राम विलास यादव गिरफ्तार

भाषा। देहरादून

**उत्तराखंड** में आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपी आईएएस अधिकारी राम विलास यादव को बृहस्पतिवार को सतर्कता विभाग ने गिरफ्तार कर लिया। यादव को बुधवार को उत्तराखंड सरकार ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। वह प्रदेश में अपर सचिव पद पर तैनात थे। अपर पुलिस महानिदेशक (सतर्कता) अमित सिन्हा ने बताया कि भ्रष्टाचार के साक्ष्य मिलने और लंबी पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब न हासिल होने के बाद यादव को बुधवार देर रात करीब सवा दो बजे गिरफ्तार कर लिया गया। सिन्हा के मुताबिक, मई में दर्ज मामले की प्राथमिक जांच के दौरान यादव के पास आय से 522 फीसदी अधिक संपत्ति होने की जानकारी मिली थी। उन्होंने कहा, जांच में हमें भ्रष्टाचार में यादव की संलिप्तता को लेकर कई ऐसे दस्तावेज और साक्ष्य मिले थे, जिनके आधार पर हमने उनके घर पर दबिश दी थी और उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था।

# दिनकर गुप्ता होंगे एनआईए के प्रमुख

भाषा। नई दल्ली

**पंजाब** के पूर्व पुलिस महानिदेशक दिनकर गुप्ता को बृहस्पतिवार को मुंबई में 26/11 के हमले के बाद गठित आतंकवाद विरोधी जांच एजेंसी, राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक कुलदीप सिंह को वाई सी मोदी की सेवानिवृत्ति के बाद पिछले साल मई में एनआईए का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

कार्मिक मंत्रालय द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के मुताबिक मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने पंजाब कैडर के 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी के नाम को एनआईए के शीर्ष पद के लिए मंजूरी दी। आदेश के मुताबिक समिति ने 31 मार्च, 2024, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख है या अगले आदेश तक एनआईए के महानिदेशक के रूप में गुप्ता की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पुलिस प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री रखने वाले गुप्ता ने 2019 में पंजाब पुलिस के महानिदेशक का पद संभाला और दो साल और सात महीने तक इस पद पर रहे। उन्हें पंजाब पुलिस हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में स्थानांतरित कर दिया गया क्योंकि उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के लिए अनुमति मांगी थी। उन्होंने पुलिस महानिदेशक, आसूचना, पंजाब का पद भी संभाला है, जिसमें पंजाब राज्य आसूचना इकाई, प्रदेश आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और संगठित अपराध नियंत्रण इकाई (ओसीसीयू) की सीधी निगरानी शामिल है।

एक अनुभवी और प्रतिष्ठित अधिकारी, गुप्ता पूर्व में जून 2004 से जुलाई 2012 तक केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आठ साल तक सेवा दे चुके हैं, जिस दौरान उन्होंने कई संवेदनशील जिम्मेदारियां निभाईं जिनमें खुफिया ब्यूरो इकाई के प्रमुख का दायित्व भी शामिल था, जो वीवीआईपी की सुरक्षा को देखता है। गुप्ता को 1992 और 1994 में दो पुलिस वीरता पदकों से अलंकृत किया गया था। उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक और विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2010) से भी अलंकृत किया गया है। एक अन्य आदेश में, 1987 बैच के आईपीएस ( शेष पेज 8 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,265 | ↑ | 443 | |
| निफ्टी | 15,556 | ↑ | 143 | |
| सोना | 50,719 | ↓ | 133 | /10g |
| चांदी | 59,781 | ↓ | 664 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत ने काबुल में तकनीकी टीम की तैनाती की

**नई दिल्ली।** भारत ने बृहस्पतिवार को काबुल में अपने दूतावास में एक तकनीकी टीम की तैनाती के साथ ही अफगान राजधानी में एक बार फिर से अपनी राजनयिक उपस्थिति स्थापित की। पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने अपने दूतावास से अपने अधिकारियों को हटा लिया था। विदेश मंत्रालय ने कहा, मानवीय सहायता के प्रभावी वितरण के लिए विभिन्न हितधारकों के प्रयासों की बारीकी से निगरानी और समन्वय करने के लिए तथा अफगान लोगों के साथ हमारे जुड़ाव को जारी रखने के वास्ते, एक भारतीय तकनीकी टीम आज काबुल पहुंच गई है और वहां हमारे दूतावास में तैनात की गई है। उसने एक बयान में कहा, हाल ही में, एक अन्य भारतीय दल ने अफगानिस्तान को हमारी मानवीय सहायता के वितरण कार्यों की निगरानी के लिए काबुल का दौरा किया था।

# भारत के नए संचार उपग्रह जीसैट-24 का सफल प्रक्षेपण

भाषा। बेंगलुरू

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा अपनी वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के लिए बनाए गए संचार उपग्रह जीसैट-24 का फ्रेंच गुयाना (दक्षिण अमेरिका) के कोउरू से बृहस्पतिवार को सफल प्रक्षेपण किया गया। डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा प्रदाता कंपनी टाटा प्ले को इस संचार उपग्रह की पूरी क्षमता का उपयोग करने की स्वीकृति दी गई है। एनएसआईएल ने टाटा प्ले को यह क्षमता लीज पर दी है।

फ्रांसीसी कंपनी एरियनस्पेस द्वारा संचालित एरियन-5 रॉकेट के जरिए जीसैट-24 को उसकी निर्धारित भूस्थैतिक कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया है। जीसैट-24 उपग्रह 24-केयू बैंड वाला एक संचार उपग्रह है, जिसका वजन 4180 किलोग्राम है। यह डीटीएच सेवा संबंधी जरूरतों को पूरा करेगा और अखिल भारतीय कवरेज मुहैया कराएगा। एनएसआईएल का गठन मार्च 2019 में किया गया था, यह भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग के तहत एक केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उद्यम (सीपीएसई) है और इसरो की वाणिज्यिक शाखा है।

जून 2020 में सरकार द्वारा घोषित अंतरिक्ष सुधारों के तहत एनएसआईएल को मांग आधारित मॉडल पर उपग्रह मिशन शुरू करने की जिम्मेदारी दी गई थी। एनएसआईएल के पास उपग्रहों के निर्माण, प्रक्षेपण, स्वामित्व और संचालन तथा अपने ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करने की जिम्मेदारी है। टाटा समूह की डायरेक्ट-टू-होम (डीटीएच) सेवा प्रदाता कंपनी टाटा प्ले को जीसैट-24 संचार उपग्रह की पूरी क्षमता ( शेष पेज 8 )

# ब्रिक्स देशों को सहयोग बढ़ाने की आवश्यकता: प्रधानमंत्री

- मोदी ने कहा, ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका मिलकर कोविड से हुए नुकसान से उबरने में दे सकते हैं उपयोगी योगदान

भाषा। नई दिल्ली




**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) का नजरिया काफी समान है, इसलिए सभी के बीच आपसी सहयोग कोविड-19 के नुकसान से उबरने में उपयोगी योगदान दे सकता है।

ब्रिक्स देशों के 14वें शिखर सम्मेलन को डिजिटल माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि हालांकि वैश्विक स्तर पर महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के बारे में हम ब्रिक्स सदस्य देशों का नजरिया काफी समान रहा है और इसलिए हमारा आपसी सहयोग पोस्ट कोविड रिकवरी में उपयोगी योगदान दे सकता है। ब्रिक्स दुनिया के पांच सबसे बड़े विकासशील देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका- को एक मंच पर लाता है। इन देशों की कुल हिस्सेदारी वैश्विक आबादी में 41 प्रतिशत, वैश्विक जीडीपी में 24 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार में 16 प्रतिशत है। मोदी ने कहा कि कोविड महामारी की चुनौतियों के मद्देनजर हम लगातार तीसरे साल ऑनलाइन माध्यम से बैठक कर रहे हैं। हालांकि, वैश्विक स्तर पर महामारी का प्रकोप पहले की तुलना में कम हुआ है लेकिन इसके अनेक दुष्प्रभाव अब भी वैश्विक अर्थव्यवस्था में दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, हम - ब्रिक्स सदस्य देश- वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर समान दृष्टिकोण रखते हैं इसलिए हमारा आपसी सहयोग कोविड के नुकसान से उबरने में उपयोगी योगदान दे सकता है।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में ब्रिक्स में कई संस्थागत सुधार हुए हैं जिनसे इस संगठन की प्रभावशीलता बढ़ी है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि न्यू डेवलपमेंट बैंक की सदस्यता में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां हमारे आपसी सहयोग से हमारे नागरिकों के जीवन को सीधा लाभ मिल रहा है। इस कड़ी में प्रधानमंत्री ने टीकों को लेकर शोध एवं विकास केंद्र की स्थापना, सीमा शुल्क विभागों के बीच समन्वय, साझा सेटेलाइट कंसल्टेशन की व्यवस्था और फार्मा उत्पादों का पारंपरिक नियमितीकरण जैसे कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, इस तरह के व्यवहारिक कदम ब्रिक्स को ( शेष पेज 8 )

## ब्रिक्स सभी देशों की क्षेत्रीय अखंडता, संप्रभुता के सम्मान को प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** ब्रिक्स के नेताओं ने बृहस्पतिवार को सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही यूक्रेन संकट और अफगानिस्तान के हालात पर चर्चा के दौरान विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। चीन की मेजबानी में आयोजित ब्रिक्स देशों के ऑनलाइन शिखर सम्मेलन के अंत में जारी एक घोषणापत्र में कहा गया कि नेताओं ने रूस और यूक्रेन के बीच वार्ता का समर्थन किया और पूर्वी ( शेष पेज 8 )

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जून, 2022



# 10 स्विमिंग पूल और 5 जिम के संचालकों को भेजा नोटिस

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने जिम और स्विमिंग पूलों के पंजीकरण की जांच शुरू कर दी है। जिनके पंजीकरण नहीं है उनके खिलाफ कार्रवाई भी की जा रही है। जिसके चलते जिले के 10 स्विमिंग पूल के संचालकों को पंजीकरण न कराने पर नोटिस जारी किया गया है।

प्रशासन द्वारा एनओसी के बिना चला रहे जिम मालिकों को भी नोटिस जारी किए गए। प्रशासन ने यह कदम लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उठाया है। कुछ दिनों पहले गौतमबुद्ध नगर के जिला अधिकारी सुहास एलवाई ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिए थे कि जिन स्विमिंग पूल और जिम के पंजीकरण नहीं हुए हैं उन पर कारवाई की जाए।

जिला क्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर ने बताया कि जिले में 500 से ज्यादा स्विमिंग पूल चल रहे हैं, लेकिन इनमें से 250 ही पंजीकृत हैं। वहीं, जिले में जिमों की संख्या भी अधिक है, लेकिन 55 ऐसे जिम संचालक हैं जिन्होंने पंजीकरण करा रखा है। उन्होंने बताया कि इसी वजह से जिम और स्विमिंग पूलों का निरीक्षण किया गया।

# विस्फोटक विशेषज्ञ की देखरेख में ध्वस्त होगा टावर

## रोजाना पलवल से पुलिस सुरक्षा में नोएडा लाया जाएगा बारूद, इमारत के छेदों में किया जाएगा फिट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



शहर के सेक्टर-93ए सुपरटेक एमरॉल्ड कोर्ट परिसर में बने ट्विन टावर के ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया अब तेजी से चल रही है।

यहां चल रहे कामकाज को देखने सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीटयूट सीबीआरआई और सेंट्रल इंस्टीटयूट ऑफ माइनिंग एंड फ्यूल रिसर्च सीआईएमएफ आर की टीम मौके पर पहुंची। टीम के सदस्यों ने करीब दो घंटे तक रुककर जगह-जगह चल रहे काम को देखा। अभी ये टीम दो दिन और रुककर टावर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया देखेंगी।

सीबीआरआई के अधिकारियों ने नोएडा प्राधिकरण से ब्लास्ट डिजाइन का मूल्यांकन करने के लिए एक विशेषज्ञ कंपनी को नियुक्त करने का आग्रह किया था। सीबीआरआई ने प्राधिकरण के अधिकारियों से कहा था कि उनके पास विस्फ ोटकों में विशेषज्ञता नहीं है और वे स्ट्रक्चरल मामलों से निपटते हैं। बाद में उन्हें अपने स्तर पर अन्य एजेंसियों को शामिल करने की सलाह दी गई, जिनके पास विस्फ ोटकों और विस्फोट डिजाइन से संबंधित विशेषज्ञता हो। ऐसे में अब सीबीआरआई अपने सहयोग के लिए धनबाद की सीआईएमएफ आर टीम को साथ लेकर आई है।

सीआईएमएफ आर के वैज्ञानिकों की टीम ब्लास्ट डिजाइन रिपोर्ट के हिसाब से ध्वस्तीकरण से होने वाली नुकसान से बचाने के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार करने में मदद करेगी। एडीफाइस एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि 21 अगस्त को ट्विन टावरों का ध्वस्तीकरण होना है। ध्वस्तीकरण में करीब 3500 किलो बारूद लगने का अनुमान है।

एपेक्स व सियान टावर में किए जा रहे करीब 9 हजार छेदों में यह बारूद लगाया जाएगा। 21 अगस्त को रिमोट दबाकर विस्फोट के जरिए जरिए ट्विन टावर ध्वस्त किए जाएंगे। उस दौरान आसपास लोगों को आने से रोकने, कोई हादसा होने पर तुरंत मदद करने, ट्रैफिक डायवर्ट करने आदि काम के लिए पुलिसकर्मियों की जरूरत पड़ेगी।

एजेंसी के अधिकारियों ने बताया कि ध्वस्तीकरण वाले दिन ट्विन टावर के आसपास 500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके अलावा यातायात व्यवस्था बनाने के लिए करीब 150 यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। उस दिन दोपहर करीब दो बजे के आसपास नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेस वे को भी आधा घंटे तक वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि टावरों में किए जा रहे छेदों में बारूद लगाने का काम 1 अगस्त से शुरू होने की उम्मीद है।

बारूद लगाने वाले दिन से ही दोनों टावरों को पुलिस अपनी सुरक्षा में ले लेगी। उस दिन से रोजाना करीब 20 पुलिस कर्मियों के जिम्मे वहां की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। ये पुलिसकर्मी अधिकृत कर्मचारियों को ही टावर परिसर में जाने की अनुमति देंगे। बारूद रोजाना पलवल से पुलिस सुरक्षा में नोएडा आया करेगा। जो बारूद बचेगा, वह पुलिस सुरक्षा में ही वापस जाया करेगा।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS AKSHAY GIRI, OA 494/2019 | Vehicle No- UP14GT8288, Make & Model- SWARAJ MAZDA LTD SAMRAT , Manu Year- 2017, Reserve Price: Rs 3,50,000/- EMD Amount Rs 35,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS ANIL KUMAR GUPTA, O.A NO. 276 OF 19 | Vehicle No- DL6CM2527, Make & Model- BMW 520D, Manu Year-2012, Reserve Price: Rs 3,50,000/- EMD Amount Rs 35,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS CHITRANSH EXPRESS CARGO PRIVATE LIMITED, OA 55/2020 | Vehicle No- NL01AC0895, Make & Model- TATA ULTRA 1518, Manu Year-2018, Reserve Price: Rs 7,50,000/- EMD Amount Rs75,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS PAWAN KUMAR GAUR AND ANR, OA 347/2021 | Vehicle No- HR51BT5530, Make & Model- MARUTI UDYOG LTD CIAZ ALPHA, Manu Year- 2018, Reserve Price: Rs 4,00,000/- EMD Amount Rs 40,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS RAVI RAJ RANGA, OA NO. 202 of 2019 | Vehicle No- HR26CM4809, Make & Model– HONDA CITY VX I DTECH , Manu Year-2014, Reserve Price: Rs. 360,000/- EMD Amount Rs. 36,000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |

**Auction Date: July 11, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:-** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi to participate in the auction.
Successfully bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Center, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# ठगी मामला: रेड एप्पल बिल्डर्स के खिलाफ दो और मुकदमे दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

फ्लैट देने के नाम पर सौ करोड़ से अधिक की ठगी करने वाले रेड एप्पल बिल्डर्स के खिलाफ नंदग्राम थाने में दो और केस दर्ज हुए हैं। इनमें पीड़ितों ने बिल्डर पर करीब 32 लाख रुपये की ठगी की आरोप लगाया है।

पीड़ितों का कहना है कि उन्हें फ्लैट नहीं मिले और लोन की किश्त भी भरनी पड़ रही है। पुलिस का कहना है कि बिल्डर व स्टेट बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। संजय कुमार का कहना है कि उन्होंने राजनगर एक्सटेंशन स्थित मंजू जे होम्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के रेड एप्पल प्रोजेक्ट में वर्ष 2012 में फ्लैट बुक किया था। उन्होंने 2.46 लाख रुपये अपने पास से दिए तथा 13.17 लाख रुपये बैंक से लोन कराया।

फ्लैट लेते समय बिल्डर ने करार किया था कि जब तक फ्लैट पर पजेशन नहीं मिलेगा, तब तक लोन की ईएमआई उनके द्वारा भरी जाएगी। संजय कुमार का कहना है कि अप्रैल 2018 में ही बिल्डर का फर्जीवाड़ा सामने आ गया। उसने उन्हें फ्लैट नहीं दिया और बैंक की किश्त भी भरनी पड़ रही है।

दूसरे मामले में बसंत लेन रेलवे कॉलोनी पहाड़गंज निवासी लवकुश यादव का कहना है कि उन्होने वर्ष 2012 में रेड एप्पल सोसाइटी में फ्लैट बुक किया था।

# रेत की हजारों बोरियां रख तेज रफ्तार में पर होगा परीक्षण

- वर्कशॉप लाइन, सिग्नल और विद्युतीकरण का काम तेज

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



जल्दी ही लोगों को 100 से 180 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के सफर का अनोखा अहसास होगा। रैपिड रेल के ट्रायल का कार्य तेजी किया जा रहा है। रैपिड रेल का तेज रफ्तार में प्रशिक्षण के लिए रेल के अंदर रेत की हजारों बोरियां रखी जाएगी। जिसके लिए वर्कशॉप लाइन, सिग्नल और विद्युतीकरण का काम तेजी से किया जारी है।

1 महीने के अंदर तकनीकी परीक्षण के शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। करने के बाद अगस्त माह के अंदर इसका ट्रायल किया जाएगा। एनसीआरटीसी के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पुनीत वत्स ने बताया कि रैपिड रेल के पहले 6 कोच को जोड़ने के बाद तकनीकी परीक्षण किया जाएगा। तेज रफ्तार पर भारत का परीक्षण करने के लिए हजारों रेत की बोरियां रखी जाएगी। दुहाई डिपो में ट्रैक के साथ सिग्नल, बिजली और ओवर हेड इक्विपमेंट का काम तेज गति से जारी है।

यह रैपिड रेल 100 से 180 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से दौड़ेगी। जल्दी ही रैपिड रेल का ट्रायल भी किया जाएगा। इसका ट्रायल 3 चरणों में होगा। ट्रायल सफल रहा तो जल्द ही इस परियोजना को शुरू कर दिया जाएगा। पहले मार्च 2023 में साहिबाबाद से दवाई के बीच रैपिड रेल चलाई जाएगी। जिसके बाद 2025 में सराय काले खा से मेरठ के बीच रैपिड रेल शुरू की जाएगी। इसके संचालन शुरू हो जाने से हजारों यात्रियों को फायदा होगा। इसके अलावा यहां के स्थानीय लोगों को भी रोजगार मिलेगा। जिससे जिला तेजी के साथ तरक्की की ओर आगे बढ़ेगा। वहीं, दुहाई डिपो रैपिड रेल के ट्रायल के लिए तैयार है। यहां पर रेल लाइन बिछाने और वर्कशॉप के लिए शेड भी तैयार कर लिए गए हैं। रैपिड ट्रेनों के परीक्षण और रखरखाव के लिए दुहाई डिपो में 11 स्टेबलिंग लाइन, दो वर्कशाप लाइन, तीन इंटरनल.बे लाइन आईबीएल और एक हेवी इंटरनल क्लीनिंग एचईसी लाइन का निर्माण किया गया है, जिनमें एक वर्कशाप और एक आईबीएल लाइन का निर्माण अंतिम चरण में हैं। रैपिड रेल के कोच को कई आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है।

इस में सफर करने वाले लोगों को एक खास अनुभव होगा। रैपिड ट्रेन के कोच अपने आकर्षक और आधुनिक डिजाइन के साथ रेजेनरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम से युक्त हल्के वजन के और स्वचालित ट्रेन सुरक्षा एटीपी, स्वचालित ट्रेन नियंत्रण एटीसी और स्वचालित ट्रेन संचालन एटीओ से संपन्न हैं।

# फर्जी फर्म बनाकर करोड़ों की जीएसटी चोरी

- मामले में 23 कारोबारी गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दो सौ से अधिक कारोबारियों ने करीब 400 फर्जी फर्म से कागजी कारोबार कर 550 करोड़ की जीएसटी चोरी की है।

केंद्रीय जीएसटी विभाग ने फर्जी फर्मों से कारोबार का पता चलने पर 71 मामलों में छापे मारकर 23 कारोबारियों को गिरफ्तार किया गया है। केंद्रीय जीएसटी विभाग जीएसटी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए जीएसटीएन पोर्टल से नजर रखता है। बीते तीन साल में विभाग की प्रवर्तन शाखा के अधिकारियों ने जीएसटी चोरी तथा फर्जी कारोबार से आईटीसी क्लेम लेने वाले 71 कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई की।

विभाग ने 71 कारोबारियों के सवा सौ से अधिक ठिकानों पर छापेमारी कर फर्जी फर्मों से कारोबार में संलिप्त 23 कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में 400 से अधिक फ र्जी फ र्मो से कार्गजी कारोबार कर टर्नओवर बढ़ाने और विभाग से आईटीसी क्लेम उठाने का मामला सामने आया। फ र्जी फ र्म में लिप्त कारोबारी लोहा, आयरन स्टील, भवन सामग्री, पान मसाला, इलेक्ट्रॉनिक सामानों एवं रेडीमेड गारमेंट्स के ट्रेडिंग के काम में जीएसटी चोरी का खेल करते हैं।

फर्जी फर्जीवाड़े में लिप्त कारोबारियों का नेटवर्क दिल्ली, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के कई जिलों में फैला है। विभाग की जांच में मास्टरमाइंड कारोबारियों के कई राज उजागर हुए। जांच में सामने आया कि कोई अपने ससुर और साले के नाम पर फर्म बना कर कागजी कारोबार कर रहा है। तो कोई दोस्तों के नाम पर फर्म बनाया है। विभाग के पूछताछ में फर्म मालिकों द्वारा नकारने के बाद यह खुलासा हुआ है।

# स्ट्रीट लाइट ठीक करने के दौरान दो मजदूर गिरे, मौत

**नोएडा।** थाना बिसरख क्षेत्र के हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे लगे स्ट्रीट लाइट का बल्ब लगाते समय ऊंचाई से 2 मजदूर गिर गए। इस घटना में दोनों की मौत हो गई।

थाना बिसरख पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की तरफ से स्ट्रीट लाइट को ठीक कराने के लिए तैनात किए गए जगदीश तथा राहुल मूलनिवासी अजमेर राजस्थान को हनुमान मंदिर के पास स्ट्रीट लाइट में बल्ब लगा रहे थे। एकाएक ऊंचाई से गिरने पर उनकी मौत हो गई।

# एचआईवी महिला मरीज को एक स्ट्रेचर तक नहीं मिली

- रिक्शा ठेला खींचकर अस्पताल तक लाया भाई, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने बैठाई जांच



बृजेश पाठक

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद में एचआईवी और टीबी की महिला मरीज को एक स्ट्रेचर तक नहीं मिला। परिजन इस मरीज को रिक्शा ठेला पर लादकर भटकते रहे। बाद में हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मेरठ के लिए रेफर कर दिया। वीडियो वायरल होने पर सूबे के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने जांच बैठा दी है। उन्होंने गाजियाबाद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से 25 जून तक जांच और कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। गाजियाबाद में साहिबाबाद क्षेत्र निवासी एक महिला को टीबी की बीमारी थी। तीन दिन पहले वह गाजियाबाद के जिला अस्पताल में जांच कराने के लिए आई तो उसको एचआईवी पॉजिटिव आया।

डॉक्टरों का कहना है कि अचानक तबीयत खराब होने पर परिजन इस महिला को रिक्शा ठेला में डालकर अस्पताल ले गए। रिक्शे को खुद महिला का भाई खींचकर लाया। उसका कहना था कि एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं हो पाई थी, इसलिए वह रिक्शा ठेला से मरीज को लेकर आया। भाई के द्वारा बहन को रिक्शा ठेला में लाने की वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गई।

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इसका संज्ञान लिया। उन्होंने ट्वीट करके लिखा प्रकरण के संबंध में जांच कर दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट 25 जून तक उपलब्ध कराए जाने के आदेश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर भवतोष शंखधर का कहना है कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि मरीज के परिजनों ने एंबुलेंस के लिए कोई कॉल नहीं की थी। वह जैसे ही अस्पताल में आए, उन्हें स्ट्रेचर मुहैया कराया गया था।

मरीज की हालत गंभीर थी, इसलिए उसको एंबुलेंस में बैठाकर मेरठ के लिए रेफ र कर दिया, जहां एचआईवी पॉजिटिव मरीजों का इलाज होता है। डॉक्टर मनोज कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि तीन दिन पहले जांच में एचआईवी की पुष्टि होने पर तभी मरीज को भर्ती होने की सलाह दी गई थी, लेकिन परिजन उसको घर ले गए थे।

# तेज रफ्तार ने बुझा दिये दो परिवारों के दीपक

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत बंथला चिरौड़ी मार्ग पर तेज रफ्तार से भाग रही एक मारूति जैन का चालक सामने से आ रहे किसी वाहन को बचाने के फेर में कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और फिर गाड़ी कई पलटे खाती हुई सड़क पर घिसटती हुई चली गई।

इस हादसे में घिटोरा निवासी 18 वर्षीय दिपेश व 30 वर्षीय जितेंद्र की मौत हो गई और मनीष, विकास और पप्पू घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची लोनी पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर घायलों को अस्पताल भिजवा दिया।

# चीनी गेस्ट हाउस में होती थी सेक्स वर्कर्स की सप्लाई

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में चीनी स्लीपर सेल के अड्डे के बारे में रोजाना नए.नए खुलासे हो रहे हैं। चीनी जासूस सु फइ के करीबी रविकुमार नटवरलाल के अलावा पुष्पेंद्र और अशोक भी है।

पुष्पेंद्र और अशोक ग्रेटर नोएडा के इस चीनी गेस्ट हाउस में लड़कियों की सप्लाई किया करते थे। पुष्पेंद्र गाजियाबाद से लड़कियों की सप्लाई करता था और अशोक गुरुग्राम से लड़कियों की सप्लाई करता था। इस बात का खुलासा 3 दिन के रिमांड के दौरान चीनी जासूस ने किया है। अभी तक रविकुमार नटवरलाल, पुष्पेंद्र और अशोक तीनों पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। इसके लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है। अभी तक इस मामले में यह तीनों मुख्य किरदार सामने आए हैं। इस मामले में रोजाना नए-नए खुलासे हो रहे हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक पुष्पेंद्र ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौर सिटी की सोसाइटी में रहता है। वह काफी समय से ग्रेटर नोएडा के चीनी गेस्ट हाउस में गाजियाबाद और नार्थ ईस्ट की लड़कियां सप्लाई कर



रहा था। सूत्रों का दावा है कि चीनी जासूस सु फाइ के पकड़े जाने के बाद पुष्पेंद्र ने कुछ चीनी नागरिकों के साथ उससे मिलने का प्रयास किया था, लेकिन वह मिल नहीं पाया था। जिसके बाद पुष्पेंद्र ने अपना मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया और अपने ठिकाने से फरार हो गया। सु फाइ के कहने पर अशोक लड़कियों की सप्लाई गेस्ट हाउस में करता था।

**SALE NOTICE**

The under mentioned Assets will be sold through auction on **"AS IS WHERE IS BASIS"** and **"AS IS WHAT IS BASIS"** for recovery of dues as per court orders, in the following cases:-

| Case Details | Asset Details |
|---|---|
| ICICI BANK LTD VS DHARMENDRA CHOUDHARY, CS No. 3000/19 | Vehicle No- DL1ZB3435, Make & Model – MARUTI UDYOG LTD SWIFT DZIRE, Manu Year- 2017, Reserve Price: Rs. 100000/- EMD Amount Rs.10000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS JAGDISH KUMAR, CS (COMM) No. 1992/2021 | Vehicle No. - UP16ET9417, Make and Model - HYUNDAI MOTORS LTD XCENT, Manu Year – 2018, Reserve Price: Rs. 180000/- EMD Amount Rs.18000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS AKASH PATIL, CS. No.983/19 | Vehicle No.- DL1RTB5305, Make and Model- MARUTI UDYOG LTD WAGON R LXI CNG, Manu Year- 2016 |
| ICICI BANK LTD VS RAJESH AHUJA, CS (COMM) No. 1234/2019 | Vehicle No. - DL8CX8680, Make and Model - RENAULT RxE Petrol, Manu Year - 2012, Reserve Price: Rs. 130000/- EMD Amount Rs.13000/-, EMD is to be made in favour of ICICI BANK LIMITED payable at Delhi and Bidder has to bring original DD/PO of EMD amount along with his KYC at site of auction |
| ICICI BANK LTD VS SANDEEP KUMAR, 619389 OF 16 | Vehicle No.- HR51AX0047, Make and Model- MAHINDRA & MAHINDRA LTD SCORPIO SLX, Manu Year- 2011 |
| ICICI BANK LTD VS MOHD AMJAD ALI, EX. 1092/2021 | Vehicle No.- DL9CT6524, Make and Model- GENERAL MOTORS INDIA LTD BEAT 1.0 PS, Manu Year- 2014 |
| ICICI BANK LTD VS JPY FOREX AND HOLIDAYS PVT LTD | Vehicle No.- DL3CCR4055, Make and Model- MG HECTOR 1.5 HYBRID SHARP, Manu Year- 2019 |
| ICICI BANK LTD VS SACHIN AWANA, 4617 OF 21 | Vehicle No.- UP16FT6914, Make and Model- HYUNDAI XCENT PRIME T+ CNG, Manu Year- 2018 |

**Auction Date: July 11, 2022 From 11:00 am to 2:00 pm.**
**Place of Auction:** Godara Yard, Khewat No. 166/1, Near Atul Kataria Chowk, Behind Gyan Devi, School, Sec- 17, Sukhrali, Gurugram-122022
**Contact Person- Rajeev Ranjan (8584874809)/ Jitendra Kumar (7304914763)**

**Terms of Sale**

The particulars of the said asset specified herein above have been stated to the best of the information and knowledge of the undersigned, who shall however not be responsible for any error, misstatement or omission in the said particulars. The interested participant/s are therefore requested, in their own interest, to satisfy himself / themselves/ itself with regard to the said asset and other relevant details pertaining to it before submitting the bids. All bidders are required to come at auction site with original KYC documents and DD/PO of EMD amount in favour of ICICI bank Limited, payable at Delhi (Wherein applicable) to participate in the auction. .
Successful bidder shall have to deposit sale amount (Excluding EMD amount wherein applicable) within 5 days from the approval date by the way of pay order/demand draft/RTGS/NEFT. In case if you fail to make the remaining sale amount within 5 days, your EMD amount will be forfeited.
The intending bidders may visit at ICICI Bank Ltd, 1st Floor, SD Tower, Community Canter, Plot No-7, Rohini Sector-8 New Delhi - 110085 for details and inspection of the said hypothecated vehicles.

# इंस्पेक्टर आत्महत्या करने के लिए निकला तो पुलिस बचाई जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

घरेलू विवाद से तंग आकर एक इंस्पेक्टर ने सुसाइड करने का प्रयास किया है। इंस्पेक्टर ने सुसाइड नोट अपने वॉट्सएप स्टेटस पर लगा दिया, जिसको एक परिचित ने देख लिया। जिसके बाद परिचित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इंस्पेक्टर की जान बचाई। इस मामले में किसी भी व्यक्ति द्वारा पुलिस को शिकायत नहीं मिली है। इंस्पेक्टर ध्रूव भूषण गौतमबुद्ध नगर पुलिस के आईटी सेल में तैनात है। वह ग्रेटर नोएडा में स्थित सेक्टर डेल्टा-3 में अपने परिवार के साथ रहता है। इंस्पेक्टर ने एक सुसाइड नोट लिखा और अपने व्हाट्सअप के स्टेटस पर लगा दिया। सुसाइड नोट के मुताबिक, वह घरेलू विवाद से तंग आकर आत्महत्या कर रहा है। पीड़ित ने सुसाइड नोट में अपनी पत्नी के लिए लिखा, मकान, जमीन और पैसे तुम्हें मुबारक हो। उन्होंने नोट मे सुसाइड करने का कारण अपनी पत्नी और अपने ससुराल वाले को बताया। इसके अलावा अपनी सारी प्रॉपर्टी अपनी बेटियों के नाम करने की बात लिखी है। नोट मे यह भी लिखा कि उनकी पत्नी उनके शव को हाथ न लगाए। पुलिस ने बताया कि इंस्पेक्टर ध्रुव भूषण घरेलू विवाद के कारण परेशान था। जिसकी वजह से उन्होंने आत्महत्या करने का प्रयास किया है।

# कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू, गड्ढा मुक्त होंगी सड़कें

- पॉलीथिन व प्लास्टिक की सामग्री पर रोक रहेगी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

नगर निगम ने कांवड़ यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। मेरठ रोड समेत सभी कांवड़ मार्ग पर 30 जून तक व्यवस्था पूरी करनी होंगी। प्रकाश व्यवस्था से लेकर पेयजल का इंतजाम किया जाएगा। साफ-सफाई और सड़कें गड्ढे मुक्त होंगी। इस बार हर पंडाल के बहार डस्टबिन अनिवार्य रूप से लगे होंगे। पॉलीथिन और प्लास्टिक की सामग्री पर रोक रहेगी।

कांवड़ यात्रा अगले माह शुरू हो रही है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेरठ रोड से निकलते हैं। कई हजार श्रद्धालु शहरी क्षेत्र में रहते हैं।



फाइल फोटो

नगर निगम ने कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारी शुरू कर दी। नगर आयुक्त महेंद्र सिंह तंवर ने निगम के सभी विभाग को आदेश जारी कर तैयारी पर रिपोर्ट मांगी है।

नगर आयुक्त ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान शिवभक्तों का अच्छी तरह ध्यान रखा जाएगा। एक भी कांवड़िया को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि निगम की तरफ से सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। कांवड़ मार्ग के स्थाई एवं अस्थाई शौचालय की व्यवस्था की जाएगी। बीट बनाकर सफाई होगी। निगम का उद्यान विभाग शहरी क्षेत्र के कांवड़ मार्ग पर पेड़ों की छटाई करेगा।

घास की भी कटाई कराई जाएगी। निगम का प्रकाश विभाग कांवड़ मार्ग पर प्रकाश व्यवस्था करेगा। मेरठ रोड से कई दिन तक रोजाना लाखों की संख्या में कावंड़ियां निकलते हैं। मौजूदा समय में मेरठ रोड पर अंधेरा छाया रहता है। निगम कांवड़ मार्ग पर अस्थाई और स्थाई प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करेगा। कांवड़ मार्ग पर लगे विद्युत पोल के ऊपर छह फीट की ऊंचाई तक इंसुलेट किए जाएंगे ताकि किसी पोल में करंट न उतर सके।

शहरी के अंदर की सड़कों पर लाइट लगाई जाएगी। निगम के स्वास्थ्य विभाग को कांवड़ मार्ग की साइड पटरियों की सफाई 30 जून से पहले करनी होगी। मंदिरों के आसपास विशेष सफाई व्यवस्था कराई जाएगी। कांवड़ मार्ग पर मीट की दुकानें बंद रहेंगी। कावंड़ यात्रा तक मीट की दुकानें बंद करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा मेरठ रोड पर घूमने वाले लावारिश पशुओं को पकड़ा जाएगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# यमुना किनारे गड्ढों ने जगाई आस, दो मीटर बढ़ा भूजल स्तर

● 26 एकड़ में फैले तालाबों के जरिये भूजल स्तर बढ़ाने की परियोजना चौथे साल भी रहेगी जारी : सिसोदिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केजरीवाल सरकार की पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना का प्रयोग सफल हो गया है। बारिश का पानी सहेज कर ग्राउंड वॉटर को रिचार्ज करने से भूजल स्तर में 2 मीटर की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मॉनसून के दौरान यमुना नदी में बाढ़ के जरिये आने वाले पानी को संजोकर ग्राउंड वाटर को रिचार्ज करने की पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना मील का पत्थर साबित हुई है। परियोजना के चलते भूजल स्तर में लगातार सुधार हो रहा है।

वर्ष 2019 से लेकर वर्ष 2021 तक, पिछले तीन सालों में औसतन करीब 812 मिलियन गैलन ग्राउंड वाटर रिचार्ज हुआ है। परियोजना की सफलता को देखते हुए दिल्ली सरकार ने इस प्रोजेक्ट को इस साल भी जारी रखने का फैसला लिया है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को परियोजना को लेकर सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक के बाद सिसोदिया ने बताया कि वर्तमान में यह परियोजना 40 एकड़ में फैली है, जिसमें से 26 एकड़ में एक तालाब बनाया गया, जहां बाढ़ के पानी का संचय होता है, जिसका इस्तेमाल भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार वर्ष 2020 और 2021 में मानसून से पहले और मानसून के बाद किए गए शोध में यह पाया गया कि इस परियोजना के चलते ग्राउंड वाटर रिचार्ज होकर यमुना नदी से शहर की तरफ बढ़ रहा है, जिससे पूरे दिल्ली का भूजल स्तर बेहतर हो रहा है।

अब यमुना में व्यर्थ नहीं बहेगा लाखों गैलन पानी उपमुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 10 सालों में भूजल स्तर 2 मीटर तक नीचे चला गया था, लेकिन पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना के शुरू होने के बाद भूजल स्तर आधे से 2 मीटर तक बढ़ा है।

ये नतीजे काफी उत्साहित करने वाले हैं। इस सफल नतीजे के आधार पर इस प्रॉजेक्ट को अब एक साल ओर जारी रखने का फैसला लिया गया है। जहां वर्तमान में करीब 812 मिलियन गैलन ग्राउंड वाटर रिचार्ज हुआ है। वहीं, प्रोजेक्ट का क्षेत्रफल 1000 एकड़ तक बढ़ने से करीब 20,300 एमजी ग्राउंड वॉटर रिचार्ज हो सकेगा। इसी के साथ यह प्रोजेक्ट सिर्फ दिल्ली ही नहीं बल्कि पूरे देश के सूखाग्रस्त और पानी की किल्लत झेल रहे राज्यों के लिए एक बेहतरीन उदाहरण साबित होगा।

पल्ला फ्लड प्लेन परियोजना केजरीवाल सरकार की प्रमुख परियोजनाओं में से एक है। पल्ली से वजीराबाद के बीच करीब 20-25 किमी लंबे इस स्ट्रेच पर प्राकृतिक तौर पर गड्ढे बनाए गए हैं।

मानसून या बाढ़ आने पर पानी इसमें भर जाता है। नदी का पानी जब उतरता है, तो गड्ढों में पानी बचा रहता है। जहां पहले लाखों गैलन पानी नदी में बह जाता था, अब वो व्यर्थ नहीं बहेगा।

### तीन वर्षों में परियोजना से भूजल स्तर के आंकड़े

| | |
|---|---|
| 2019- | 854 मिलियन लीटर |
| 2020- | 2888 मिलियन लीटर |
| 2021- | 4560 मिलियन लीटर |



### 0.5 मीटर से 2 मीटर की औसत वृद्धि दर्ज

कुछ साल पहले करीब 8000 हेक्टेयर यमुना फ्लड प्लेन पर अतिक्रमण हुआ करता था। ऐसे में दुर्भाग्य से बाढ़ के पानी को रिसने और रिचार्ज करने के लिए कोई महत्वपूर्ण स्थान नहीं था। परियोजना के काम शुरू होने के बाद तत्काल परिणाम में बेहतर रिजल्ट सामने आए थे। 2020 और 2021 में क्रमश : 2.9 मिलियन क्यूबिक मीटर और 4.6 मिलियन क्यूबिक मीटर अंडरग्राउंड वाटर बड़े पैमाने पर रिचार्ज किया गया। इसके बाद भी यह देखा गया कि परियोजना क्षेत्र में पिछले वर्ष का भूजल स्तर, अनुमान से निकाले गए 3.6 मिलियन क्यूबिक मीटर भूजल से अधिक था। परियोजना ने न केवल पानी की मांग और आपूर्ति के बीच के अंतर को कम किया है, बल्कि गड्ढ़ो में पानी की बढ़ोतरी भी हुई।

# राजेंद्र नगर उपचुनाव में नहीं दिखा वोटरों में उत्साह

● केवल 43.75 प्रतिशत लोगों ने किया मतदान, मतगणना 26 जून को होगी


पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में मतदाताओं में उत्साह नहीं दिखा। गुरुवार हो संपन्न हुए मतदान में 43फीसदी से अधिक वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यह वर्ष 2020 के चुनाव में हुए 58.27 प्रतिशत मतदान से काफी कम है। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि अंतिम मतदान प्रतिशत का आंकड़ा 43.75 रहा। मतगणना 26 जून को की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. रणबीर सिंह ने बताया कि राजेंद्र नगर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शुरू हुआ। सुबह फिल्म अभिनेत्री सोनम कपूर ने एक वीडियो संदेश जारी करते हुए, मतदाताओं से बढ़-चढ़कर अपने मताधिकारों का प्रयोग करने की अपील की। सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक करीब 442 बुजुर्गों पुरुषों और 658 महिलाओं ने पिक एंड ड्रॉप सुविधा का इस्तेमाल किया। उपचुनाव में कुल 1,64,698 मतदाता अपने मताधिकारों का प्रयोग करने के पात्र हैं। मतदान के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की छह टुकड़ियों को तैनात किया गया है। इस सीट से कुल 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशी के भारी मतों से जीत दर्ज करने की उम्मीद जताई है। आप ने दुर्गेश पाठक और भाजपा ने राजेश भाटिया को टिकट दिया है, जबकि कांग्रेस से प्रेम लता किस्मत आजमा रही हैं।

ज्ञात हो यह सीट आम आमदी पार्टी के लि प्रतिष्ठा की सीट है। इससे निगम चुनावों में लोगों के मूड को भांपा जाएगा।



अपनी बेटी के संग वोट डालने पहुंची महिला अंगुली पर लगा स्याही का निशान दिखाती हुई। फोटो: रंजन डिमरी।



पत्नी संग मतदान स्थल पहुंचे सांसद गौतम गंभीर




केंद्र के बाहर अपनी बारी का इंतजार करते लोग।

### 24 कोविड संक्रमित मतदाताओं ने डाले वोट

*नई दिल्ली। राजेंद्र नगर विधानसभा उपचुनाव में 24 कोविड-19 संक्रमित मतदातओं ने मतदान के आखिरी घंटे में अपने वोट डाले। इसके लिए उन्हें पीपीई किट पहन कर आने का निर्देश दिया गया था। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) डॉ. रणबीर सिंह ने कहा कि संक्रमित मतदाताओं को मतदान केंद्र लाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है। डॉ. रणबीर सिंह ने मीडिया से बातचीत में बताया कि महामारी फैलने के बाद राष्ट्रीय राजधानी में यह पहला चुनाव है। जिला प्रशासन ने ऐसे मतदाताओं की पहचान की है जो कोविड-19 से संक्रमित हैं, और उन्हें मतदान केंद्र पर लाया जाएगा। लेकिन उन्हें पूरी पीपीई किट पहनकर मतदान करने की इजाजत होगी। सिंह ने कहा सभी कर्मचारी भी प्रशिक्षित हैं और उन्हें संवेदनशील किया गया है और जब कोविड मरीज मतदान केंद्रों पर आने लगेंगे तो उन्हें भी पीटीई किट पहनने को कहा गया है। निर्धारित समय के अंत में सभी अन्य मतदाताओं से मतदान केंद्र खाली करने के लिए कहा गया और फिर कोविड संक्रमित मतदाताओं को वोट डालने की अनुमति दी गई।*

*आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर अब तक 24 प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें से आप के खिलाफ 13, भाजपा नौ, कांग्रेस एक प्राथमिकी दर्ज की गई।*

# रोहिणी में इमारत में लगी आग एक की मौत व छह को बचाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● दमकल की छह गाड़ियों ने आग पर काबू पाया

रोहिणी इलाके में बृहस्पतिवार शाम एक इमारत में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम छह लोगों को बचा लिया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि सेक्टर 5, पूठ कलां स्थित एक इमारत में आग लगने की सूचना शाम 3.57 बजे मिली।

दमकल की दस गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और शाम छह बजकर 45 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। दमकल विभाग के अधिकारियों ने कहा कि इमारत में एक तहखाना, भूतल और चार ऊपरी मंजिलें थीं। उन्होंने बताया कि तहखाने, भूतल और पहली मंजिल में जूता निर्माण-सह-भंडारण इकाई थी जबकि बाकी ऊपरी मंजिलों का इस्तेमाल आवासीय उद्देश्यों के लिए किया जा रहा था। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि अजय नाम के एक व्यक्ति का शव इमारत के भूतल से मिला है।

# निजी निकायों को बेचते थे शत्रु संपत्ति

● बुधवार को एलजी ने किए थे तीन अधिकारी निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने जिन तीन अधिकारियों को निलंबित किया है वह पिछले छह सालों से शत्रु संपत्तियों को निजी निकायों को बेच रहे थे। मामले की जानकारी अधिकारिक सूत्रों के हवालों से आई है। उन्होंने कहा कि उप राज्यपाल ने गृह मंत्रालय से इस मामले में एक अतिरिक्त जिलाधिकारी को निलंबित करने की भी सिफारिश की है। सक्सेना ने 21 जून को तीन अधिकारियों, दो उप संभागीय मजिस्ट्रेटों (एसडीएम) और मुख्यमंत्री कार्यालय के एक उप सचिव को निलंबित कर दिया था।

सूत्रों ने बताया कि ए सभी अलग-अलग समय पर एसडीएम अलीपुर के रूप में पदस्थ थे उन्होंने कथित तौर पर भारत सरकार के अधीन निष्क्रांत भूमि के स्वामित्व निजी निकायों को हस्तांतरित करने के आदेश दिए। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, चार अधिकारियों ने सरकारी भूमियों के भूमिदारी अधिकारी निजी निकायों को दिए थे जिसमें एक घोटाला हुआ।

उन्होंने कहा कि कथित जमीन उत्तर दिल्ली जिले के झंगोला गांव में रिफैत के बेटे करमू की थी जिसे इसके मालिक के पाकिस्तान जाने के बाद निष्क्रांत संपत्ति घोषित कर दिया गया था।

निलंबित अधिकारी हर्षित जैन, प्रकाश चंद ठाकुर और देवेंद्र शर्मा दिल्ली, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह सिविल सेवा (डेनिक्स) के अस्थाई अधिकारी थे। जैन और शर्मा एसडीएम थे, वहीं ठाकुर मुख्यमंत्री कार्यालय में उप सचिव के रूप में पदस्थ थे।



# बैंक के खाताधारकों से करते थे धोखाधड़ी, 3 जालसाज गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

● 12 सिम कार्ड, पांच मोबाइल फोन, आठ डेबिट कार्ड, दो फर्जी आधार कार्ड बरामद

फर्जी पहचान पत्र के आधार पर सिम कार्ड हासिल कर उसके जरिए कथित तौर पर सैकड़ों एचडीएफसी बैंक खाताधारकों से धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियों की पहचान सन्नी कुमार सिंह, कपिल और प्रवीण रमेश के रूप में हुई है। एक आरोपी राकेश फरार है। पुलिस उपायुक्त सागर सिंह कलसी ने बताया कि आरोपियों के पास से 12 सिम कार्ड, पांच मोबाइल फोन, आठ डेबिट कार्ड और दो फर्जी आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। इसके साथ ही फर्जीवाड़ा में इस्तेमाल तीन बैंक खातों की भी पहचान की गई है। उन्होंने बताया कि रुपयों के हस्तांतरण में इस्तेमाल दो फर्जी बैंक खातों की भी पहचान की गई है और उनकी जांच की जा रही है।

कलसी ने बताया कि सन्नी रोहिणी में बैंक के क्रेडिट कार्ड बिक्री विभाग में कार्य करता था और लोगों से उनके खातों से जुड़े फोन नंबर, ई-मेल, पते और पहचान पत्र की जानकारी हासिल करता था। इस बीच, कपिल, प्रवीण और राकेश इन जानकारियों के आधार पर फर्जी पहचान पत्र बनाते थे और उनके आधार पर खाते से जुड़े फोन नंबर का सिमकार्ड दोबारा जारी करवाते थे। पुलिस टीम करीब दो हफ्ते से मामले की छानबीन कर रही थी और आखिर में उनके रोहिणी के जैन नगर ठिकाने का पता लगाने में सफल रही।

# निगम उपायुक्त ने साफ-सफाई दुरुस्त करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निगम नजफगढ़ जोन के उपायुक्त प्रदीप कुमार ने आज नजफगढ़ में इस्सापुर क्षेत्र का दौरा किया और क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। अपने निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने धनसा, इस्सापुर, समसपुर और मलिकपुर गांव के रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनकी शिकायतों को सुना साथ ही उचित निवारण के निर्देश भी दिये।

प्रदीप कुमार ने क्षेत्र के नालों का निरीक्षण किया। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून के आने से पहले नालों व छोटी नालियों से गाद निकालने का काम पूरा हो गया हो, यह सुनिश्चित किया जाये ताकि बरसात होने पर जलभराव की स्थिति पैदा नहीं हो। इसके अलावा कुमार ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था से संबंधित जरूरी दिशा-निर्देश जारी किये। उन्होंने क्षेत्र में गलियों और नालियों की टूट-फूट दुरुस्त करने के को कहा।

उपायुक्त ने स्थानीय लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को सुना। लोगों को पर्यावरण सहायकों की बीट वार सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश दिये ताकि लोग सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवा सकें।

## प्रदूषण के खिलाफ जंग

# नवंबर से फरवरी तक दिल्ली में भारी वाहनों पर रोक

## आप सरकार ने पड़ोसी राज्यों को लिखा पत्र, केवल बीएस-6 बसों को ही मिलेगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



बढ़ते प्रदूषण पर लगात लगाने के मकसद से बड़ा कदम उठाते हुए दिल्ली सरकार ने नवंबर से फरवरी तक मझोले और भारी वाहनों के राजधानी में प्रवेश पर रोक लगा दी है।

ऐसे वाहनों के प्रवेश पर एक नवंबर से 28 फरवरी 2023 तक पाबंदी रहेगी क्योंकि वाहनों से फैलने वाले प्रदूषण से सर्दियों के महीनों में दिल्ली की आबोहवा जहरीली हो जाती है। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गत 15 जून को दिल्ली सरकार ने हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश समेत पड़ोसी राज्यों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद के लिए उनसे केवल बीएस-6 मानकों की बसों प्रदेश की अनुमति मिलेगी। अधिकारियों ने कहा कि यह अनुरोध शहर में वाहन से होने वाले प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए किया गया था क्योंकि यहां प्रदूषण में हरियाणा से आने वाली गाड़ियों का भी योगदान होता है। सरकार ने यह फैसला हर साल सर्दियों के मौसम में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए लिया। अक्टूबर-नवंबर से लोगों को गर्मी और उमस से हल्की रात दिन मिलने लगती है और मौसम में गुलाबी ठंड का अहसास होता है। सर्दियों के यह दिन ठंडक पहुंचाते हैं लेकिन इसी दौरान सबसे ज्यादा प्रदूषण की मार भी झेलनी पड़ती है।

ऐसे में दिल्ली सरकार ने पहले ही एहतियातन कदम उठाने शुरू कर दिया ताकि सर्दियों में प्रदूषण को फैलने से रोका जा सके। अक्टूबर से दिल्ली के आसपास के राज्यों में जलाई जाने वाली और भारी वाहनों की वजह से वायु प्रदूषण गंभीर स्थिति में पहुंच जाता है हालत इतनी खराब हो जाती लोगों को सांस लेने में तकलीफ होती है।


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्ज़दारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंबिका शर्मा/ विकास कुमार/ LBGHZ00002357988 | अपार्टमेंट नंबर 1632, 15वीं मंजिल टॉवर, शेरोन गौर सौंदर्यम, प्लॉट नंबर जीएच 05 सी, सेक्टर टेकज़ोन IV, ग्रेटर नोएडा, नोएडा/ जून 22, 2022 | दिसंबर 31, 2021 ₹ 64,38,608/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | दीपक/ प्रदीप कुमार/ LBFDB00003773248 | प्लॉट नंबर-578, सेक्टर-45, अर्बन एस्टेट, फरीदाबाद, हरियाणा/ जून 22, 2022 | अक्टूबर 16, 2021 ₹ 59,79,150/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | रवि शर्मा/ शालिनी शर्मा/ LBGUR00004518268/ LBGUR00004575606 | फ्लैट नंबर-704, टाइप ए, 7वीं मंजिल, दी प्रेम को-ऑपरेटिव ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी लिमिटेड, पार्ट-3, प्लॉट नंबर जीएच-12 ए सेक्टर 21 सी, फरीदाबाद, हरियाणा/ जून 22, 2022 | जनवरी 18, 2022 ₹ 57,17,032/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 4. | विजय कुमार/ रितु/ LBFDB00005117964 | फ्लैट नंबर-ए6-302, मंजिल-3 हैबिटेट-78, टावर ए6, सेक्टर 78, फरीदाबाद, हरियाणा/ जून 22, 2022 | जनवरी 31, 2022 ₹ 23,48,533/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जून 24, 2022
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

ICICI Bank

शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, शाल टॉवर न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

## सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-नीलामी

[ नियम 8 (6) का प्रावधान देखें ]

### अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिये ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियम, 2002 की धारा 8(6) के साथ अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रुप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शायी गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) के प्राधिकृरित अधिकारी द्वारा कर लिया गया है एंव दर्शाये विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है, जैसी है" एवं "जैसी है, वैसी है" एवं "जिस भी स्थीत में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिये प्रस्ताव आमंत्रित किये जा रहे है :-

| क्र. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | ऋणभारों सहित प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्ज़दार)/ राम देवी (सह कर्ज़दार) LBNOD0002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच- 24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 62,63, 311.89/- (जून 16, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | जुलाई 05, 2022 को सु.11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | जुलाई 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |
| 2. | संजीव चंदेल (कर्ज़दार)/ पल्लवी चंदेल (सह कर्ज़दार) LBNOD0002114485 | फ्लैट नंबर ए-2103, दूसरी मंजिल टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच -24, गाजियाबाद, यूपी क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | रू. 65,10, 741.85/- (जून 16, 2022 तक) | रू. 39,60,000/- / रू. 3,96,000/- | जुलाई 05, 2022 को सु.11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक | जुलाई 16, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 12:00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की, वेबसाइट **(URL Link https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **जुलाई 15, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिससे विफल रहने पर यह संरक्षित सम्पतियों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ करें) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावति की स्कैन इमेज सहित दिनांक- **जुलाई 15, 2022** तक **शाम 05.00** बजे से पूर्व जमा करे। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को दिनांक **जुलाई 15, 2022** को **शाम 05.00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट पे आर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शेडूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** शाखा में भुगतान हेतु होना चाहिए।

सम्पति अवलोकन, नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया "**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेडे** को फोन नंबर **9372730494/ 7304914763** या **मेसस नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** को फोन नंबर **9710029933/ 9810029926/ 01244233933** पर संपर्क करे।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसिया **1. मेसर्स नेक्सजेन साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड**" इस सम्पति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न है।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाये किसी एक अथवा अधिक निविदा अथवा बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते है। बिक्री की विस्तृत नियमो एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करे।

तिथि : जून 24, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जून, 2022



# सार्वजनिक सेवाएं किसी भी सूरत में नहीं होनी चाहिए प्रभावित : निगमायुक्त

## निगमायुक्त ने स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक में दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम में अधिकारियों की बैठक लेते निगमायुक्त मुकेश कुमार आहुजा।

**नगर** निगम गुरुग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा ने कहा कि सार्वजनिक सेवाएं जैसे सफाई किसी भी सूरत में प्रभावित नहीं होनी चाहिए। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रतिदिन सफाई व्यवस्था बेहतर हो। इसके लिए निगरानी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाएं। यह बातें उन्होंने गुरुवार को निगम की स्वच्छता शाखा के अधिकारियों के साथ बैठक की।

उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के लिए कार्य कर रहे कर्मचारियों तथा मशीनरी की प्रभावी निगरानी की जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि मौके पर किसी भी कारण से सफाई कार्य प्रभावित ना हो। सफाई के कार्य में लगी एजेंसियों में से जो भी एजेंसी सही तरीके से कार्य नहीं करवा पा रही है तो उसके खिलाफ नियमों के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त ने कहा कि स्वच्छता कार्य में लगी सभी मशीनरी जैसे जेसीबी, ट्रैक्टर-ट्रॉली आदि पर नगर निगम का लोगों होना चाहिए। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि इस मशीनरी के माध्यम से नगर निगम से ही संबंधित कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रात्रि के समय मुख्य सड़कों की सफाई के लिए लगी हुई स्वीपिंग मशीनों की निगरानी एवं चेकिंग भी प्रभावी तरीके से सुनिश्चित की जाए।

नगर निगम गुरुग्राम द्वारा 7 स्थानों पर बनाए गए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी के संचालन के बारे में निगमायुक्त ने कहा कि इनका संचालन करने के लिए इकोग्रीन एनर्जी को निर्देश दें। निगमायुक्त ने कहा कि सैनीटेशन विंग की स्पेशल स्क्वायड द्वारा सभी 614 बल्क वेस्ट जनरेटर को चैक करवाएं। जो ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की पालना नहीं कर रहे हैं, उनके नियमानुसार चालान करें।

# रक्तदान शिविर में 75 यूनिट रक्त दान हुआ



गुरुग्राम में रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते रविंद्र जैन।

**गुरुग्राम।** रोटरी क्लब साउथ सिटी की ओर से गुरुवार को कोर डायगनोस्टिक सेंटर में रक्त दान शिविर लगाया गया। इस शिविर में 75 यूनिट रक्त दान हुआ। यह रोटरी क्लब साउथ सिटी द्वारा लगातार लगाया गया 30वां कैंप था।

ब्लड बैंक के प्रधान मुकेश शर्मा और असिस्टेंट गवर्नर रविंद्र जैन ने इस शिविर में रक्त दाताओं को मेडल और प्रशंसा पत्र दिए। उन्होंने कहा कि रक्तदाता भविष्य में भी रक्त दान करें और दूसरों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करें। रक्तदान करना बहुत ही महत्वपूर्ण है। इंसान में रक्त की पूर्ति इंसान के रक्त से ही की जा सकती है। रक्त की गंभीरता को हम सबको समझना चाहिए। ब्लड बैंक से डा. महिमा ने कैंप की सफलता पर बधाई दी।

## संक्षिप्त समाचार

### ठाकुर बने पर्यावरण संरक्षण विभाग की कार्यकारिणी सदस्य



संतोष ठाकुर

**गुरुग्राम।** पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रदेश प्रभारी रविंदर बलियाला व प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल से विचार-विमर्श करके जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने संतोष ठाकुर को गुरुग्राम जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया है। जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि संगठन विस्तार के उद्देश्य से संतोष ठाकुर की नियुक्ति कार्यकारिणी सदस्य के रूप में की गई है। उम्मीद है कि वे भविष्य में भी पार्टी हित में और बेहतर कार्य करेंगे। संतोष ठाकुर को भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ हरियाणा के सदस्य बाली पंडित, जिला-सह संयोजक ईशु वाल्मीकि, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल, पयाज़्वरण संरक्षण विभाग हरियाणा भाजपा गुरुग्राम जिला संयोजक प्रवीण अग्रवाल, कमल शर्मा, राजेश बंसल, मोहित वत्स, डिम्पल राठी, कमांडर उदयवीर यादव, धर्मेंद्र शर्मा, हनीष केडिया, अजय राज, विहिप अध्यक्ष लोकेश नारंग, रिषी अग्रवाल, सुधीर कलसन, विजयपाल यादव, मनीष सौदा, श्रीराम वेल्फेयर सोसायटी के संस्थापक पंकज पाठक, योगेश शर्मा, एडवोकेट जय बक्शी, एडवोकेट साहिल शर्मा, प्रदेश किसान मोर्चा भाजपा के अध्यक्ष अत्तर सिंह संधू आदि ने बधाई दी है।

### युवक पर नेट चोरी का आरोप लगाकर चाकू से किया हमला

**सोहना।** युवक पर सात लड़कों ने नेट चोरी का आरोप लगाते हुए लोहे की रॉड, पाइप, डंडा और चाकू से हमला करके घायल कर दिया। सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ शहर थाना सोहना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सदर थाना सोहना को गांव अभयपुर निवासी कृष्ण ने पुलिस को बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव से खाईका रात करीब 8 बजे बॉलीवाल खेलने के लिए जा रहा था। खाईका के पास बना मंदिर के निकट उसे नीरज, यशपाल और भारत मिले। जिन्होंने उसे पहले रोका। उसके बाद नीरज ने उसे बॉलीवाल का नेट चोरी करने का आरोप लगाते हुए थप्पड़ मारा। उसने नेट चोरी न करने की बात कही। कुछ समय के बाद नीरज, यशपाल, भारत, ऋतिक, निखिल उर्फ निक्कू, सुन्दर, नितिन गाड़ी और स्कूटी पर सवार होकर आए। जिनके हाथों में लोहे की रॉड, डंडा थे। जिन्होंने बॉलीवाल खेलते हुए उसके ऊपर हमला कर दिया। इस दौरान नीरज ने हाथ में लिए चाकू से उसके सिर के ऊपर जोरदार वार किया। जिससे उसके सिर में गहरा जख्म बन गया। सभी युवक उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए वहां से चले गए।

### लूट की योजना बनाते हुए तीन गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्यवाही करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी सब इंस्पेक्टर जगमिंदर की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी बलवीर पर्वती कॉलोनी का, आरोपी प्रिंस और लक्ष्य संजय कॉलोनी के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच टीम ने अपने सूत्रों के माध्यम से तीनों आरोपियों को थाना सेक्टर 58 के क्षेत्र से लूट की योजना बनाते हुए अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपियों की तलाशी लेने पर आरोपी प्रिंस से बटन दार चाकू, आरोपी बलवीर और लक्ष्य से लोहे की 2 रोड बरामद कर थाना सेक्टर 58 में लूट की योजना बनाने व अवैध हथियार की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है।

### 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों का नंद घर के रूप में नवीनीकरण



**फरीदाबाद।** लघु सचिवालय सेक्टर-12 फरीदाबाद में केंद्रीय भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर की अध्यक्षता में महिला एंव बाल विकास विभाग व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन, के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए जिसके अंतर्गत जिला के 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों का नंद घर के रूप में नवीनीकरण किया जाएगा। इस दौरान महिला एंव बाल विकास विभाग की तरफ से कार्यक्रम अधिकारी मिनाक्षी चौधरी व अनिल अग्रवाल फाउंडेशन की तरफ से खुर्रम नायाब हेड ऑपरेशन ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि इन सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों के आधारभूत ढांचे को मजबूत व इनका नवीनीकरण किया जाएगा। साथ ही केन्द्रों के आस-पास के क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों के पोषण एवं स्वास्थ्य को बेहतर व उन्नत बनाने के लिय कार्य किए जाएँगे। जिले के तीन खंड एनआईटी-2, फरीदाबाद ग्रामीण, बल्लभगढ़ ग्रामीण के कुल 25 आंगनबाड़ी केन्द्रों में वॉल पेंटिंग, टयुबलाइट, एलईडी टीवी, विनायल फ्लोरिंग, बिजली, पानी व अन्य कोई भी आवश्यक मरम्मत आदि अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा करवाई जाएगी। इसके साथ-साथ इ-लर्निंग हेतु आंगनबाड़ी वर्कर का प्रशिक्षण व हेल्थ वर्कर का उचित कार्य के लिय सहयोग आदि जनहित के कार्य भी संस्था करेगी। आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों व महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए यह सभी सुविधाएं काफी लाभकारी रहेंगी। इस कार्यक्रम में उपायुक्त जितेंद्र यादव, विधायक नीरज शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीनाक्षी चौधरी, जिला संयोजक गीतिका, सहायक सुषमा, खुर्रम नायाब हेड ऑपरेशन, प्रोजेक्ट नन्द घर, वेदांत लिमिटेड, महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता गाबा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरुग्राम में जलभराव की समस्या और लचर है सफाई व्यवस्था



वार्ड-15 में जनता दरबार में लोगों की समस्याएं सुनते विधायक सुधीर सिंगला।

## जनता दरबार में विधायक के समक्ष लोगों ने अधिकतर इसी तरह की समस्या रखी

## वार्ड-15 में लगे जनता दरबार में आई 8 समस्याएं

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम विधानसभा में आमजन की जनसमस्याओं की सुनवाई व मौके पर ही उनके निस्तारण को लेकर गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने विधायक आपके द्वार कार्यक्रम के तहत वार्ड-15 में जनता दरबार लगाया। उन्होंने यहां लोगों की समस्याएं सुनी। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में यह कार्यक्रम सेक्टर-4 स्थित सामुदायिक केंद्र भवन में आयोजित किया गया।

विधायक सुधीर सिंगला ने बताया कि वार्ड-15 में आयोजित जनता दरबार में आज सेक्टर 4 व 7, सेक्टर 7 एक्सटेंशन, कृष्णा कॉलोनी व न्यू कॉलोनी से आए दर्जनों लोगों ने उनके समक्ष करीब 80 समस्याएं रखी, जिसमें अधिकतर समस्याएं जलभराव व सफाई व्यवस्था से संबंधित थी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए श्री सिंगला ने अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। वहीं कुछ समस्याओं के समाधान के लिए समय सीमा तय करते हुए उनकी समस्या का निदान करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनसंख्या की दृष्टि से गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र प्रदेश की सबसे बड़ी विधानसभा है, लेकिन जिस तीव्र गति से वे जनता दरबार लगाकर लोगों की जनसमस्याओं का निवारण कर रहे है, शायद ही पूर्व में किसी ने ऐसे कार्यक्रम किए हों।

गौरतलब है कि विधायक श्री सिंगला द्वारा गुरुग्राम विधानसभा में प्रत्येक गुरुवार को वार्ड अनुसार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं, जिसमें आमजन की छोटी समस्याओं को प्रारंभिक स्तर पर निपटारा करने के साथ-साथ अन्य समस्याओं के लिए भी संबधित अधिकारियों की जवाबदेही तय कर उसके निवारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। श्री सिंगला ने कहा कि उनकी विधानसभा में नगर निगम के 16 वार्ड हैं, जिसमें नए गुरुग्राम व पुराने गुरुग्राम में क्रम अनुसार जनता दरबार लगाए जा रहे हैं। विधानसभा के सभी वार्डों में जनता दरबार आयोजित करने में करीब छह महीने का समय लगेगा।

एक बार सभी वार्डो का क्रम पूरा होने पर पुन: इसी क्रम में फिर से सभी वार्ड में जनता दरबार आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान नई समस्याओं की सुनवाई के साथ साथ जनता दरबार में पूर्व में सुनी गई समस्याओं व उसके निवारण की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम विधानसभा के लोगों की समस्याओं का समाधान करना उनकी प्राथमिकता है। यदि कोई नागरिक अन्य दिनों में अपनी फरियाद लेकर आना चाहे तो वे प्रत्येक शुक्रवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच शमा टुरिस्ट कॉम्प्लेक्स के सामने अपने कार्यालय में जन समस्याओं की सुनवाई करते हैं। इस अवसर पर वार्ड-15 की पार्षद सीमा पाहुजा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जिलास्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा, दुर्घटना संभावित स्थलों का करें सुधारीकरण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



सेक्टर 12 में आयोजित बैठक को संबोधित करते केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर।

**केंद्रीय** भारी उद्योग एवं ऊर्जा राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए दुर्घटना संभावित स्थलों के सुधारीकरण के निर्देश दिए। साथ ही हर सड़क का नियमित निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत करने को भी कहा। उन्होंने कहा कि जिला में जो सड़क मार्ग दुर्घटनाओं की दृष्टि से संवेदनशील हैं, उन स्थानों पर शीघ्र ही साइनबोर्ड व क्रैश बैरियर लगाने के साथ ही उनका ट्रीटमेंट भी शुरू करें।

केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने गुरुवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार हॉल में सड़क सुरक्षा समिति के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। केंद्रीय राज्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एनएच और संपर्क मार्गो में कुछ दुर्घटना संभावित स्थल चिन्हित हैं। इनका सुधारीकरण करते हुए साल में एक बार सड़कों और पुलों का निरीक्षण जरूर करें। ऐसे में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाए। साथ ही सड़कों पर अवैध रूप से निर्माण सामग्री रखने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने एआरटीओ को दुर्घटनाओं की तकनीकी जानकारी के लिए समय से मौके पर टेक्नीशियन भेजने को कहा। ताकि दुर्घटनाओं की मजिस्ट्रेट जांच समय से पूरी हो सके। इसके साथ उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में मदद करने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन के तहत पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक में बताया गया कि पिछले कुछ दिनों में कुल 35 सड़क दुर्घटनाओं में 17 लोगों की मौत हुई थी। जबकि 12 घायल हुए। बैठक में परिवहन विभाग द्वारा बताया गया कि जिला में ऐसे काफी क्षेत्र हैं जो दुर्घटनाओं के लिहाज से काफी संवदेनशील है।

# सड़क किनारे खड़े ट्रोला से टकराए बाइक सवार की मौत

**सोहना।** पलवल-सोहना मार्ग पर गांव लाखूवास के पास सड़क किनारे खड़ा ट्रोला से बाइक टकराने से उस पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। आरोपी अज्ञात चालक मौके पर अपने ट्रोला को छोड़कर फ रार हो गया। पुलिस ने ट्रोला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

जिला नूंह थाना तावडू का गांव पाटुका निवासी हाफिज ने शहर थाना पुलिस को बताया कि बुधवार की रात करीब सवा नौ बजे उसका ससुर और वह अपनी-अपनी बाइक पर फ रीदाबाद रिश्तेदारी में जा रहे थे। उसका ससुर जाकिर निवासी गांव सुकपुरी जिला नूंह उससे आगे चल रहा था। जब वे पलवल मार्ग पर गांव लाखूवास के निकट पहुंचे। वहा पर सड़क किनारे एक ट्रोला खड़ा था। जिससे उसके ससुर की बाइक टकरा गई। ससुर जाकिर को गंभीर हालत में नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया। जहां से डॉक्टरों ने गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया।

# अग्निवीर के नाम पर फौजियों को गुलाम बनाना चाहती है सरकार : नवीन जयहिन्द

## मांग उठाई, कश्मीरी हिंदुओं को एके-47 दे सरकार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में पत्रकारों से बात करते नवीन जयहिंद।

**आम** आदमी पार्टी के पूर्व हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष नवीन जयहिन्द ने 26 जून को दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंचने का गुरुवार को गुरुग्राम में आकर आह्वान किया। यहां पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि उन्होंने सभी 37 बिरादरियों को मीडिया के माध्यम से उनकी ताकत का अहसास कराया। समाज की 37 बिरादरी कमजोर नहीं हैं। इसके लिए 26 जून को दिल्ली जंतर-मंतर पर पहुंचकर अपनी ताकत का अहसास सरकार को करवाएं।

हर रोज कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा किसी न किसी हिन्दू ओर कश्मीरी पंडितों की हत्या की जा रही हैं। केंद्र की मोदी सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई हैं कश्मीरी पंडितों ओर वहां रह रहे हिन्दुओं के लिए कुछ नहीं कर रही है। जिससे कश्मीरी पंडित कश्मीर से पलायन करने को मजबूर हैं। जयहिन्द ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर जवानों को अग्निपथ के तहत चार साल नौकरी करने बाद उन्हें वापस आने पर सरकारी नौकरी देने की बात कह रहे है। हम मुख्यमंत्री से यह पूछना चाहते है कि जवानों को फौज में ही पक्की अथवा सरकारी नौकरी क्यों नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि सीएम मनोहर लाल हमेशा के लिए मुख्यमंत्री नहीं रहेंगे, जो वे चार साल बाद जवानों को नौकरी का वादा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पहले जो वादे किए हैं, उन्हें पूरा करके दिखाए। जयहिन्द ने कहा कि अगर अग्निपथ योजना इतनी ही अच्छी है तो सभी नेता व मंत्री अपने-अपने बच्चों को फौज में भर्ती करवाए। सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर युवाओं के भविष्य के साथ भद्दा मजाक किया हैं। युवा केवल पैसों के लिए फौज में नहीं जाते, बल्कि युवाओं में देश सेवा का जुनून होता हैं।

जयहिन्द ने कहा कि देश के सांसद विधायक या मंत्री घर बैठकर कश्मीर के हिन्दुओं के पलायन पर ट्वीट कर देते हैं। यह बहुत बड़ी शर्मनाक बात हैं। अगर वास्तव में सांसद, विधायक कश्मीरी हिन्दुओं का भला चाहते हैं तो कश्मीर के लाल चौक पर जाकर एक घण्टा फेसबुक लाइव करें, तब वास्तव में देश को अहसास होगा कि देश के सांसद विधायक कश्मीरी हिन्दुओं के प्रति जवाबदेह हैं। फेसबुक लाइव करने वाले सांसद विधायकों को एक लाख रुपये इनाम देने के साथ-साथ उन्हें लाल चौक पर होटल में ही ठहरने का खर्च देंगे।

# गुरुग्राम में आलीशान और नगीना में जर्जर है सहकारी बैंक की बिल्डिंग

## भय के साये में रहते हैं कर्मचारी और वहां आने वाले किसान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



नगीना में दी गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की बिल्डिंग, बदहाल दरवाजा व दीवारें।

**दी** गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड की गुड़गांव में तो बिल्डिंग आलीशन है, लेकिन नूंह जिला के नगीना में बैंक की बिल्डिंग की हालत जर्जर है। यहां कर्मचारी, अधिकारी भय के साये में रहते हैं। उनका कहना है कि कभी भी यहां पर बड़ा हादसा हो सकता है, क्योंकि यह बिल्डिंग बहुत पुरानी हो चुकी है।

नगीना में दी गुड़गांव केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड गुड़गांवा की इमारत को देखने से ही पता चल जाता है कि यह इमारत काफी पुरानी हो चुकी है। इसके दरवाजे खराब हो चुके हैं। छत और दीवारों से सीमेंट उतर चुकी है। यहां के स्लैब पर रखी फाइलें तक खराब हो रही हैं। इस बिल्डिंग में बैंक के कार्यालय में काम करने वाले कर्मचारियों की हालत खराब रहती है। वे यहां पर भय के साये में रहते हैं। उन्हें काम से अधिक चिंता इस बात की रहती है कि यहां कभी कोई हादसा ना हो जाए। कर्मचारियों ने बताया कि वे एक तरह से मौत के साये में यहां काम करते हैं। वे मजबूर हैं। यह इमारत कभी भी गिर सकती है। कर्मचारियों के साथ बैंक में आने वाले किसानों ने भी मांग की है कि इस बिल्डिंग की जगह नई बिल्डिंग बनाई जाए। तब तक इस कार्यालय को यहां से शिफ्ट किया जाए। बैंक प्रबंधन की ओर से इस पर कोई खास ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार इस बाबत बैंक प्रबंधन को सूचित किया जा चुका है।

### कार्यालय शिफ्ट करने की हो रही है तैयारी : जीएम

**इस** बारे में महाप्रबंधक सुशील पातड़ से बात की गई। उन्होंने कहा कि इस इमारत को लेकर जानकारी है। बड़कली चौक पर इमारत किराए पर लेने की बात चल रही है। निकट भविष्य में वहां पर शिफ्ट किया जाएगा। जो इमारतें देखी हैं, उनकी वेरिफिकेशन के लिए टीम बनाई है, इसमें स्थापना अधिकारी रमेश कुमार, लेखाकार बाबूलाल शामिल हैं।

# अब पुलिस सुरक्षा के साथ अवैध पानी के कनेक्शन काटेगा जीएमडीए

**गुरुग्राम।** यहां शीतला कॉलोनी फेज-2 गली नंबर-5 में भीड़ द्वारा मारपीट किए जाने के कुछ दिनों बाद गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवेलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) के अधिकारियों ने पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) को पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता के संबंध में पत्र लिखा है।

अधिकारियों का कहना है कि अवैध कनेक्शन काटने जाने के लिए जीएमडीए की एक टीम शनिवार को कॉलोनी में अवैध पानी के कनेक्शन को हटाने गई थी, जब निवासियों ने उनके साथ मारपीट की। टीम को बिना किसी कार्रवाई के वापस लौटना पड़ा। अब जीएमडीए की ओर से भविष्य में कनेक्शन काटने की कार्रवाई के दौरान ऐहतियात बरती जा रही है। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता अभिनव वर्मा ने कहा कि जीएमडीए की टीम पर भीड़ हमला ना कर दे, इसलिए पुलिस सुरक्षा जरूरी है। अवैध पानी के कनेक्शन काटने के दौरान कानून और व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए पुलिस को पत्र लिखा है। जल्द ही अवैध पानी कनेक्शन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जीएमडीए ने पत्र में कहा है कि पालम विहार (सेक्टर -5 रोटरी से रेजंगला चौक) और शीतला माता मंदिर रोड पर जीएमडीए की मास्टर जलापूर्ति लाइन पर विभिन्न व्यक्तियों द्वारा कई अवैध कनेक्शन किए गए हैं। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जीएमडीए ने निर्देश दिया है गैर-राजस्व जल (एनआरडब्ल्यू) को कम करने के लिए सभी अवैध कनेक्शन काटे जाएं। इन अवैध कनेक्शनों के काटने के दौरान आम जनता द्वारा काम में बाधा डाली जा सकती है। इसलिए पुलिस बल की आवश्यकता है।

बता दें कि 17 जून को जब संज्ञान में आया था कि एक इलाके का रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) कथित तौर पर जीएमडीए की मास्टर पाइपलाइन से अवैध रूप से पानी निकाल रहा है। पालम विहार, कार्टरपुरी और डूंडाहेड़ा में पानी की आपूर्ति को बाधित कर रहा है। तब जीएमडीए ने इस पर गंभीरता दिखाई। आसपास के दुकानदारों ने भी नाम न छापने की शर्त पर जानकारी दी थी कि इलाके के निवासियों ने उनसे प्रति पानी के कनेक्शन के लिए 8,000 से 10,000 रुपये तक की वसूली की है।

# अमेजन ने केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट को आमंत्रित की प्रविष्टियां

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**अमेज़न** इंडिया ने गुरुवार अपने वार्षिक किंडल डायरेक्ट पब्लिशिंग (केडीपी) फ्लैगशिप इवेंट, पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवें संस्करण का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता के साथ, अमेज़न लेखकों को अंग्रेजी, हिंदी और तमिल भाषाओं में मूल और अप्रकाशित प्रविष्टियां जमा करने के लिए आमंत्रित करता है।

यहां एक प्रतिष्ठित निर्णायक पैनल प्रविष्टियों का विश्लेषण करेगा। यहां हिंदी प्रविष्टियों के लिए सत्य व्यास और विजय काकवानी, अंग्रेजी प्रविष्टियों के लिए सुदीप नागरकर और सुधा नायर और तमिल प्रविष्टियों के लिए नागा चोकन मूल्यांकन करेंगे। इच्छुक नवोदित लेखक केडीपी सर्विस का उपयोग कर 5,000 शब्दों से अधिक की अपनी ई-पुस्तक को स्वयं प्रकाशित कर प्रतियोगिता में अपना नामांकन करा सकते हैं। प्रतिभागी यहां अपनी प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं, जिन्हें 10 जुलाई 2022 से 10 सितंबर 2022 तक मौलिकता, रचनात्मकता, लेखन की गुणवत्ता और ग्राहकों की प्रतिक्रिया सहित कई मानदंडों पर आंका जाएगा। प्रतियोगिता के पिछले संस्करणों के विपरीत, इस वर्ष प्रत्येक भाषा में शीर्ष 10 प्रविष्टियों को नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

विजयी प्रविष्टि को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा, जबकि प्रथम उपविजेता को 50,000 और द्वितीय उपविजेता को 30,000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। शीर्ष 10 में से अन्य सात प्रतिभागियों में प्रत्येक को 10,000 की राशि प्रदान की जाएगी। लॉन्च के मौके पर अपने विचार साझा करते हुए, अमोल गुरुवारा, डायरेक्टर किंडल कंटेंट-इंडिया, अमेजन ने कहा, पेन टू पब्लिश के चौथे संस्करण ने हमारी उम्मीदों को और भी बढ़ा दिया है। इसने हमें इस वार्षिक प्रतियोगिता को आगे भी जारी रखने के लिए प्रोत्साहित किया है। सेल्फ-पब्लिशिंग के माध्यम से सभी क्षेत्रों के लेखकों को सशक्त बनाने और उन्हें ऑथरप्रिनियोर बनने में मदद करने के अपने वादे को आगे बढ़ाते हुए, हमें इस पांचवें संस्करण की घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है। हमारा उद्देश्य उत्साही लेखकों को अपने काम को सेल्फ पब्लिश कर अपने लेखन के जुनून को करियर में बदलने के लिए प्रोत्साहित करना है। इस वर्ष भी हमें पहले से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त होने की उम्मीद है। सत्य व्यास, लेखक एवं केडीपी पेन टू पब्लिश कॉन्टेस्ट के पांचवे संस्करण के जूरी सदस्य – हिंदी भाषा कहते हैं, दुनिया भर के लेखकों ने केडीपी के माध्यम से अपने काम को प्रकाशित कर लेखन का सफल करियर बनाया है। मैं इस साल पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं, और हिंदी में कुछ ऐसे रोमांचक काम पढ़ने के लिए उत्साहित हूं, जो आगे चलकर हिंदी साहित्य के बड़े कैनवास में अपना योगदान देगा। पेन टू पब्लिश प्रतियोगिता के चौथे संस्करण की विजेता दीप्ति मित्तल कहती हैं, जब मैंने पिछले साल प्रतियोगिता में भाग लिया, तो यह सेल्फ-पब्लिशिंग में मेरा पहला अनुभव था। मुझे यह जानकर आश्चर्य हुआ कि कैसे केडीपी ने इस प्रक्रिया को बेहद आसान बना दिया है और इसकी मदद से मुझे मेरी किताब के लिए एक बड़ी संख्या प्राप्त में पाठक प्राप्त हुए।

# हौंसले को सलाम : प्रताड़ना और बीमारी से हन्नी ने नहीं मानी हार

कविता। फरीदाबाद

यदि इंसान में हौंसला हो तो परेशानियां उसकी कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती है। यह साबित कर दिखाया है शहर में रहने वाली 27 वर्षीय महिला हन्नी ने। ससुराल वालों की प्रताड़ना से ससुराल छूटा तो बच्चों को लेकर यहां आ गई। यहां लंबे संघर्ष और मेहनत के दौरान वह टीबी की बीमारी का शिकार हो गई। लेकिन उसने हिम्मत से काम लेते हुए इलाज करवाया और बीमारी को मात दे दी।

**संघर्ष की कहानी :** मूलरूप से बलिया की रहने वाली 27 वर्षीय हन्नी तिवारी ने बताया कि उसकी शादी कम उम्र में हुई थी। शादी के पांच साल बाद उसने बेटी को जन्म दिया। जिसके बाद पति दहेज के लिए उसे प्रताड़ित करने लगा। मायके वालों के असमर्थता जताने पर ससुराल वालों ने उसे घर से निकाल दिया।

उसी दौरान उसके बड़े भाई की मौत हुई थी। ऐसे में वह मायके वालों पर बोझ नहीं बनना चाहती थी। वह बेटी को लेकर काम की



हन्नी तिवारी

तलाश में फरीदाबाद आ गई। यहां उसके भाई के दोस्तों ने बर्तन धोने के काम पर लगवा दिया। यह नौकरी छूटी तो वह बीके अस्पताल की कैंटीन में तीन समय के भोजन और बच्ची के दूध की मजदूरी पर काम करने लगी। कुछ समय बाद उसने निर्माणाधीन बिल्डिंग में बेलदारी की।

ऐसे में कुपोषण के कारण एनीमिया का शिकार होने पर निर्माण सुपरवाइजर गोपाल उसे बीके में दाखिल कराया। स्वस्थ्य होने पर उसने होटल, अस्पताल, पीजा शोप, घरेलू नौकरी का काम किया। अंत में वह एक अस्पताल की मदद से केयर टेकर बनकर मरीजों को उनके घर में देखभाल करने लगी। अच्छी आमदनी होने पर उसने किराये का कमरा ले लिया। लेकिन लॉकडाउन में उसे काम मिलना बंद हो गया। बिना काम के भोजन जुटना मुश्किल हो गया तो वह बीमार पड़ गई। मकान मालकिन द्वारा जांच करवाने पर पता चला कि उसे क्षयरोग है।

**तीन साल से क्षयरोगी :** बीके अस्पताल के डॉ. योगेश ने इलाज शुरू कर दिया। जहां उसे दवाईयां खेड़ी से ही लेते रहने को कहा, वहां सतवीर और चिकित्सकों ने मदद की। वहीं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. शीला भगत, सुभाष, बिजेन्द्र, हरेन्द्र ने मदद की। वहीं सूर्या ओर्थो अस्पताल के दुर्गेश और जसवंत ने मदद दी। एक साल दवा खाई और ठीक हो गई। छत्तरपुर में काम मिला, तो वहां बीमार हो गई। बीके अस्पताल के डॉ. मोहित ने बताया कि एमडीआर टीबी हो गई है। जिस पर उन्होंने महरौली के लिए रेफर कर दिया। लंबे इलाज के बाद वह ठीक हो चुकी है। फिलहाल वह अब अपोलो अस्पताल की तरफ से एक पैरालाइज मरीज की केयर टेकर के रूप में काम कर रही है।

# बिजली वितरण की 2050 को लेकर तैयार करें कार्ययोजना : कृष्णपाल गुर्जर

## जिला विकास एवं कार्डिनेशन मानिटरिंग कमेटी की मीटिंग में की शहर की विकास योजनाओं की समीक्षा करने के बाद कहा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद शहर देश के विकासशील शहरों में शामिल है और आने वाले समय में शहर में नए क्षेत्र भी विकसित होंगे। ऐसे में बिजली इंफ्रास्ट्रक्चर सहित सभी बुनियादी सुविधाओं को लेकर 2050 व आगामी वर्षों तक की कार्ययोजना तैयार करें। केंद्रीय राज्यमंत्री गुरुवार को जिला विकास एवं कार्डिनेशन मानिटरिंग कमेटी (दिशा) की मीटिंग में जिला के विकास कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री ने शहर में लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं समय पर मुहैया करवाना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने शहर में चल रहे कई निर्माण




अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर

कार्यों में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने शहर में एफएमडीए, नगर निगम, स्मार्ट सिटी व अन्य विकास एजेंसियों द्वारा करवाए जा रहे सभी कार्यों की क्रमश: समीक्षा की और उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए। बाईपास पर दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे के निर्माण के दौरान सीवर व पानी लाईनों की शिफ्टिंग में आ रही दिक्कतों को लेकर भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए।

मीटिंग में उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई व दिल्ली मैट्रो के अधिकारी मिलकर एक कार्ययोजना तैयार करें। इस कार्ययोजना में पौधरोपण से लेकर अन्य कार्य शामिल हैं। उन्होंने बरसाती पानी की निकासी को लेकर भी एनएचएआई अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने बताया कि शहर में स्मार्टसिटी द्वारा अलग-अलग 44 कार्य अलॉट किए गए हैं। इसके साथ ही बीएंडआर के भी 44 कार्य अलाट हैं और इनमें से 42 पूरे कर लिए गए हैं। इस दौरान उन्होंने सेक्टर-31 स्टेडियम को भी जल्द से जल्द खेल विभाग को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए अगले सप्ताह में उपायुक्त, एचएसवीपी प्रशासक, खेल विभाग व अन्य संबंधित अधिकारी परिसर का दौरा करेंगे और जो भी काम बाकी हैं उनकी जानकारी लेंगे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मंझावली पुल को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से जानकारी ली । इस पर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने बताया कि पुल के निर्माण में आखिरी स्पैन के निर्माण का कार्य चल रहा है। दोनों तरफ रोड के लिए पेड़ कटाई का काम जल्द शुरू हो जाएगा।

मीटिंग में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जनवरी 2023 तक पुल को ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा। इसके साथ ही पाली रोड पर पानी भरने की समस्या पर रिलायंस कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह जल्द से जल्द समस्या का समाधान निकालें। इसके अलावा भी मीटिंग में सड़क सुरक्षा सहित कई अन्य विषयों पर चर्चा हुई। मीटिंग में विधायक नीरज शर्मा, उपायुक्त जितेंद्र यादव, एचएसवीपी प्रशासक जितेंद्र दहिया, नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अभिषेक मीणा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

# 19 लाख के गबन में बिजली निगम का कैशियर गिरफ्तार

## आरोपी का नाम है बुध सिंह : प्रवक्ता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा-निर्देश तथा डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादियान के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए अपराध शाखा 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम ने फरार चल रहे बिजली विभाग के कैशियर को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बुध सिंह है। जो हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के चूल्हा गांव का रहने वाला है। दिसंबर 2018 बुध सिंह की नियुक्ति फरीदाबाद के बदरोला बिजली विभाग कार्यालय में कैशियर के पद पर हुई थी। जो जनवरी 2021 तक वहां पर तैनात रहा। विभाग का ऑडिट हुआ तो वर्ष 2019 तथा 2020 की केशबुक गायब मिली तथा ऑडिट के दौरान करीब 1937101 रुपये का गबन पाया गया। गबन पाए जाने पर बिजली विभाग एक्सईएन के माध्यम से पुलिस थाना तिगांव में दिनांक 18 अक्टूबर 2021 को मुकदमा दर्ज किया गया। बुध सिंह का तबादला सिरसा के नाथूसरी कर दिया गया। आरोपी ने सिरसा में अपनी ड्यूटी ज्वाइन नहीं की और वहीं से फरार हो गया। मामले में आगे की कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 65 प्रभारी ब्रह्म प्रकाश की टीम में शामिल सब इंस्पेक्टर सुरेश, हवलदार दिनेश तथा सिपाही राहुल की टीम ने कल आरोपी को फरीदाबाद के सेक्टर 23 से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह हरियाणा बिजली विभाग में 24 फरवरी 1992 को भर्ती हुआ था। 2018 में बदरोला कार्यालय में कैशियर के पद पर नियुक्ति होने के बाद बिजली विभाग में आम जनता का बिजली बिल जमा करने व विभाग के सम्बंधित कैश का इन्चार्ज होते हुए लालच में आकर उसने लाखों रुपये का गबन करके कैश बुक को गायब कर दिया ताकि कोई सबूत ना मिल सके। आरोपी को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा जिसमें मामले में गहनता से पूछताछ करके आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



गबन के आरोप में गिरफ्तार बुध सिंह।

# स्वस्थ महिला सशक्त राष्ट्र पर संगोष्ठी का आयोजन



अग्रवाल कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते प्रिंसीपल डा. केके गुप्ता।

फरीदाबाद। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में महिला प्रकोष्ठ एवं शिक्षा स्वास्थ्य न्यास व भाभी मां ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका मूल विषय स्वस्थ महिला-सशक्त राष्ट्र था। जिसका उप-विषय किशोरावस्था से प्रौढ़ावस्था तक रक्त अल्पता के लक्षण और बचाव था।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ कृष्ण कांत गुप्ता की सदप्रेरणा से महाविद्यालय में छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आर्थिक विकास हेतु अनेकानेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी श्रृंखला में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं विकास के लिए यह संगोष्ठी आयोजित की गई। आज की युवा छात्राएं आने वाले भविष्य की निर्माता हैं, परंतु शारीरिक रूप से कुपोषण एवं एनीमिया (खून की कमी) के कारण छात्राओं का समुचित विकास नहीं हो पा रहा है। इस पर चिंतनीय विषय है। इस संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अतुल कोठारी जी मुख्य वक्ता के रूप में डॉ उमा कुमार आचार्य एवं अध्यक्ष गठिया रोग विभाग (एम्स, नई दिल्ली) एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में निष्ठा अग्रवाल फरीदाबाद उपस्थित रहे।

# एआईएफओएम ने कराए 100 से ज्यादा एमएसएमई इकाईयों के पंजीकरण

## एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला फरीदाबाद एमएसएमई रहे आयोजन में सहयोगी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई ने गुरुवार को जिला एमएसएमई केंद्र के नीलम चौक स्थित कार्यालय पर एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला एमएसएमई फरीदाबाद के तत्वावधान में पंजीकरण कैम्प का आयोजन किया। आयोजित शिविर में 100 से अधिक उद्यमियों ने इकाइयों का पंजीकरण कराया। ये उद्यमी तकनीकी जानकारी के अभाव में काफी दिनों से पंजीकरण नहीं करा पा रहे थे। अब पंजीकरण के बाद सौ से अधिक उद्यमियों ने राहत की सांस ली है।

आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई के द्वारा आयोजित जिला




एमएसएमई केंद्र के नीलम चौक स्थित कार्यालय में कैम्प पर सुबह साढ़े दस बजे से ही उद्यमियों की भारी भीड़ जुटने लगी। इन उद्यमियों का एमएसएमई विकास संस्थान ओखला, नई दिल्ली और जिला एमएसएमई इकाई के सहयोग से तकनीकी विशेषज्ञों ने पंजीकरण किया।

एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर और राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी ने एमएसएमई उद्यमियों को भरोसा दिलाया गया कि आल इंडिया फोरम आफ एमएसएमई के मार्गदर्शन में शिविरों का आयोजन उनकी सुविधार्थ होता रहेगा। शिविर के आयोजन में एआईएफओएम के नेशनल डायरेक्टर आफ एमएसएमई एंड स्टार्टअप डा केके गोयल, एआईएफओएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर कपूर, राष्ट्रीय महासचिव अनिल चौधरी, जिला फरीदाबाद के एमएसएमई के अध्यक्ष जितेंद्र शाह के साथ-साथ वीके गुप्ता, जितेंद्र शाह गुप्ता, नीरज शर्मा, मनीष मलहोत्रा, राजपाल यादव, अवतार सिंह, राज श्रीवास्तव, दीपक भाटिया और संदीप नागर आदि समेत कार्यालय के कर्मचारी शामिल रहे।

# जूनियर रेडक्रॉस ने मनाया संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस

फरीदाबाद। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण को पहचानना और विकास प्रक्रिया में लोक सेवा के योगदान के बारे में बताना है। विद्यालय की जूनियर रेडक्रॉस और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस प्रत्येक वर्ष 23 जून को मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 2003 के प्रस्ताव 57/277 में नामित किया गया था इसका उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण को पहचानना और विकास प्रक्रिया में लोक सेवा के योगदान के बारे में बताना है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा और एक्टिविटिज कॉर्डिनेटर प्राध्यापिका मोनिका ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद द्वारा लोक सेवा दिवस के उपलक्ष्य में लोक सेवा की भूमिका, प्रतिष्ठा और दृश्यता बढ़ाने के लिए किए गए योगदान के लिए संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

# 82 किलोग्राम मादक पदार्थों को पुलिस ने नष्ट किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न केसों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की देखरेख में नष्ट किया गया।

जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लभगढ़ कुशल सिंह , एसीपी तिगांव सुरेंद्र श्योराण, एसीपी सेंट्रल महेंद्र सिंह, एसीपी बल्लभगढ़ मनीष सहगल, एसीपी सराय देवेंद्र सिंह, एसएचओ थाना तिगांव कुलदीप सिंह सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में गांव अलीपुर निवासी गिर्राज और गांव तिगांव से सुनिल नम्बर दार की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में विभिन्न 69 मुकदमों में बरामद मादक पदार्थों को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके



नशीले एवं मादक पदार्थों को नष्ट करवाते पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा।

से नष्ट किया गया। इन मुकदमों में फरीदाबाद पुलिस के 69 मुकदमों में जब्त किया गया नशीला पदार्थ शामिल है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा (कमेटी चेयरमैन) की अध्यक्षता में नष्ट किए गए विभिन्न थानों के 69 मुकदमों में बरामद

**मादक पदार्थ इस प्रकार है :** गांजा-74.103किलोग्राम, स्मैक - 82.786 ग्राम, नशीले इंजेक्शन-377, चूरा पोस्ट- 7.452 किलोग्राम को नष्ट किए गए। इन मादक पदार्थों पुलिस द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थ भी शामिल है जिन्हें कई वर्षों से नष्ट नहीं किया गया था। वर्ष 2022 में फरीदाबाद पुलिस थानों द्वारा जब्त किए गए मादक पदार्थों को नष्ट किया गया था। इन सभी मादक पदार्थों को प्रक्रिया के तहत आग लगा कर नष्ट किया गया है। विकास कुमार अरोड़ा ने कहा कि मालखाने में जगह खाली हो सकेगी जिससे माल खाने में भंडारण की व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

# महिलाओं पर अभद्र कमेंट्स करने वाले छह मनचले पकड़े

फरीदाबाद। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के आदेशानुसार महिला थाना बल्लभगढ़ प्रभारी नेहा राठी, महिला थाना एनआईटी प्रभारी इंस्पेक्टर माया तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने महिला विरुद्ध अपराध के प्रति महिलाओं को जागरूक करने के साथ-साथ महिलाओं तथा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले 6 मनचलों को काबू किया है। पूछताछ करने पर पता चला कि मनचले युवक छात्र हैं जो कॉलेज में पढ़ाई करते हैं तथा आने जाने वाली छात्राओं तथा महिलाओं पर भद्दे कमेंट पास करते हैं।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि मनचलों को काबू करने के लिए, महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में मौजूद थी। युवकों ने जब सादी वर्दी में तैनात पुलिसकर्मियों के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की तो महिला पुलिस ने उन्हें मौके से काबू कर लिया। महिला पुलिस थाना बल्लभगढ़ महिला थाना एनआईटी तथा दुर्गा शक्ति की टीम ने दो दो मनचलों को काबू किया।

# कोविड-19 के 181 पॉजिटिव, 102 ठीक

## जिला में आइसोलेशन पर 790 लोग रखे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में वीरवार को कोरोना वायरस के 181 मामले पॉजिटिव आए हैं। जबकि 102 लोग स्वस्थ भी हुए। जिला में कोरोना का रिकवरी रेट भी 98.82 प्रतिशत पर पहुंच गया है। कोरोना पॉजिटिव के 18 केस अस्पताल में भर्ती हैं। जबकि होम आइसोलेशन पर जिला में 790 लोगों को रखा गया है तथा एक्टिव केसों की संख्या 808 है।

जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार पर ब्रेक लगाने के लिए टेस्टिंग और वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। जिले में 1902 लोगों के टेस्ट किए गए। जबकि जिला फरीदाबाद में 1659457 लोगों द्वारा अब तक टेस्ट करवाया गया। इनमें से 131373 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए व 1526005 लोग नेगेटिव मिले। अब तक जिला में 2079 लोगों के रिजल्ट आने बाकी हैं। जिला में सैंपल पॉजिटिविटी रेट 7.92 प्रतिशत है। जबकि रिकवरी रेट 98.82 प्रतिशत है। जिला में एक्टिव केस रेट 0.56 प्रतिशत है। जिला सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने मीडिया के माध्यम से नागरिकों से अपील की है कि वे कोविड के उचित व्यवहार का पालन करें। जैसे कि मास्क का उपयोग, सामाजिक दूरी, बार-बार हाथ धोना है। जिनकी एहतियाती खुराक बाकी है कृपया तुरंत टीका लगवाएं। यदि कोई लक्षण और लक्षण विकसित होते हैं तो उनका आरटीपीसीआर परीक्षण करवाएं। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में टीकाकरण और परीक्षण के लिए सभी व्यवस्थाएं हैं। कोरोना के जिला नोडल अधिकारी डॉ. राम भगत ने बताया कि जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जारी स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार फरीदाबाद जिला में 1753029 लोगों को अब तक सर्विलांस पर रखा गया है। जिन्होंने 28 दिनों का सर्विलांस पूरा कर लिया है उनकी संख्या 1744987 हो गई है।

# संक्षिप्त समाचार

### एंजेल पब्लिक स्कूल ने 32 रन से जीता मैच



एंजेल पब्लिक स्कूल ने 32 रन से जीता मैच।

फरीदाबाद। रविंदर फागना क्रिकेट ग्राउंड पाली में प्रैक्टिस मैच खेला गया। यह मैच रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी पाली और रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। इस मैच में रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी को 32 रन से हराया। इस मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया की यह मैच 40-40 ओवर का था और रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल स्कूल ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए टीम ने ओवर 40 में 8 विकेट पर 222 रन बनाए। टीम की ओर बल्लेबाजी करते हुए देवांश भदोला और गर्वित ने 62-62 रन, कृष्णा ने 28 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंशज ने दो विकेट, गौरांश और मोहम्मद व् अरहान और अफ्फान ने 1-1 विकेट ली। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी पाली ने 40 ओवर में 9 विकेट पर 190 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए नमन ने 52 रन, सहज ने 39 रन, ओम कुमार ने 16 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी एंजेल पब्लिक स्कूल टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए वंश ने तीन विकेट, देवांश भदोला ने 2 विकेट, उदय और ह्रदांश व् अनमोल ने 1-1 विकेट ली। इस मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार देवांश भदोला को मिला।

### फरार चल रहा हत्यारोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। डीसीपी क्राइम के द्वारा अपराध पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए, क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेन्द्र कि टीम ने हत्या के आरोप में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी कुलदीप उर्फ कुल्लू बल्लभगढ़ के आजाद नगर का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ बस स्टैंड से, थाना सिटी में दर्ज हत्या के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि मृतक तारा उम्र 50, शराब बेचने का काम करता था। आरोपी 20/21 जून कि रात को अपनी गली में रहने वाले तारा से शराब लेने के लिए गया था। जिसकी पिछले पैसे के लेनदेन को लेकर आपस में झगड़ा हो गया था। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर खुखरी तथा डंडो से अपने पास बुला कर पाइप से हमला कर सिर में चोट मार दी थी। जिसके कारण तारा की मृत्यु हो गई थी।

### ओलम्पिक दिवस पर खिलाडियों को प्रमाण पत्र दिए

फरीदाबाद। जिला एथलेटिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पलवल जिले के एथलेटिक्स खेल के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय ओलम्पिक दिवस पर राज्य और राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के खेल प्रमाण पत्र वितरित किए गए। सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पलवल जिले के बघौला, पृथ्ला, घुघरा, पलवल शहर, दुर्गापुर, पहाड़ी, मंडनाका, नौरंगाबाद, बंचारी, करमन, बडौली और मिंडकौला गांव के एथलीट खिलाड़ियों ने अपने निवास स्थान पर खेल प्रमाण पत्र प्राप्त किए और साथ में खेल जानकारी भी प्रदान करते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने आस पास के क्षेत्र में युवाओं को खेल से जोड़ने तथा नये युवा खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने का संदेश भी दिया, जिससे युवा खेल के क्षेत्र में अपने नाम और चेहरे की पहचान बनाकर जिले, राज्य एवं राष्ट्र का नाम रोशन करें।

### सीएम फ्लाइंग ने जीएसटी चोरी के शक में ट्रक पकड़े

फरीदाबाद। मुख्यमंत्री उडनदस्ता को सूचना प्राप्त हुई कि आईएमटी बल्लभगढ़ एरिया से कुछ गाड़ियों में दस्तावेजों के बिना तम्बाकू उत्पाद भरकर फरीदाबाद व अन्य राज्यों में भेजा जाता है, जिसमें भारी मात्रा में जीएसटी चोरी की जाती है। सूचना के आधार पर मुख्यमंत्री उड़न दस्ता फरीदाबाद द्वारा नवम धानिया ईटीओ/जीएसटी के साथ आईएमटी सेक्टर-68 व 69 बल्लभगढ़ क्षेत्र से निकलने वाली तीन गाड़ियों को शक के आधार पर रुकवाया गया। जीएसटी अधिकारियों द्वारा सभी वाहन चालकों से गाड़ी में लोड सामान से सम्बंधित दस्तावेज पेश करने बारे कहा। वाहन संख्या एचआर 73ए-8412 व एचआर 38 एसी-8902 के चालकों द्वारा कोई दस्तावेज पेश नहीं किये गये तथा वाहन संख्या एचआर 38 एसी-2034 के चालक द्वारा कुछ दस्तावेज पेश किए गए, लेकिन वह भी संदेहजनक पाये गए। वाहन चालकों से पूछताछ की गई जिन्होंने जिनमें से दो गाड़ियां प्लाट नम्बर 792 सेक्टर 69 आईएमटी फरीदाबाद से व एक गाड़ी प्लॉट नम्बर 137 सेक्टर 68 आईएमटी फरीदाबाद से निकली थी। यह सभी गाड़ियां विजय भारत ट्रांसपोर्ट कंपनी बाटा चौक फरीदाबाद की बतलाई हैं। जीएसटी अधिकारियों द्वारा इन तीनों गाड़ियों को कब्जे में लेते हुए चालान किया गया है। इन गाडियों में लोड समान की चेकिंग के लिए कमेटी बनाकर जीएसटी चोरी का आंकलन करते हुए नियमानुसार जुर्माना किया जाएगा।

### अफगानिस्तानी नागरिक को प्रदान की भारतीय नागरिकता



सेक्टर-12 के अफगानी नागरिक को भारतीय नागरिकता का पत्र सौंपते डीसी जितेंद्र यादव।

फरीदाबाद। जिलाधीश जितेंद्र यादव ने गुरुवार को दो पाकिस्तानी विस्थापितों और एक अफगानिस्तानी नागरिक को नागरिकता प्रदान की है। उन्होंने नागरिकता प्रदान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि स्वयं के अच्छे भविष्य के साथ साथ देश के हित में बेहतर कार्य करना। जिससे देश का हित होगा और आपका भविष्य भी उज्ज्वल होगा। जिलाधीश जितेंद्र यादव ने पाकिस्तान के 17 वर्षीय काजल, 20 वर्षीय मुनीश व अफगानिस्तान के 69 वर्षीय ब्यास लाल को भारतीय नागरिकता गुरुवार को प्रदान की है। पाकिस्तान की निवासी काजल ने बताया कि वह वर्ष 2010 में पाकिस्तान से सह-परिवार भारत आ गए थे और परिवार के साथ भारत के हरियाणा राज्य के फरीदाबाद जिला में रह रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने भारत सरकार के गृह मंत्रालय में अपनी भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवेदन दिया था। इस आवेदन को गुरुवार को डीसी जितेंद्र यादव ने मूर्त रूप देकर हमें भारतीय नागरिकता प्रदान की है।

### भीम अवॉर्ड मिलने पर विधायकों ने ओलम्पियन का किया सम्मान

फरीदाबाद। पंचकूला में हरियाणा सरकार के भीम अवॉर्ड पाने वाले फरीदाबाद के दोनों ओलम्पियनों का विधायक राजेश नागर एवं विधायक सुभाष सुधा ने एमएलए फ्लैट में सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि हरियाणा सरकार की खेल नीति पूरे देश में सर्वश्रेष्ठ है। यही कारण है कि हमारे यहां से बड़ी संख्या में खिलाड़ी उल्लेखनीय प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी सरकार की उन्हें देश में सबसे ज्यादा इनाम की राशि देकर हौसला बढ़ाने का काम कर रही है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं विधायक राजेश नागर ने कहा कि दोनों खिलाड़ी उनके जिले से आते हैं। इसलिए, उनका दोनों के साथ खास रिश्ता है। वह दोनों के लिए हमेशा मौजूद रहते हैं। इसलिए अलावा भी वह अपने क्षेत्र में खेलों के विकास के लिए सक्रिय हैं। नागर ने बताया कि तिगांव क्षेत्र में एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी है। विधायक नागर ने खिलाड़ियों और उनके परिजनों को भीम अवॉर्ड मिलने पर बधाई दी और उन्हें आगे आने वाली पीढ़ी के लिए सहयोगी बनने की प्रेरणा दी। पंचकूला के इंद्रधनुष सभागार में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने खिलाड़ियों को भीम अवॉर्ड प्रदान किए। जिसमें फरीदाबाद के दोनों ओलम्पियन भी शामिल रहे। हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भीम अवॉर्ड के अंतर्गत पांच लाख रुपये और हर महीने पांच हजार रुपये की मदद दी जाती है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जून, 2022



## राष्ट्रपति उम्मीदवार

### राजग को उम्मीद

**सत्तारूढ़** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने झारखंड की पूर्व राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुना है। सुश्री मुर्मू ने अपने रायरंगपुर आवास पर कहा, 'मुझे आश्चर्य और खुशी है। सुदूर मयूरभंज जिले की आदिवासी महिला होने के नाते मैंने सर्वोच्च पद का उम्मीदवार बनने के बारे में नहीं सोचा था।' हालांकि, राजनीतिक टिप्पणीकारों के लिए यह बड़ा आश्चर्य नहीं है। व्यापक रूप से अनुमान लगाया जा रहा था कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आदिवासी समुदाय या अन्य पिछड़े वर्ग-ओबीसी से किसी व्यक्ति को चुन सकते हैं। सभी अन्य बड़े समूहों-मुसलमानों, दलितों, सिखों व महिलाओं को प्रतिनिधित्व मिल चुका है। सुश्री मुर्मू को राष्ट्रपति उम्मीदवार चुन कर भाजपा नीत राजग ने न केवल आदिवासी सांसदों व विधायकों के समर्थन की उम्मीद की है, बल्कि उनके गृह राज्य ओडिशा से भी समर्थन की उम्मीद है। ओडिशा में सत्तारूढ़ बीजद का राष्ट्रपति को चुनने वाले मतदाता मंडल में 2.8 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है। मुर्मू ने कहा, 'मुझे ओडिशा विधानसभा के सभी विधायकों व सभी सांसदों का समर्थन मिलने की आशा है। मैं धरती की पुत्री हूं। मुझे एक उड़िया होने के नाते सभी सदस्यों से समर्थन मांगने का अधिकार है।' उनके विश्वास का मजबूत आधार है। ओडिशा के मुख्यमंत्री व बीजद नेता नवीन पटनायक उनकी उम्मीदवारी के पूरी तरह पक्ष में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, 'देश के सर्वोच्च पद के लिए राजग उम्मीदवार घोषित होने पर श्रीमती द्रोपदी मुर्मू



को मुबारकवाद। मुझे खुशी है कि सम्माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने मेरे साथ इस पर चर्चा की। यह ओडिशा की जनता के लिए गर्व का क्षण है।' इससे मुर्मू व राजग को सहायता मिलेगी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ओर से उनको मिला समर्थन समान रूप से महत्वपूर्ण है। नीतीश कुमार ने कहा, 'हमें द्रोपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाने से प्रसन्नता है। वे आदिवासी महिला हैं और यह बहुत खुशी की बात है कि एक आदिवासी महिला को देश के सर्वोच्च पद के लिए चुना गया है।' वैसे भाजपा का सर्वोच्च नेतृत्व बहुत सक्रिय तथा सतर्क है जो महाराष्ट्र में मचे राजनीतिक तूफान से स्पष्ट है। यह विपक्ष के लिए बुरी खबर है जिसने पूर्व भाजपा नेता यशवंत सिन्हा को अपना राष्ट्रपति उम्मीदवार बनाया है। विपक्षी नेताओं को उम्मीद थी कि यदि वे किसी प्रकार अपना उम्मीदवार राष्ट्रपति भवन पहुंचा सकें तो इससे अंततः भाजपा को सत्ता से हटाने की मुहिम को गति मिलेगी। लेकिन अब यह बहुत कठिन हो गया है। महाराष्ट्र में चले घटनाक्रम से स्पष्ट है कि न केवल भाजपा-विरोधी गठबंधन क्षणभंगुर है, बल्कि विपक्षी नेता भी बहुत क्षमतावान नहीं हैं। दूसरी ओर भाजपा के सर्वोच्च नेता ने अपनी सभी कदम सुनियोजित ढंग से उठाए हैं। लेकिन ऐसा पहली बार नहीं है जब राष्ट्रपति चुनाव में प्रतीकवाद का प्रयोग हो रहा है। उदाहरणार्थ, 2007 में कांग्रेस ने प्रतिभा पाटिल को अपना उम्मीदवार बनाया था जिनका कोई बड़ा राजनीतिक कद नहीं था और न ही ज्यादातर लोग उनको जानते थे। भाजपा वही खेल खेल रही है और उसे काफी लाभ मिला है। पूरी संभावना है कि वह अपनी पसंद का राष्ट्रपति बनाने में सफल होगी।

# राष्ट्रहित में भाजपा के विदेशी संपर्क

भाजपा के विदेशी संपर्क इस देश के बारे में जिज्ञासु व अपरिचित लोगों को यहां के लोकतांत्रिक आदर्शों का परिचय कराने के लिए हैं।



**सुमित भसीन**
(पब्लिक पालिसी रिसर्च सेंटर के निदेशक)




भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। अपने सामने आ रही अनेक चुनौतियों के बावजूद भारतीय लोकतंत्र जीवन्त व समावेशी बना हुआ है। भारत में लोकतांत्रिक आदर्शों के एक प्रतिनिधि के रूप में भाजपा विदेशी व भारतीय लोगों से कई दशकों से लगातार संपर्क कर रही है। तकनीक ने इस प्रक्रिया को और गतिशील बनाया है। दुनिया लंबे समय से भारत में लोकतांत्रिक विकास पर नजर रख रही थी। विदेशी टिप्पणीकारों ने भारत में लोकतंत्र के स्वरों को विभिन्न तरीकों से व्याख्यायित किया है। लेकिन कुछ हिस्से पूर्वाग्रहों से भी ग्रस्त हुए जिससे भारत पर उनका लेखन प्रभावित हुआ। हालांकि, कुछ वास्तव में अनेक कारणों से भारतीय लोकतंत्र के विभिन्न आयामों से परिचित नहीं थे। इनमें दूरी के साथ संप्रेषण की कमी भी शामिल है। भाजपा विविधतापूर्ण लोगों से संपर्क में इन पूर्वाग्रहों व पूर्व-निर्धारित धारणाओं का मुकाबला कर रही है। 'भाजपा को जानें' सत्तारूढ़ पार्टी की एक पहल है जिससे विदेशी राजनयिकों को पार्टी के कामकाज व दृष्टिकोण के बारे में जानकारी पाने में सहायता मिलती है। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा व वरिष्ठ पार्टी नेताओं ने विदेशी राजनयिकों के साथ तीन संवाद सत्र आयोजित किए। इस संवाद में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी शामिल थे। तीसरी बैठक में भाजपा अध्यक्ष ने भाजपा की नीतियों व कार्यक्रमों का 6 देशों के राजदूतों के साथ साझा किया जिनमें रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, तुर्की व लाओस शामिल थे।

'भाजपा को जानें' का दूसरा हिस्सा रायसीना संवाद के आसपास हुआ जिसमें 14 देशों के विदेश मंत्रियों, राजनयिकों, विदेशी मामलों के टिप्पणीकारों व अन्य पक्षों ने भाग लिया। इनमें अमेरिका, आस्ट्रेलिया व इस्राइल के लोग शामिल थे। ये दोनों आयोजन एक दूसरे से अलग थे, पर राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने के मामले में वे एक दूसरे के पूरक भी थे।

प्रत्यक्ष संवाद का नवीनतम चरण मध्य एशियाई देशों के राजनयिक समुदाय के साथ आयोजित हुआ। इन देशों से भारत के बहुत पुराने संबंध रहे हैं जिनकी शुरुआत सम्राट अशोक के समय पहले वैश्विक संपर्क से हुई थी। इन देशों में सम्राट अशोक के लगवाए स्तंभ पाए जाते हैं। रायसीना संवाद में एस. जयशंकर ने भारतीय विश्व दृष्टिकोण पर जोर देते हुए इस तत्व का उल्लेख किया। उन्होंने कुछ प्रमुख विदेशी टिप्पणीकारों की तात्कालिक टिप्पणियों का भी उल्लेख किया जो रूस-यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि में सामने आई हैं। भारत ने लगातार दुनिया को दक्षिण एशियाई उप-महाद्वीप के प्रति की गई गलतियों से परिचित कराया है। विस्तारवादी चीन के बारे में बेहतर समझदारी विकसित होने के साथ ये प्रयास परिणाम देने लगे हैं। इसके कारण दशकों से भारत के पूर्वी मोर्चे पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर समस्यायें बनी हुई हैं, जबकि पाकिस्तान पश्चिमी मोर्चे से राज्य नीति के रूप में आतंकवाद का निर्यात करता रहा है।

वैश्विक समझदारी का विकास भारत के नेताओं द्वारा विदेशी वार्ताकारों के साथ निरंतर जारी परोक्ष संवाद के कारण हुआ है। इसे सबसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गति दी थी। अनेक वर्षों तक चले जसवंत सिंह-स्ट्रोब टालबोट संवाद ने अमेरिका के लिए भारत को एशिया की धुरी की तरह स्थापित किया। इससे भारत का वैश्विक संपर्क और मजबूत हुआ। उल्लेखनीय है कि पूर्व भाजपा अध्यक्ष तथा उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने 'फारेन सेल' व 'ओवरसीज़ फ्रेंड्स आफ बीजेपी' का गठन कर विदेशों से पार्टी का संपर्क मजबूत किया। इसके परिणामस्वरूप भारतीय राष्ट्रीय हितों के मुखर पैरोकार सामने आए। भाजपा ने पिछले एक दशक में विदेशों से संपर्क में तकनीक का भरपूर उपयोग किया है। उसने सोशल मीडिया मंचों की पूरी क्षमता प्रयोग की है जिसके बारे में अतीत में सोचा भी नहीं जा सकता था। सच्चे लोकतंत्रवादी के रूप में अटल बिहारी वाजपेयी ने विदेशों में रह रहे भारतीयों के बढ़ते प्रभाव का प्रयोग कर भारतीय राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने का विचार सामने रखा था। कहने की आवश्यकता नहीं कि विदेशी राजधानियों में भारतीयों के साथ बढ़ते संपर्क में अनिवासी भारतीयों के बढ़ते राजनीतिक-आर्थिक प्रभाव की भी महत्वपूर्ण भूमिका है।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूप में अनिवासी भारतीयों को भारतीय राष्ट्रीय हितों का एकदम सटीक स्वर मिला है। स्वाभाविक रूप से उनकी विदेश यात्राओं में अनिवासी भारतीयों से संवाद एक नियमित तत्व बन गया है। इस प्रकार जहां अटल बिहारी वाजपेयी ने दुनिया के साथ संपर्क की नीव डाली थी, मोदी ने उसे उच्चीकृत कर भारत का एक महान प्रतीक तैयार किया है जो दुनिया के सभी कोनों में फैला है। इसका विस्तार विकसित देशों से लेकर द्वीप देशों, अफ्रीका महाद्वीप से लेकर विकासशील देशों तथा निकटतम पड़ोसियों तक है। उन्होंने विश्वसनीय मित्र बनाने के लिए सारे संसाधनों का पूरी तरह प्रयोग किया है। अनेक लोगों के लिए भाजपा तुलनात्मक रूप से एक नई पार्टी है क्योंकि उन्होंने दशकों तक कांग्रेस को सत्ता में देखा है। भाजपा को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2014 में लोकसभा में पूर्ण बहुमत मिला। 2019 के आम चुनाव में उनको फिर बहुमत मिला। जहां अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार गठबंधन सरकार की मजबूरियों से बाधित थी, वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले अभूतपूर्व लोकप्रिय जनादेश से भारतीय संभावनाओं को अपनी पूर्ण क्षमताओं तक पहुंचाने का अवसर दिया है।

केन्द्र में मोदी-नीत सरकार ने एक ऐसा विधायी एजेंडा अपनाया है जिसे पहले असंभव माना जाता था। जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 की समाप्ति महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही मुसलमानों में व्याप्त तीन तलाक के प्रतिगामी व्यवहार को खारिज किया गया जिसने सारी दुनिया का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। कठोर सुधारों की ऐसी दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति अनेक विश्व नेताओं में नहीं पाई जाती है। इससे विदेशी टिप्पणीकारों में भाजपा तथा उसके नेतृत्व के प्रति जिज्ञासा पैदा हुई है। इस कारण रचनात्मक विदेशी संपर्क को महत्वपूर्ण बनाया है ताकि हम तेजी से बदलते वैश्विक विमर्श के साथ कदम मिला सकें। कोविड-19 वैश्विक महामारी ने अनेक देशों में राष्ट्रीय नेताओं की परीक्षा ली है। एक अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत को इस घातक वैश्विक महामारी से अत्यधिक संकटग्रस्त माना जा रहा था। लेकिन भारतीय नेतृत्व ने सिद्ध किया कि वह इस संकट से निपटने में सक्षम है। वास्तव में यह प्रतिक्रिया दो मेड इन इंडिया वैक्सीनों से सिद्ध हुई जिन्होंने न केवल लाखों भारतीयों, बल्कि अनेक अन्य देशों में लाखों लोगों को बचाया। इस मामले में पड़ोसी देश पूरी तरह भारत पर निर्भर रहे।

प्रधानमंत्री ने नीतिगत मोर्चे पर संपर्क बढ़ाने के लिए वैज्ञानिक समुदाय से विचार-विमर्श किया ताकि कोविड-19 की चुनौतियों से पार पाया जा सके। भारत ने दिखा दिया कि देश दुनिया की औषधि राजधानी है। ब्राजील के राष्ट्रपति जैर बोलसोनारो ने दवाओं व वैक्सीनों के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसकी तुलना हनुमान जी द्वारा घायल लक्ष्मण जी के लिए 'संजीवनी बूटी' लाने से की। भाजपा ऐसे संकट के समय गरीबों के साथ खड़ी हुई। लाकडाउन व उसके बाद लाखों लोगों को मुफ्त राशन किटें बांट कर पार्टी ने अपनी गहरी सामाजिक प्रतिबद्धता प्रकट की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश भर में सामुदायिक भोजनालय चलाए। इस प्रकार सामाजिक व राजनीतिक कार्य को जोड़ने में और प्रगति हुई। संवाद और संप्रेषण भाजपा तथा उसके मातृ संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डीएनए में है।

विदेशी टिप्पणीकारों के आरएसएस व भाजपा के बारे में पूर्वाग्रह हैं जिनका कारण लंबे समय से राजनीतिक विरोधियों तथा गहराई तक जड़ें जमाए 'वाम-उदारवादी परिस्थितिकी तंत्र' द्वारा प्रचारित विमर्श है। आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने विज्ञान भवन में कुछ साल पहले विदेशी मीडिया प्रतिनिधियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया था और उन्होंने सारे सवालों के जवाब दिए थे। उन्होंने संगठन के कामकाज तथा उसके विश्व दृष्टिकोण का विवरण दिया था। भाजपा नेता जमीनी घटनाओं पर नजर रखते हैं और इस प्रकार के संवाद अभियानों से उनको जनता की नब्ज समझने में सहायता मिलती है। वे इतिहास के कैदी नहीं हैं तथा उनकी इच्छा कठिन रास्ते पर चलने की है।

# दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति पर भ्रष्टाचार के आरोप



**गुईन डायर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

राजनीतिक रूप से जुड़े एक पूर्व जासूस ने राष्ट्रपति रामाफोसा की लोकप्रियता पर सवाल उठाते हुए उन पर कुछ बेहद आपत्तिजनक आरोप लगाए हैं। एक समय (लगभग चार साल पहले) सिरिल रामाफोसा को दक्षिण अफ्रीका की आखिरी, सबसे अच्छी उम्मीद के रूप में देखा जाता था। 1994 में रंगभेद की समाप्ति के बाद से, देश की सत्तारूढ़ अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी) की कमान बुद्धिमान और साहसी नेल्सन मंडेला से बौद्धिक मगर अप्रभावी थाबो मबेकी और उसके बाद भ्रष्ट और अज्ञानी जैकब जुमा के हाथ आई थी। लेकिन 2018 में खंडित और निराश एएनसी ने खुद को एकजुट किया, अपने उद्देश्य को याद किया, और जूमा की जगह सिरिल रामफोसा को अध्यक्ष के रूप में स्थापित किया। आशा बंधी थी कि रंगभेद के खिलाफ संघर्ष में रामाफोसा की सक्रियता का एक लंबा रिकॉर्ड था, वह एक पूर्व ट्रेड यूनियन नेता थे, और वे इतने धनी थे कि उन्हें भ्रष्ट होने की आवश्यकता नहीं थी। वे आदर्श उम्मीदवार थे।

कुछ देर तो यह ठीक चला। अर्थव्यवस्था बहुत अधिक प्रगति नहीं की और बेरोजगारी बहुत अधिक बनी रही, लेकिन जूमा के प्रमुख साथी विदेश भाग गए, अन्य पर विभिन्न अपराधों का आरोप लगाया गया, यहां तक कि जूमा को जेल में बंद कर दिया गया। रामाफोसा कम से कम गंदगी को साफ करने की कोशिश कर रहे थे- लेकिन फिर, दो साल पहले, लिम्पोपो प्रांत में उनके वन्यजीव खेल फार्म में चोरी हो गई। उस समय किसी ने इसके बारे में नहीं सुना था, क्योंकि रामाफोसा ने इसका सार्वजनिक रूप से उल्लेख नहीं किया था। यह समझ में आता है, क्योंकि चोरों ने कथित तौर पर उनके सोफे पर कुशन में 4 मिलियन नगदी छिपा हुआ पाया था। यह उस राष्ट्रपति के लिए अच्छा नहीं है जिसकी यूएसपी भ्रष्टाचार से लड़ रही है, इसलिए पुलिस को कोई रिपोर्ट नहीं की गई। रामफोसा ने नुकसान सह लिया।

यह उतना पागल नहीं है जितना लगता है: रामफोसा दक्षिण अफ्रीका के सबसे धनी व्यक्तियों में से एक है, और 4 मिलियन डालर उसकी संपत्ति का एक फीसदी अंश भी नहीं है। हो सकता है कि वह इस कोशिश में हो कि ध्यान इस ओर न जाए।



लेकिन फिर, इस महीने की शुरुआत में, दक्षिण अफ्रीका की खुफिया एजेंसी के पूर्व प्रमुख आर्थर फ्रेज़र ने इस संबंध में पुलिस में एक आपराधिक शिकायत दर्ज कराई। फ्रेजर ने कहा कि रामाफोसा की 'राष्ट्रपति सुरक्षा इकाई' (अंगरक्षक) ने चोरों का पता लगाया, उन्हें अगवा किया और उनसे पूछताछ की, और फिर नकदी के बारे में चुप रहने के लिए उन्हें रिश्वत दी। हो सकता है कि रामाफोसा जनता के आदमी के रूप में अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन फिर भी वह कानून तोड़ रहा होते। कि तभी फ्रेज़र ने खबर को सार्वजनिक कर दिया। समाचार अब पूरे शहर में फैल गया है, और इस सप्ताह तक रामाफोसा पर हर तरफ से हमले हो रहे थे। जैसा कि विपक्षी फ्रीडम फाइटर्स पार्टी के नेता जूलियस मालेमा ने कहा, 'अपराधी अपराधों की रिपोर्ट नहीं करते हैं, जब उनके अपराधों की आय चोरी हो जाती है,'' और संसद और सड़क पर कई अन्य लोगों ने यही विचार व्यक्त किया।

रामाफोसा के लिए, जो दिसंबर में एएनसी में नेतृत्व की चुनौती का सामना कर रहे हैं, यह बिल्कुल गलत समय है। पार्टी के भीतर उनका भ्रष्टाचार विरोधी अभियान सफल नहीं हुआ और जुमा के समर्थकों ने दंगे करा दिए, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए जब जुमा को जेल में डाला गया। अब जुमा जेल से बाहर है, और रामाफोसा उसी भ्रष्टाचार के ब्रश से खुद को तार-तार कर चुके हैं। इस कहानी में बहुत कुछ गलत है। रामाफोसा के खिलाफ शिकायत लाने वाले पूर्व जासूस प्रमुख आर्थर फ्रेजर, जूमा के करीबी सहयोगी हैं। दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति अपने अंकोले मवेशियों और विभिन्न खेल जानवरों की नियमित रूप से नकद नीलामी करते हैं, लेकिन वह तकिए में नकदी क्यों छिपाएंगे?

टैक्स से बचने के लिए? यह एक ऐसा व्यक्ति है जो सचमुच दर्जनों बोर्डों पर बैठा है और कथित तौर पर इसकी कीमत 450 मिलियन डॉलर है। यदि वह करों से बचना चाहता है, तो उसके पास बहुत से वकील हैं, उसे सोफा कुशन की जरूरत नहीं है। समूचा 'घोटाला' ऑपरेशन, और विशेष रूप से स्रोत और 'शिकायत' का समय, एक राजनीतिक स्टिंग की तरह लगता है। फिर भी, रामाफोसा गहरे संकट में हैं। स्टिंग का असली उद्देश्य रामफोसा के महान और संदिग्ध धन को उजागर करना होता। उसने शायद इसे पाने के लिए कानून नहीं तोड़ा, जैसा कि जूमा ने किया था, लेकिन उन्हें यह विरासत में नहीं मिला और उन्होंने इसे कड़ी मेहनत से अर्जित नहीं किया। उन्हें बोर्ड में बैठने के लिए बड़ी रकम का भुगतान किया गया, और उन्होंने आय का बुद्धिमानी से निवेश किया।

रामाफोसा एएनसी द्वारा प्रायोजित 'ब्लैक इकोनॉमिक एम्पावरमेंट' कार्यक्रम के हिस्से के रूप में उन बोर्डों में शामिल हो गए, जिनका उद्देश्य अपने राजनीतिक कार्यों के लिए एक विश्वसनीय, निम्न-प्रोफाइल आय स्रोत प्रदान करना था। इसके अधिकांश समर्थक बहुत गरीब थे, लेकिन चुने गए 'बीईई' नियुक्त लोगों से अपेक्षा की जाती थी कि वे अपनी बड़ी आय का अधिकांश हिस्सा एएनसी को दान कर दें। यह 'राज्य पर कब्जा' की एक परियोजना में भारतीय 'उद्यमियों' के साथ साझेदारी के जरिए जूमा की भारी संपत्ति कमाने के मार्ग से कम अस्पष्ट है, लेकिन दोनों व्यक्तियों की संपत्ति एएनसी के साथ उनके संबंधों से आती है। एलेक्जेंड्रा टाउनशिप में आम मतदाता के लिए, दोनों व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे दिखेंगे।

यही कारण है कि एएनसी शायद 2024 के चुनाव में 30 साल सत्ता में रहने के बाद संसद में अपना बहुमत खो देगी। सचमुच, एक बड़ा सुअवसर, भले ही कोई नहीं जानता कि आगे क्या होने वाला है।

## आप की बात

### बाढ़ की विभीषिका

**देश** के कई राज्य इन दिनों भीषण बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। बाढ़ की विभीषिका प्रति वर्ष सैकड़ों लोगों की जान लेने के साथ ही लाखों को बेघर कर देती है। वैज्ञानिक ग्लोबल वार्मिंग को इसकी वजह बता रहे हैं जिस पर गौर करना जरूरी है। बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मेघालय में बाढ़ की वजह से हर साल हालात सबसे अधिक खराब होते हैं। जान माल के भारी नुकसान के साथ ही राहत शिविरों की व्यवस्था का जिम्मा भी सरकार के मत्थे पड़ता है। बड़ी संख्या में वन्य जीवों की मौत के साथ, वन संपदा को भी नुकसान पहुंचता है। दुख का विषय है कि यह समस्या किसी एक साल में पैदा नहीं हुई है, बल्कि यह तो हर साल होती है, यही नहीं, कई दशकों पुरानी है। हर साल सरकारें बाढ़ नियंत्रण और लोगों के बचाव की योजनाएं बनाती हैं लेकिन स्थाई समाधान के अभाव में 2 दिन की बारिश में सब चौपट हो जाता है। जब तक ग्लोबल वार्मिंग जैसी समस्याओं से निजात नहीं पाई जाएगी, बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाओं से हम रूबरू होते रहेंगे। राज्य व केन्द्र सरकार को बाढ़ से निपटने के स्थाई प्रयासों पर योजनाबद्ध रूप से जोर देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू**, धार

### मोदी की स्पष्टवादिता

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को याद दिलाया कि कई बड़े महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक सुधार भी शुरू में अनुचित लगते हैं, लेकिन समय के साथ वे न केवल सबके लिए लाभदायक साबित होते हैं बल्कि कई बार पूरे समाज को नए दौर में भी ले जाते हैं। मोदी जी के तर्क सटीक है। मगर वास्तविकता यह है कि अग्निपथ योजना की घोषणा होते ही 1 घंटे के भीतर ही देश के कई भागों में उग्र आंदोलन और उपद्रव शुरू होना, यह दर्शाता है कि उपद्रव और हुड़दंग मचाने की संपूर्ण तैयारियां पहले से ही थी। बस किसी मुद्दे की तलाश थी और अग्निपथ योजना के रूप में उपद्रवियों को एक मुद्दा मिल गया और देश को उपद्रव की आग में झोंक दिया गया। यह भारत का दुर्भाग्य है कि विश्व के कई देशों में सैन्य शिक्षा अनिवार्य है। और हमारे इतने बड़े देश में इससे रोजगार देने के साथ ही कई अन्य सुविधाएं भी दी जाती है। मगर ये उपद्रव मचाने का एक षड्यंत्र है। लगता है भविष्य के लिए कड़े फैसले लेते हुए अब देश में उपद्रव, बंद, हड़ताल आदि के विरुद्ध सख्त नियम लागू करने पड़ेंगे। अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर, देश को जलाने की इजाजत नहीं दी जा सकती है।

– **सुभाष बुडावनवाला**, रतलाम


### महाअघाड़ी की गाड़ी

**तीन** अलग-अलग दिशाओं में दौड़ने वाले घोड़े एक बग्गी को लेकर दौड़े तो बग्गी आगे ना बढ़ पाई। ढाई साल हो गए लूट खसोट में सभी घोड़े लगे रहे। 2019 में महाराष्ट्र में भाजपा और शिवसेना ने मिलकर चुनाव लड़ा और बहुमत से भी अधिक सीटें दोनों ने हासिल की, पर भाजपा से आधी सीट लेने के बावजूद शिवसेना के उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री पद के लिए अड़ गए। आखिरकार शिवसेना ने मुख्यमंत्री पद की खातिर अपने सिद्धांतों को तिलांजलि देकर कांग्रेस और एनसीपी से हाथ मिला कर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। कांग्रेस और एनसीपी के मंत्री और विधायकों के आचरण से परेशान शिवसैनिक विधायक और मंत्री ढाई साल तक तो सब कुछ सहते रहे और आखिरकार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में उन्होंने शिवसेना छोड़ने का मन बना लिया। अब बाला साहब ठाकरे की असली शिवसेना तो एकनाथ शिंदे वाली हो गई। अभी खेल जारी है। देखना होगा कि महाराष्ट्र में ऊंट किस करवट बैठता है, पर महाअघाड़ी की गाड़ी तो पटरी से उतर ही गई है।

–**अतिवीर जैन**, मेरठ


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हमने** अंतरिक्ष व रक्षा क्षेत्र खोला है जो दशकों से सरकारी नियंत्रण में था।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**75** साल में पहली बार सेना प्रमुखों को सरकारी नीतिगत निर्णय के बचाव में सामने लाया गया है।

– **मल्लिकार्जुन खड़गे**
राज्यसभा में नेता विरोधी दल



**मुझे** यह बताते हुए खुशी है कि भारतीय किसान पूरी तरह सुरक्षित हैं।

– **पीयूष गोयल**
वाणिज्य मंत्री

# संयमित दिनचर्या से परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं छात्र

## मुख्यमंत्री ने हाईस्कूल परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल करने वाले लखनऊ के मेधावियों से की भेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को अपने सरकारी आवास पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं में लखनऊ के हाईस्कूल उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं से संवाद किया। लखनऊ के शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने लखनऊ के बोर्ड परीक्षाओं के अन्तर्गत हाईस्कूल परीक्षा-2022 के मेधावी छात्र-छात्राओं पर्ल वर्मा, अरुण कुमार, माही यादव, अंजू उपाध्याय, अक्षत शुक्ला, विकास वर्मा, रूबी निषाद, श्रियंक सिंह, आकांक्षा साहू, ऋषभ सिंह को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद करते हुए कहा कि अगर आप नियमित रूप से पढ़ेंगे, नियमित रूप से खेलेंगे, सभी कार्यों को टाइम-टेबल बनाकर करेंगे तो फिर परीक्षा के समय अनावश्यक तनाव नहीं होगा।

संयमित दिनचर्या से आप परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए टाइम टेबल बनाकर दिनचर्या का पालन करेंगेए तो न केवल आपका पाठ्यक्रम समय से पूरा होगा बल्कि स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। कार्य के साथ.साथ आराम भी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने बच्चों की पढ़ाई के तौर-तरीकों की जानकारी लेते हुए सभी को अपने पास एक छोटी डायरी रखने का सुझाव दिया। इस डायरी में आपको नई बातों-जरूरी बातों को नोट करना चाहिए। सभी को समय पर सोना व जागना चाहिए। अगर सभी बच्चे रात्रि 10 बजे तक सो जाएं और सुबह 4 बजे उठ जाएं तो यह उनके स्वास्थ्य के लिए अनुकूल होगा। रात्रिभर जागने से दिनभर व्यक्ति को थकान रहती है, स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तय स्कूली पाठ्यक्रम के अलावा आपको देश-दुनिया के समसामयिक स्थिति से अपडेट रहना चहिए। इसके लिए समाचार-पत्र एक अच्छा माध्यम है। दिनचर्या में समाचार-पत्र पढ़ने के लिए समय निर्धारित करें। अखबारों के सम्पादकीय पृष्ठ विचारों से परिपूर्ण होते हैं। अलग.अलग विचारों को पढ़कर आप किसी विषय में अपना नजरिया तय कर सकते हैं। यह आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं में आपके लिए उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि हर विद्यार्थी को पुस्तकालय जाने की आदत जरूर डालनी चाहिए।

प्रयास करें कि माह में कम से कम कोई एक पुस्तक जो पाठ्यक्रम से अलग होए जरूर पढ़ें। हर बच्चे को खेल के किसी न किसी कार्यक्रम के साथ जुड़ना चाहिए। इससे शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होगा। इससे निर्णय लेने की क्षमता भी बढ़ती है। मुख्यमंत्री ने मेधावी बच्चों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यूम से जुड़ना चाहिए। इससे आपको बहुत सारी रचनात्मक चीजें जानने को मिलेंगी। देश में कहां, कौन से व्यक्ति ने अच्छा काम किया, प्रगतिशील किसान के अच्छे काम के बारे में, इसकी भी चर्चा प्रधानमंत्री 'मन की बात' कार्यक्रम में करते हैं। यह कार्यक्रम देश में हो रहे किसी नवीन अभिकल्प, अभिनव प्रयास, नए बदलाव आदि के बारे में जानकारी से परिपूर्ण होता है। इसे हर बच्चे, अभिभावक को जरूर सुनना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बच्चों व अभिभावकों को प्रधानमंत्री द्वारा रचित पुस्तक 'एक्जाम वॉरियर' और बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए खास कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बच्चों से कहा कि दूसरों के नोट्स के भरोसे कभी तैयारी न करें। खुद तैयार करें। विषय का कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं होगा, तो नोट्स आपको तात्कालिक सफलता तो दिला सकता है लेकिन दीर्घकालिक लक्ष्यों में यह कभी उपयोगी नहीं होगा। मौलिक पुस्तकों से विस्तृत अध्ययन पर जोर दें। मेधावियों की विभिन्न जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार बदलते परिवेश के दृष्टिगत समय-समय पर पाठ्यक्रम को अपडेट करती है। यह क्रम सतत जारी रहेगा। हमें अपने सही इतिहास की जानकारी होनी चाहिए। अपने नायकों, महापुरुषों के व्यक्तित्व और कृतित्व की जानकारी होनी चाहिए। इसलिए राज्य सरकार ने बेसिक शिक्षा में भी इन विषयों का समावेश किया है। मुख्यमंत्री ने प्राचार्यों से कहा कि शिक्षकों को अभिभावकों के साथ संवाद बनाना चाहिए। अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत संवाद नहीं होगा तो इसका असर आपके विद्यालय पर तो पड़ेगा ही, साथ ही अभिभावक को भी पता नहीं चलेगा कि विद्यालय में क्या हो रहा है। अत: ऐसी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे कि माह में एक बार शिक्षक बच्चे के घर जरूर जाएं। अभिभावकों से मिलें। यह विद्यालय हित में भी है और छात्र के लिए भी उपयोगी होगा। मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए अभिभावकों ने अपने पाल्यों की मेहनत की कहानी भी बताई। एक मेधावी की माता जी ने बेटे के हिंदी में 100 अंक प्राप्त करने की खुशी साझा की तो कई अन्य अभिभावकों ने बच्चों के पठन-पाठन की अवधि की जानकारी दी। उन्होंने मेरिट में आने वाले बच्चों के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को बधाई दी और उनके अध्यापन व मूल्यांकन प्रणाली की जानकारी ली।

## अखिलेश ने की दारोगा भर्ती परीक्षा की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की 2021 की दारोगा भर्ती प्रक्रिया की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच एसआईटी से कराकर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने, परीक्षा रद्द कराकर पुन: दारोगा भर्ती परीक्षा आयोजित कराने की मांग की है ताकि दारोगा जैसे महत्वपूर्ण पद पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन हो सके। यादव ने कहा अभी हाल में 12 जून 2022 को दारोगा भर्ती का रिजल्ट जारी किया तब फिर उसमें घोटाला कर दिया गया। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो सामान्य वर्ग और अतिपिछड़ा वर्ग से आते हैं। उनको सरकार ने किसी को अनुसूचित जाति और किसी को अनुसूचित जनजाति का बना दिया। उत्तर प्रदेश दारोगा भर्ती नियमावली में साफ तौर स्पष्ट लिखा है कि अन्य राज्य का अभ्यर्थी सामान्य वर्ग में ही गिना जाएगा लेकिन रिजल्ट में उनको अनुसूचित जाति व अनुसूचित जाति का आरक्षण दे दिया गया। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो शारीरिक परीक्षा में फेल हैं फिर भी उनका फाइनल रिजल्ट में नाम है।अखिलेश यादव से दारोगा भर्ती के अभ्यर्थियों विजय मिश्रा, जयसिंह यादव, सावन शर्मा आदि ने मिलकर ज्ञापन दिया जिसमें कहा गया है कि दारोगा भर्ती के लिए 6 राज्यों में ब्लैक लिस्ट फर्म एनएसईआईटी को भर्ती परीक्षा का टेंटर क्यों दिया गया जबकि यह फर्म 2017 की दारोगा भर्ती परीक्षा में भी गड़बड़ी कर चुकी है तब फिर परीक्षा रद्द कर उसे ही पुन: परीक्षा कराने का टेंडर क्यों दिया गया। भाजपा सरकार ने एसटीएफ द्वारा प्रतिबन्धित सेंटरों में परीक्षा करा दी। दारोगा भर्ती में धांधली कराई गई।

## भारत की एकता-अखंडता के प्रखर पक्षधर थे डॉ. मुखर्जी

### सीएम ने श्याम प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दी भावभीनी श्रद्धाजंलि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की एकता और अखंडता के प्रबल पक्षधर एवं भारत माता के एक महान सपूत थे। मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को लखनऊ के सिविल चिकित्सालय परिसर में स्थित डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के सम्मुख उनके चित्रद्ध पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि देने के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने डॉ. मुखर्जी को महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और समाजसेवी व राजनीतिक चिंतक बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष थे और आज उनकी पावन पुण्यतिथि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस के अवसर पर पूरा राष्ट्र उन्हें स्मरण कर रहा है। भारत की एकता और अखंडता के लिए तथा भारत को किसी भी प्रकार की चुनौती से मुक्त करने के लिए उन्होंने अपने आपको बलिदान किया था। उन्हें आज उत्तर प्रदेश शासन एवं प्रदेशवासियों की ओर से विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कोटि-कोटि नमन करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्पष्ट मत था कि 'एक देश में दो प्रधान, दो विधान, दो निशान' नहीं चलेंगे। डॉ. मुखर्जी ने आज ही के दिन वर्ष 1953 में कश्मीर मुद्दे पर अपना बलिदान दिया था। उनका बलिदान स्वतंत्र भारत का एक ऐसा बलिदान था, जिसने उस समय पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी के बलिदान का परिणाम है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज जम्मू कश्मीर धारा-370 से मुक्त होकर भारत की एकता व अखण्डता के लिए मजबूती से आगे बढ़ता हुआ दिखायी दे रहा है।

## शेयर बाजार के माध्यम से एमएसएमई इकाइयों को पूंजी जुटाने के लिए सरकार की लाई रंग

# एनएसई व बीएसई पर प्रदेश की 20 नई एमएसमई हुई लिस्टेड

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**शेयर** बाजार के माध्यम से प्रदेश की एमएसएमई इकाइयों को पूंजी जुटाने के लिए राज्य सरकार की पहल रंग लाने लगी है। प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, नेशनल स्टाक एक्सचेंज एनएसई तथा भारत स्टाक एक्सचेंज बीएसई के मध्य हुए समझौते के तहत प्रदेश से 20 नई कंपनियां एनएसई और बीएसई पर लिस्टेड हुई है।

अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम डा नवनीत सहगल ने निर्यात प्रोत्साहन भवन में एमओयू पार्टनर संस्थाओं के साथ बैठक की और अधिक से अधिक संस्थाओं को एनएसई और बीएसई पर लिस्टेड कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत एक वर्ष के अंदर बीएसई पर 129 करोड़ रुपये मार्केट कैपिटल की 12 कंपनियां तथा एनएसई प्लेटफार्म पर 101 करोड़ रुपये इश्यू साइज रैंज की आठ कंपनियां लिस्टेड हुई है। उन्होंने निर्देश दिये कि पूरे प्रदेश में जागरूकता अभियान चलाकर एमएसएमई को स्टाक एक्सचेंज पर लिस्ट कराने का प्रयास किया जायेगा। जगह-जगह इस संबंध में वर्कशाप कराई जाये और उद्यमियों को इसमें आमंत्रित किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में लगभग 55 लाख डीमैट एकाउंट है और देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में स्थापित कंपनियों को एनएसई, बीएसई पर लिस्ट कराने को प्राथमिकता दी जायेगी। फिक्की और लघु उद्योग भारती जैसे औद्योगिक संगठनों का एनएसई, बीएससी के साथ वर्चुअल संवाद कराया जाएगा जिससे औद्योगिक संगठन अधिक से अधिक कंपनियों को एनएसई, बीएससी पर लिस्ट कराने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित कर सकें।

## ड्रोन कैमरे से कराया जाएगा नालों का सर्वे

- निदेशालय को भेजे जाएंगे फोटोग्राफ्स व वीडियोग्राफी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में मानसून की दस्तक से पहले सरकार सभी इंतजामों को पुख्ता करने में जुट गई है। जलभराव के कारण लोगों को मानसून में परेशानियों का सामना न करना पड़े इसके लिए बरसात से पहले नगरीय निकायों में नाले और नालियों की सफाई पूरी कराए जाने के लिए विस्तृत दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। लखनऊ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, गाजियाबाद, कानपुर नगर, मेरठ के नगर निगम के नगर आयुक्तों के लिए गुरुवार को छोटे, बड़े और मझोले सभी नाले नालियों की साफ -सफाई करने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिसके तहत 25 जून तक कार्य को पूर्ण करने के आदेश दिए गए हैं। इन नगर निगमों से प्राप्?त सभी जानकारी को 26 जून तक शासन को भेज दिया जाएगा। प्रदेश के निकायों में स्थित ऐसे सभी बड़े नालों जिनका सफाई काम पूरा हो चुका है और ऐसे नालों जिनका सफाई काम न होने के कारण पहले जलभराव हुआ हो वहां ड्रोन कैमरे से सर्वे कराया जाएगा। ड्रोन कैमरे से सर्वे कराए जाने के बाद उन नालों की स्थिति, लम्बाई, चौड़ाई और गहराई की पूरी जानकारी फोटोग्राफ्स व वीडियोग्राफ के साथ स्थानीय निकाय निदेशालय को भेजी जाएगी।

## ओटीएस योजना का लाभ लेने के लिए सात दिन का मौका

- अब तक 17.58 लाख उपभोक्ताओं को ब्याज में 293 करोड़ रुपये की राहत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री की पहल पर प्रदेश सरकार ने बकायेदार उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त विद्युत भार वाले घरेलू एलएमवी-1 एवं निजी नलकूप 4 एलएमवी-5 तथा 5 किवा विद्युत भार के वाणिज्यक एमएमवी-2 श्रेणियों के उपभोक्ताओं के विलम्बित अधिभार ब्याज, सरचार्ज में शत-प्रतिशत छूट प्रदान करते हुए एकमुश्त समाधान योजना लागू की। यह योजना 30 जून तक लागू रहेगी और अब उपभोक्ताओं को योजना के तहत अपने बकाये पर छूट लेने के लिए 7 दिन शेष बचे है। इस योजना की अवधि अब पूर्ण होने को है उपभोक्ता जल्दी करे और अपने बकाये से मुक्ति पाए।

ऊर्जा मंत्री ने बताया कि 22 जून तक ओटीएस योजना का 17.58 लाख उपभोक्ताओं ने लाभ लिया। योजना के तहत बुधवार तक 1125 करोड़ रुपये राजस्व की प्राप्ति हुई और इस योजना से उपभोक्ताओं को अपने बिलों के भुगतान में 293 करोड़ रूपये की राहत मिली।

## पीएफआई का सक्रिय सदस्य रहा है तमिलनाडु से गिरफ्तार राज मोहम्मद

- आरएसएस कार्यालयों को उड़ाने की धमकी देने के मामले में किया था गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के दो और कर्नाटक के चार स्थानों पर आरएसएस के कार्यालयों को बम से उड़ाने की धमकी देने के मामले में पिछले दिनों एसटीएफ द्वारा तमिलनाडू से गिरफ्तार किए गए अभियुक्त राज मोहम्मद का पीपुल्स फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) से कनेक्शन का खुलासा हुआ है। सूत्रों के अनुसार पुलिस कस्टडी रिमांड पर एसटीएफ की पूछताछ के दौरान राज मोहम्मद ने अपने पीएफआई से संबंधों की बात कुबूल की है। राज मोहम्मद को एसटीएफ ने बीती सात जून को तमिलनाडु से गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ लखनऊ के मड़ियांव थाने में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मुकदमे में एसटीएफ ने उसे पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया और पूछताछ कर रही है। सूत्रों अनुसार राज मोहम्मद ने स्वीकार किया कि उसने वर्ष 2018 से 2021 के बीच पीएफ आई के सक्रिय कार्यकर्ता के तौर पर काम किया था। बाद में वह एसडीपीआई (सोशल डेमोक्रटिक पार्टी आफ इंडिया) से जुड़ गया था। एटीएस उसके सोशल मीडिया एकाउंट और बैंक खातों की जांच कर रही है। राज मोहम्मद तमिलनाडु के पुदुकोट्टाई जिले के थिरुकोकर्णम थाना क्षेत्र स्थित रामलिंगम स्ट्रीट का रहने वाला है। एक व्हाट्सएप ग्रुप पर बम विस्फोट की धमकी के बारे में जानकारी मिलते ही यूपी एटीएस और लखनऊ के मड़ियांव थाने की संयुक्त टीम हवाई जहाज से तमिलनाडु पहुंच गई थी। दरअसल आरएसएस से जुड़े लखनऊ के एक व्यक्ति को अनजान नंबर से व्हाट्सएप ग्रुप से जुड़ने का का लिंक मिला था। इस ग्रुप में छह स्थानों पर बम विस्फोट करने की बात हो रही थी जिसमें चार कर्नाटक और दो यूपी के थे।

## छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए 40 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश की देखभाल के लिए 40 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण के लिए किया जाएगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 30 रूपये प्रतिदिन की दर से प्रति गोवंश के लिए किया जाएगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि स्वीकृत धनराशि से अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण का कार्य कराए जाने एवं उसके अग्रतेर संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित जिलाधिकारी की होगी।

## 15 दिन के अंदर करायें वाहनों का फिटनेस-प्रदूषण सर्टिफिकेट

**लखनऊ।** परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि 15 दिनों के अंदर समस्त पंजीकृत सरकारी वाहनों को प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र से आच्छादित कराया जाए। इस संबंध में अपर परिवहन आयुक्त राजस्व देवेन्द्र कुमार ने बताया कि बिना इंश्योरेंस, प्रदूषण सर्टिफिकेट के गतिमान सरकारी वाहनों के रख-रखाव के जिम्मेदार अधिकारियों, कर्मचारियों के उत्तरदायित्व का निर्धारण करते हुए पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहनों के विरुद्ध केन्द्रीय मोटरयान नियमावली 1989 के नियम-115 में निर्धारित उत्सर्जन मानकों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी। प्रदेश में 60545 सरकारी वाहन पंजीकृत हैं जिसमें से मात्र 18279 वाहन ही प्रदूषण मुक्त प्रमाण पत्र से आच्छादित हैं। यह संख्या कुल पंजीकृत शासकीय वाहनों के सापेक्ष बहुत कम है। उन्होंने कहा कि ऐसे वाहनों को 15 दिन का समय दिया गया है कि वे अपने-अपने वाहनों का प्रदूषण सर्टिफिकेट, इंश्योरेंस एवं फिटनेस करा लें।

## लोनिवि मंत्री ने इस्टीमेटर सॉफ्टवेयर का किया उद्घाटन

- फील्ड से सम्बन्धित कार्यों पर कर्मचारी अब अधिक से अधिक समय दे सकेंगे

### विभाग के सभी इस्टीमेट सॉफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन ही भेजे जाएंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के लोनिवि जितिन प्रसाद ने लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में इस्टीमेटर सॉफ्टवेयर का उदघाटन किया। सॉफ्टवेयर लॉचिंग के अवसर पर लोक निर्माण विभाग के समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े थे।

लोक निर्माण मंत्री द्वारा सॉफ्टवेयर लॉचिंग के उपरान्त एक इस्टीमेट को ऑनलाइन मुख्यालय भेजने की टेस्टिंग भी की गई। जितिन प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन के अनुसार पारदर्शिता के लिए तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हर स्तर पर पारदर्शिता लाई जा रही है। विभाग के हर क्षेत्र में तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारी प्राथमिकता है कि वर्ल्ड क्लास तकनीकी का प्रयोग करते हुए वर्ल्ड क्लास सड़कें जनता को उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने कहा कि विभाग का यह महत्वाकांक्षी कदम है। विभाग में इस तरह के और भी सकारात्मक सुधार किए जाते रहेंगे। इस सॉफ्टवेयर के माध्यम से अब लोक निर्माण विभाग के समस्त इस्टीमेट खण्डीय स्तर से मुख्यालय तक ऑनलाइन भेजे जाएंगे। इससे खण्ड के कर्मचारियों को इस्टीमेट मुख्यालय तक भेजने के लिए पूर्व की भाँति इस्टीमेट गठित कर अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगेए जिससे समय और पैसे की बचत के साथ साथ कार्यों में पारदर्शिता और तेजी भी आयेगी। जितिन प्रसाद ने कहा कि समस्त इस्टीमेट ऑनलाइन ही गठित होंगे तथा किसी स्तर पर इस्टीमेट में कमियां पाये जाने पर उसे आपत्ति लगा कर ऑनलाइन ही खण्डीय कार्यालय में वापस किया जा सकेगा तथा आपत्ति का निराकरण भी ऑनलाइन ही किया जा सकेगा। इस्टीमेटर से आगणन गठित करने से स्टेशनरी, प्रिंटिंग, एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय तक आने जाने का खर्च भी बचेगा जिससे अब फील्ड के कर्मचारी अधिक से अधिक समय फील्ड के कार्यों पर दे सकेंगे।

## भाजपा ने उपचुनाव में सत्ता का दुरुपयोग करने में नहीं छोड़ी कोई कसर: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलशे यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने आजमगढ़ और रामपुर के लोकसभा उपचुनावों में सत्ता का दुरूपयोग करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मतदान को प्रभावित करने के लिए तमाम तरह के अवरोध खड़े किए गए। स्थानीय पुलिस से पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित कराया गया तथा भाजपा के पक्ष में मतदान कराने के लिए उन पर नाजायज दबाव डाला गया।

उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग से की गई शिकायतों के बावजूद भी निर्वाचन मशीनरी कई मतदान केन्द्रों पर मूकदर्शक बनी रही। फिर भी मतदाताओं ने भाजपा को हराने का काम किया है। सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुंचाने के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को ताक पर रख दिया गया। मतदाताओं को निर्भयता के साथ मतदान नहीं करने दिया गया। भाजपा द्वारा सभी संवैधानिक संस्थाओं को सुनियोजित तरीके से कमजोर करने का काम किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन के द्वारा मतदान में बाधा डाली जा रही है। मतदान केन्द्रों पर कब्जा करके फर्जी वोटिंग की गई। कई बूथों पर ईवीएम में खराबी पाई गई। अखिलेश ने आरोप लगाया कि आजमगढ़ लोकसभा के विधानसभा क्षेत्र गोपालपुर, सगड़ी, मुबारकपुर, आजमगढ़, मेहनगर के सभी मतदान केन्दों से एक साजिश के तहत सपा के सभी बूथ एजेंटो को बाहर निकाल दिया गया। डीएवी डिग्री कालेज आजमगढ़ के मतदान केन्द्र पर बीएलओ भाजपा के पक्ष में मतदान कराने का दबाव बनाती दिखी। टांडा में मतदाताओं को वोट डालने से रोका गया, वहां पोलिंग रुकवा दी गई है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उपचुनाव में अपनी हार से घबराकर जारी मतदान को प्रभावित करने के लिए रामपुर के स्वार विधानसभा में सत्ता के जोर से मतदाताओं को मतदान करने से रोका गया है। अल्पसंख्यक महिला मतदाताओं को मतदान करने से रोका गया। स्वार के हरदयाल इलाके में महिला मतदाताओं के पास वोटर पर्ची होने के बाजवूद उन्हें वोट डालने से रोकने और पर्ची छीनने की घटना निंदनीय है।

भारत रत्न बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर महासभा के तत्वावधान में सम्मेलन

# सभी वर्गों को मिलाकर समाज को बढ़ाने की दिशा में हो रहा कार्य: असीम अरुण

संवाददाता। सीतापुर

**समाज के** सभी अंगों को मिलकर आगे बढ़ाने की दिशा में संघ सामाजिक समरसता सम्मेलन आयोजित कर भाजपा सरकारों की जो अंत्योदय की परिकल्पना है उसे साकार करने में जुटा है, इसी उद्देश्य से गुरुवार को सीतापुर के लखीमपुर रोड पर स्थित एयरकंडीशन गेस्ट हाउस उमराव पैलेस में सामाजिक समरसता का सम्मेलन आयोजित कर खासकर वंचित दलितों को भाजपा से जोड़ने और भारत देश के लिए आरएसएस द्वारा किए जा रहे, योगदान एवं भ्रांतियों को दूर भगाने का प्रयास हुआ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में समाजकल्याण मंत्री असीम अरुण पधारे, इसके अलावा उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम के अध्यक्ष लालजी प्रसाद निर्मल, संघ के प्रान्त संघ चालक कृष्ण



मोहन, ललितकला एकाडेमी के उपाध्यक्ष गिरीष चन्द्र मिश्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, पत्रकार संतोष वाल्मीकि, डा. भीमराव अंबेडकर महासभा की जिलाध्यक्ष सावित्री देवी चौधरी और राघवेन्द्र सिंह मंचासीन रहे। सम्मेलन में

अंत्योदय की परिकल्पना को परिभाषित करते हुए समाजकल्याण मंत्री असीम अरूण ने पायनियर से कहा कि विकास के कारवां में कोई पीछे न रहे, उपचुनाव एवं राष्ट्रपति पद के लिए आदिवासी महिला को उम्मीदवार बनाए जाने को सामाजिक समरसता का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण बताते हुए उनके विचार पर बात कही। सम्मेलन में बोद्धभिक्षुओं को सम्मानित किया गया। भंते नाग सेन सम्मेलन में बौद्ध भिक्षु भंते नाग सेन भंते धम्मसेन एभंते महासागरए भंते प्रकाश चंद्र एभंते शिवानंद एभंते सदानंदए भंते भीम रत्न एभंते विजयरत्न एसहित करीब दो दर्जन बौद्ध भिक्षुओं को धनराशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। आरएसएस के विभाग प्रचारक बैरिस्टर, अवध क्षेत्र सदस्य रोहित भारती, सत्यपाल, प्रदीप सिंह चौहान, सूर्यभान सिंह, राजेश चौधरी, महेष कुमार, विनोद पाल, राजा मौर्य, राघवेन्द्र, वायुनायक कष्यप, भूपेन्द्र, सत्यप्रकाष, वेद प्रकाष, अंकित गिरी, मायादेवी, अखिल द्विवेदी, मीना अवस्थी, नरेष चन्द्र मौर्य, वीरेन्द्र पाल, सतगुरू षरण रावत, सत्यम कष्यप, वैष्णवी, विजय षंकर बाजपेई, विजय कुमार, रवि अवस्थी, पुष्पकर गुप्ता, लालू राम मौर्य, सूरज मौर्य, वीरपाल सिंह सहित करीब 400 कार्यकर्ता शामिल हुए।

# डीएम ने निष्क्रिय आशाओं को दी चेतावनी, सुधरें वरना सेवा समाप्त

संवाददाता। सीतापुर

● जिला स्वास्थ्य समिति षासी निकाय की बैठक में दिए निर्देश

**जिलाधिकारी अनुज** सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्तापूर्ण सुधार किये जाने एवं नियमित पर्यवेक्षण किये जाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर साफ-सफाई की व्यवस्था के साथ इंडीकेटर्स लगवाये जायें तथा स्वास्थ्य केन्द्र में उपलब्ध सेवाओं की सूची भी प्रदर्शित की जाये। इसके साथ ही पैथालॉजी में उपलब्ध जांचों की भी सूची प्रदर्शित की जाये। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुये कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुये सभी को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि गत 03 माह से निष्क्रिय आशाओं को अन्तिम चेतावनी देते हुये सुधार हेतु एक माह का समय दिया जाये तथा सुधार न करने वाली आशाओं की सेवा समाप्त किये जाने का प्रस्ताव अगली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रस्तुत किया जाये। तीन वर्ष से एक ही स्थल पर तैनात बी0सी0पी0एम0 के स्थानान्तरण का प्रस्ताव अगले दो कार्यदिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने कहा कि जिन स्थलों पर एक्सरे मशीन लगी है उनके समुचित संचालन के लिये स्टेब्लाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में तैनात बाल रोग विशेषज्ञों का प्रशिक्षण कराये जाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि इंसेफ्लाइटिस एवं दिमागी बुखार के विषय में व्यापक जन-जागरूकता प्रसारित की जाये। वी0एच0एस0एन0डी0 के सत्र नियमित रूप से आयोजित कराने, नियमित मानीटरिंग कराने तथा सभी सत्रों में आवश्यक किट एवं दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत वी0एल0ई0 के माध्यम से सभी लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनवाये जाने हेतु कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही करें। पूर्ण टीकाकरण में सिधौली, सीतापुर अर्बन, बिसवां एवं बेहटा की खराब प्रगति पर सुधार के निर्देश दिये। आंशिक टीकाकरण में सीतापुर अर्बन, सिधौली एवं बिसवां का खराब प्रदर्शन रहा तथा नो इम्युनाइजेशन में बेहटा की सबसे खराब स्थिति होने पर सुधार के निर्देश दिये। बेहटा एवं हरगांव में अपडेटेड ड्यू लिस्ट की स्थिति सबसे खराब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रभारी चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिये कि आशा के साथ नियमित रूप से बैठक कर ड्यू लिस्ट अपडेट करने का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण कराया जाये तथा उसका शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराया जाये। कार्यों में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु आख्या प्रेषित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि नियमित रूप से मानीटरिंग करते हुये खराब इंडीकेटर्स में सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मधु गैरोला सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सीतापुर प्लाईवुड फैक्ट्री को लेकर अब मचा घमासान

# प्लाईवुड फैक्ट्री को बेचने की अनुमति को लेकर हुई बैठक



● प्रशासन की टीम ने प्लाईवुड फैक्ट्री कर्मचारियों और मालिकाना हक जताने वालों से जुटाए साक्ष्य

● कर्मचारी संगठन में हुए दो फाड़ अध्यक्ष और उपाध्यक्ष आमने सामने

**डीएम द्वारा** गठित टीम के अध्यक्ष एसडीएम सदर अनिल कुमार का कहना कि उन्होंने दोनों पक्षों का सुना है साक्ष्यों को जुटाया है जल्द ही अपनी रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपेंगे।

**अनिल कुमार, एसडीएम सदर।**

संवाददाता। सीतापुर

**कभी एशिया** प्रसिद्ध रही सीतापुर की प्लाईवुड फैक्ट्री को विक्रय करने की जिलाधिकारी से मांगी गई, अनुमति पर गठित की गई, टीम ने प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के और कर्मचारी नेताओं के साथ गुरूवार को सुनवाई की। सदर तहसील में हुई सुनवाई में कागजातों और साक्ष्यों को संकलित किया गया। सुनवाई में क्या निश्कर्स निकला इसकी एक रिपोर्ट टीम जिलाधिकारी अनुज सिंह को सौंपेगी, जिसके बाद अगला निर्णय होगा। फिलहाल कर्मचारी नेताओं और प्लाईवुड फैक्ट्री का मालिकाना हक जताने वालों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया। प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वालों का कहना है कि वह चाहते है कि कर्मचारियों का बकाया उन्हें मिल जाए, लेकिन कर्मचारी आर्य. बंधु रोक लगाते है, जबकि प्लाईवुड कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष आर्य. बंधु मालिकाना हक जताने वालों पर ही सवाल खड़ा करते है, हालांकि मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के नवीद इरसाद के समर्थन में प्लाईवुड कर्मचारी संगठन के उपाध्यक्ष ओम प्रकाष जायसवाल खड़े नजर आते है, इसको लेकर एसडीएम सदर के यहां हो रही बैठक के दौरान आर्य. बंधु के आरोपों पर एसडीएम सदर अनिल कुमार का पारा चढ़ गया। लंबे समय से प्लाईवुड फैक्ट्री का मामला न्यायालय से लेकर जिला प्रषासन के बीच चल रहा है, तत्कालीन जिलाधिकारी षीतल वर्मा ने प्लाईवुड फैक्ट्री को बेचे जाने पर रोक लगा दी थी, इस रोक को हटाने के लिए प्लाईवुड फैक्ट्री पर मालिकाना हक जताने वाले पक्ष के नवीद इरसाद ने कर्मचारियों के बकाया भुगतान को चुकता कर फैक्ट्री बेंचे जाने की गुहार जिलाधिकारी अनुज सिंह से लगाई है। उधर सदर तहसील में दोनों पक्षों के बीच हुई बैठक के बाद कई कर्मचारियों ने कर्मचारी नेता आर्य. बंधु की अगुवाई में जमकर नारेबाजी की।

## क्विक न्यूज

### श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर किया वृक्षारोपण



**संडीला(हरदोई)।** स्व0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवसर पर भाजपाईयों ने वृक्षारोपण किया। बलिदान दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम स्व0 श्यामा प्रयास मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद भाजपा नेता विशुनदयाल शुक्ला, रामरतन वर्मा, अतुल तिवारी, लोकेश कुमार सैनी आदि ने वृक्षारोपण भी किया।

### एसडीएम ने सफाई व्यवस्था का किया निरीक्षण



**संडीला(हरदोई)।** एसडीएम ने नगर के कई वॉर्डों की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। एसडीएम डीपी सिंह ने सफाई निरीक्षक सौरव कुमार शुक्ला के साथ वॉर्ड सं0 25 का निरीक्षण किया। उन्होंनें जूनियर हाई स्कूल के सामने टूटी हुई नाली को देखकर नाराजगी व्यक्त की। इसके अलावा दो प्लाटों में गंदगी पाई गई जिसे साफकराया गया तथा प्लाट मालिक को नोटिस देने के उन्होंनें निर्देश दिए। पुराने सिनेमा के पास नाली में गंदगी पाई गई जिसे साफकराया गया। एसडीएम ने सदर बाजार में कई दुकानों के बाहर रखे हुए सामान पर जुर्माना भी कराया। उधर अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में वॉर्ड सं0 06 में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। 2000रु का जुर्माना भी वसूल किया गया।

### पुलिस ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

**संडीला(हरदोई)।** पुलिस ने नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।स्थानीय पुलिस के एंटी रोमियो स्कवाड द्वारा संडीला रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया गया। कोतवाल ने नगर स्थित तमाम बैंकों की शाखाओं को चेक किया और वहां तैनात किए गए पुलिसकर्मियों का वैरिफिकेशन किया। सभी बैंकों में तैनात किए गए कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर मुसतैद पाए गए।

### तालाब में डूबकर युवक की मौत

**संडीला(हरदोई)।** नहाते समय गहरे पानी में चले जाने के कारण एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को तलाश कराना शुरू किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बेगमगंज स्थित एक गहरे तालाब में सुबह के समय एक युवक नहाते समय डूब गया। उसको डूबते हुए गांव के कई लोगों ने देखा और शोर भी मचाया लेकिन कोई तैरने वाला व्यक्ति वहां नहीं पहुंचा तथा उक्त युवक डूब गया। इस घटना की सूचना मिलने पर कोतवाल दिलेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से शव को तलाश कराने का प्रयास शुरू किया। हालांकि अभी तक मृतक का शव बरामद नहीं हो सका है। पुलिस उसे अज्ञात ही बता रही है जबकि प्रत्यक्षदर्शी सुनील नामक व्यक्ति का कहना है कि मृतक ग्राम बेगमगंज निवासी ठाकुर है जो पीआरडी में कार्यरत था।

### दुर्घटना में घायल युवक ने दम तोड़ा

**बरेली** ।सड़क दुर्घटना में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।शाही थाने के गांव दुनका निवासी 24 वर्षीय मनोज कश्यप पुत्र श्यामलाल की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे 14 जून को घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि मनोज कश्यप 14 जून को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी दोस्त से मिलने के लिए घर से निकला था । लेकिन गांव के बाहर ही तेजी से आ रही किसी गाड़ी नें उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।टक्कर मारने वाली गाड़ी फरार हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया।

# मानकविहीन कार्य से आक्रोश



**मैलानी-खीरी।** नगर पंचायत विभाग द्वारा वार्ड नं.-2 मोहल्ला गौतम नगर में नाली व पैचिंग कार्य जोकि लक्ष्मी कान्सेकसन लखीमपुर खीरी के नाम से राम चन्द्र के मकान से पलिया रोड कराया जा रहा था। जिस पर वार्ड नं 2 की निवासिनी मीरा भार्गव पत्नी सुन्दर लाल सहित मोहल्ला रहमान लियाकत अली असफाक आदिल सुलेमान आसिफ सफीतुल्ला नजर अली सहित तमाम लोगों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कार्य घटिया सामग्री तथा बिना वाटर लेवल निकले पुरानी नाली पर पुरानी ईटों से निर्माण विपरीत दिशा से कराया जा रहा है। जब सभासद सहित लोगों ने रुकवाने की कोशिश की तो राज मिस्त्री द्वारा अभद्रता से बात करने का आरोप लगाया है। साथ ही राज मिस्त्री के फोन करने पर पहुंचे जो निर्माण कार्य करा रहे रोहित मिश्रा से भी लोगों की काम को लेकर रुकवाने के चलते तीखी नोक झोंक भी हुई। उसके उपरान्त सभासद सहित तमाम मोहल्ले के लोग नगर पंचायत पहुंचे परन्तु अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी के अवकाश पर होने के कारण सभी लोगों का कहना था कि अधिशाषी अधिकारी राजेश चौधरी व जेई साहब के आने के बाद ही निर्माण कराया शुरू किया तब तक के लिए निर्माण कार्य स्थगित कर दिया गया।

# पलिया पुलिस ने आबकारी अधिनियम में तीन को धरा

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**प्रभारी** निरीक्षक पलिया सैयद मोहम्मद अब्बास के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आबकारी अधिनियम में तीन लोगों को पकड़ा गया। इनकी पहचान भल्लर पुत्र जगरूप निवासी ग्राम गुलरा थाना पलिया, श्रीपाल पुत्र डालचंद्र निवासी ग्राम छोटा पतवारा थाना पलिया व संतोष पुत्र शत्रोहन निवासी बड़ा पतवारा थाना पलिया को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से एक प्लास्टिक की पिपिया में करीब 15 लीटर व दूसरी पिपिया में 20 लीटर अवैध देशी शराब भी बरामद हुई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक हनुमंत लाल तिवारी थाना पलिया, कांस्टेबल सचिन कुमार, कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल केशव गंगवार व कांस्टेबल रवि थाना शामिल रहे।

# प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन ने काऊ प्रोटेक्शन के लिया दिया 1.5 लाख का दान

● 16.65 लाख पार पहुंचा फंड

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी

**जिले** में काऊ प्रोटेक्शन फंड में प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन ने डेढ़ लाख का दान किया। जिसके बाद फंड में करीब 16.65 लाख की धनराशि जमा हो चुकी है। गुरुवार को प्लाईवुड एंड विनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने डीएम से उनके कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनपद की प्लाईवुड विनियर उत्पादन एसोसिएशन इकाइयों की ओर से कॉउ प्रोटक्शन फंड में डेढ़ लाख रुपए की धनराशि का सहयोग दिया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग संजय सिंह मौजूद रहे।

डीएम ने कहा कि गौवंश सरंक्षण सभी के समेकित सहयोग से पूरी तरह संभव है। उन्होंने जिले के लोगों से भी अपील किया कि उनकी जो भी क्षमता है उसके हिसाब से धनराशि दे सकते हैं। गोवंश की सेवा हमारी संस्कृति की पहचान हैं। हमारी सभी से अपील है कि गोवंश के संवर्धन और सेवा के लिए यथासंभव धन और भाव का दान करने के लिए आगे आएं। हम उम्मीद करते हैं और आमजन इससे जुड़ कर इसे सफल करेगे। डीएम ने कहा कि अब लोगों को गो-सेवा में दान करने के लिए गोशाला जाने की जरुरत नहीं रही है। अगर आप डिजिटल बैंकिंग का इस्तेमाल करते हैं तो घर से ही बैंकिंग के माध्यम से दान का पैसा सरकारी खाते में ट्रांसफर किया जा सकता है। इस पैसा को जिले भर की अस्थाई व स्थाई गोशाला में गायों पर इस्तेमाल किया जाएगा।



# एसडीएम की अध्यक्षता में कोटेदारों की बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार मे उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में ब्लॉक मोहम्मदी, पसगवा वण्नगर क्षेत्र के उचित दर विक्रेताओं की बैठक आहूत की गयी। बैठक में उचित दर विक्रेताओं को सिंगल स्टेज डिलीवर, वितरण करने के साथ-साथ समय से मध्यान्ह भोजन योजना के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न को सम्बन्धित स्कूल को उपलब्ध कराने के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड बनाने हुए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पूर्ति निरीक्षक ललित पाठक, अनिल वर्मा, खाद्य तथा रसद विभाग सीडीपीओ माजिदा बेगम, खंड शिक्षा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग से बीसीपीएम, आयुष्मान मित्र व उचित दर विक्रेतागण उपस्थित हुए।

### रस्क फैक्ट्री में मिली कर्मचारी की लाश तीन हिरासत में

**बरेली।** एक रस्क फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी की फैक्ट्री मे हीं बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घर वालों ने पुलिस से घटना की शिकायत की और हत्या की आशंका जताई पुलिस ने फैक्ट्री की मालकिन समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर निवासी 32 वर्षीय विकास गुप्ता पुत्र विनोद गुप्ता की लाश आज सुबह घर से कुछ ही दूरी पर स्थित एक रस्क फैक्ट्री में पाई गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि विकास गुप्ता कई सालों से फैक्ट्री मे काम करता था और कल रात फैक्ट्री में काम करने के लिए गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा।

# पेज एक का शेष

### संकट और...

ब्लू में बागी विधायक एकनाथ शिंदे के चारो ओर बैठे हैं और शिंदे साहब तुम आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं, जैसे नारे लगाते दिख रहे हैं। शिंदे गुट के सूत्रों ने बताया कि असम के होटल में ठहरे विधायकों में 35 विधायक शिवसेना के हैं जबकि शेष सात विधायक निर्दलीय हैं जो शिंदे का समर्थन कर रहे हैं। यह संख्या शिवसेना विधायकों का दो तिहाई के करीब है। यदि वे कुछ और विधायक जुटा लेते हैं तो दल-बदल कानून के पचड़े से बच जाएंगे। विधानसभा में शिवसेना के 55 सदस्य हैं। बागी विधायकों के गुट की ओर से व्हिप नियुक्त किए गए भरत गोगावाले ने दावा किया कि एकनाथ शिंदे के समर्थन में 42 विधायक हैं।

### एमवीए गठबंधन...

डाले हुए हैं। एमवीए सदन पटल पर अपना बहुमत साबित करेगा। उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के इस बयान के बारे में पूछे जाने पर कि उन्हें शिवसेना के भीतर विद्रोह में भाजपा की भूमिका नजर नहीं आती, पवार ने कहा कि वह अपने भतीजे से सहमत नहीं हैं। महाराष्ट्र के इस अनुभवी राजनेता ने कहा कि अजीत पवार ने ऐसा इसलिए कहा होगा, क्योंकि वह महाराष्ट्र के बाहर के भाजपा नेताओं को नहीं जानते हैं। मैं उन्हें जानता हूं। यहां तक कि एकनाथ शिंदे ने भी कहा है कि एक राष्ट्रीय पार्टी ने उन्हें हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### मतभेदों से...

कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा ले रहे। मार्च में चीन में भारत के नए राजदूत के रूप में पदभार संभालने के बाद रावत की वांग के साथ यह पहली मुलाकात है। रावत और वांग के बीच हुई मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह 14वें ब्रिक्स सम्मलेन से पहले हुई है। इसके अलावा यह मुलाकात इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दो साल पहले लद्दाख में पैदा हुए सैन्य गतिरोध के चलते द्विपक्षीय संबंधों में आई खटास के बीच हुई है। सैन्य स्तर की वार्ता के परिणामस्वरूप दोनों पक्षों ने पिछले साल पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी किनारे और गोगरा क्षेत्र में सैनिकों के पीछे हटने की प्रक्रिया पूरी की थी। भारत लगातार यह मानता रहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों में समग्र प्रगति के लिए महत्वपूर्ण है।

### ऑस्ट्रेलिया ने...

दौरान चीन और रूस के बीच बढ़ते रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग पर चिंता जताई और कहा कि इसका क्षेत्र पर प्रभाव पड़ सकता है। गौरतलब है कि मार्लेस ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली और कैनबरा अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि उनका देश दुनिया को लेकर अपने दृष्टिकोण में भारत को पूरी तरह से केंद्र में देखता है। ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा, चीन सिर्फ ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी उसका सबसे बड़ा कारोबारी सहयोगी है... वह सिर्फ हमारे लिए ही नहीं, बल्कि भारत के लिए भी सबसे बड़ी सुरक्षा चिंता है। उन्होंने कहा कि इन दोनों चीजों का समाधान कैसे निकाला जाए, यह स्पष्ट नहीं है। मार्लेस ने कहा कि भारत और ऑस्ट्रेलिया न केवल आर्थिक क्षेत्र, बल्कि रक्षा क्षेत्र में भी द्विपक्षीय संबंधों को लेकर करीबी स्तर पर काम कर रहे हैं, ताकि देशों देशों की रक्षा एवं सुरक्षा स्थिति को मजबूत बनाया जा सके। दो साल पहले पूर्वी लद्दाख की गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष के संदर्भ में ऑस्ट्रेलिया के उप-प्रधानमंत्री ने कहा कि उस घटना को लेकर उनका देश भारत के साथ एकजुटता से खड़ा है।

### सोनिया गांधी...

सुब्रमण्यम स्वामी ने इस संबंध में वर्ष 2013 में एक शिकायत दर्ज कराई थी। स्वामी ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अन्य पर धोखाधड़ी की साजिश रचने एवं धन के गबन का आरोप लगाया था और कहा था कि यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड ने 90.25 करोड़ रुपए की वसूली का अधिकार प्राप्त करने के लिए केवल 50 लाख रुपए का भुगतान किया, जो एजेएल पर कांग्रेस का बकाया था। यंग इंडियन के प्रवर्तकों और शेयरधारकों में सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी सहित कांग्रेस के कुछ अन्य सदस्य शामिल हैं।

### वीडियो देख...

मौत होने और किसी के भी कोई मामला दर्ज नहीं कराने के कारण पुलिस ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत कार्रवाई शुरू की। लड़के के पिता एक इलेक्ट्रॉनिक कम्पनी में काम करते हैं और मां गृहिणी हैं।

### दिल्ली-महाराष्ट्र...

में कहा गया है कि 2 जून से 9 जून के बीच जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजे गए बेंगलुरु से 44 नमूने बीए.3, बीए.4 और बीए5 कोविड वैरिएंट से संक्रमित पाए गए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के गुरुवार को आए ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत में कोविड -19 मामलों की कुल संख्या 4,33,44,958 से अधिक हो गई है, जबकि सक्रिय मामले 83,990 को पार कर गए हैं। कुल 38 नए लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या 5,24,941 हो गई है। बढ़ते मामलों से चिंतित केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अधिकारियों को समय पर ढंग से संक्रमण के प्रसार का आकलन करने के लिए पर्याप्त टेस्ट और प्रभावी निगरानी पर जोर दिया है। प्रमुख विशेषज्ञों और अधिकारियों के साथ गुरुवार को बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मंडाविया ने कोविड संक्रमण के तेज प्रसार वाले जिलों पर ध्यान केंद्रित करने और पर्याप्त परीक्षण (आरटी-पीसीआर के उच्च अनुपात के साथ), प्रभावी निगरानी और जीनोम सिक्वेंसिंग की आवश्यकता पर बल दिया। बयान में कहा गया है कि उन्होंने तेजी से संक्रमण का शिकार होने वाले जिलों में बूस्टर खुराक सहित टीकाकरण की गति बढ़ाने का आह्वान किया।

### दिनकर गुप्ता...

अधिकारी और वर्तमान में इंटेलिजेंस ब्यूरो में विशेष निदेशक के रूप में तैनात स्वागत दास को गृह मंत्रालय में विशेष सचिव (आंतरिक सुरक्षा) नियुक्त किया गया। वी एस के कामुदी को सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किए जाने के बाद यह पद पिछले 14 जून को खाली हो गया था। आदेश के मुताबिक छत्तीगसढ़ कैडर के अधिकारी दास को 30 नवंबर, 2024 तक के लिए पद पर नियुक्त किया गया है, जो उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख है।

### भारत के...

लीज पर दी जाएगी। एरियन-5 रॉकेट के जरिए जीसैट-24 समेत मलेशियाई ऑपरेटर एमईएसैट के लिए एमईएसैट-3डी को भी सफलतापूर्वक उनकी निर्धारित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया है। एनएसआईएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राधाकृष्णन दुरईराज ने पीटीआई-भाषा से कहा, संपूर्ण मिशन पूरी तरह से एनएसआईएल द्वारा वित्त पोषित है जिसमें - उपग्रह, प्रक्षेपण, प्रक्षेपण अभियान, बीमा, परिवहन, कक्षा में रखरखाव आदि शामिल है। उपग्रह के कक्षा में स्थापित होने के बाद यह पूरी तरह से एनएसआईएल के स्वामित्व वाला होगा। हम ही इस उपग्रह का संचालन करेंगे।

### ब्रिक्स देशों...

एक अनूठा अंतरराष्ट्रीय संगठन बनाते हैं, जिसका फोकस सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं है। ब्रिक्स युवा सम्मेलन, ब्रिक्स खेल और हमारे सिविल सोसायटी संगठनों और थिंक टैंक के बीच संपर्क बढ़ाकर हमने अपने लोगों के बीच संपर्क भी मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि आज की चर्चा से ब्रिक्स देशों के बीच संबंधों को और मजबूत करने के कई सुझाव सामने आएंगे। चीन इस साल ब्रिक्स सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहा है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने इस शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की। सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल हुए। इस शिखर सम्मेलन का विषय उच्च गुणवत्ता वाली ब्रिक्स साझेदारी को बढ़ावा देना, वैश्विक विकास के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

### ब्रिक्स सभी...

यूरोपीय देश में तथा इसके आसपास मानवीय स्थिति को लेकर अपनी चिंताओं पर चर्चा की। ऑनलाइन शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्राजील के राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो और दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने हिस्सा लिया।

# द्रमुक की बैठक में घमासान, पन्नीरसेल्वम पर फेंकी बोतलें

भाषा। चेन्नई

**अन्नाद्रमुक** की आम परिषद की बैठक में बृहस्पतिवार को हंगामे के बीच सभी 23 प्रस्ताव खारिज कर दिए गए और घोषणा की गई कि परिषद सदस्यों की एकमात्र मांग संयुक्त समन्वयक ई.के. पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व प्रणाली पेश करना है। पार्टी के संयोजक पन्नीरसेल्वम जब मंच से जाने वाले थे, तब उनके बहुत करीब एक बोतल आकर गिरी। बोतल पन्नीरसेल्वम पर गिरने ही वाली थी, लेकिन उनके निजी सुरक्षा अधिकारी ने अपनी बाहें उनके आसपास फैलाकर उन्हें बचा लिया। मंच से उतरकर जब वह निकास द्वार की ओर जा रहे थे तब एक और बोतल उनके पास गिरी। बैठक के समय पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी समर्थकों के बीच जबरदस्त नारेबाजी देखने को मिली। दोनों नेताओं के समर्थकों के बीच जोरदार बहस हुई और दोनों पक्षों ने अपने-अपने नेताओं का पूरा समर्थन किया। पन्नीरसेल्वम और पलानीस्वामी जब बैठक स्थल पर पहुंचे तो दोनों के समर्थकों ने उनका स्वागत करते हुए नारेबाजी की।

दूसरी ओर, द्रमुक के अध्यक्ष व तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्नाद्रमुक में चल रही अंदरूनी लड़ाई का जिक्र किया और कहा कि जो उनकी पार्टी को खत्म करना चाहते थी, वो अब अपने खात्मे की ओर बढ़ रही है। इससे पहले बैठक के दौरान सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया गया और घोषणा की गई कि परिषद के सदस्यों की एकमात्र मांग संयुक्त समन्वयक ई.के. पलानीस्वामी के पक्ष में पार्टी के लिए एकल नेतृत्व व्यवस्था पेश करना है। बैठक शुरू होते ही पहले से तय प्रस्तावों को पारित करने की प्रक्रिया शुरू हुई। इनमें से पहला प्रस्ताव पार्टी समन्वयक ओ. पन्नीरसेल्वम ने जबकि दूसरा पलानीस्वामी ने पेश किया। पलानीस्वामी ने संक्षिप्त संबोधन में पन्नीरसेल्वम को अपना भाई बताया। हाल में राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए वरिष्ठ नेता सी.वी. षणमुगम ने घोषणा की कि सामान्य परिषद सभी प्रस्तावों को खारिज करती है। उन्होंने पलानीस्वामी के पक्ष में अन्नाद्रमुक के लिए एकल नेतृत्व की जरूरत पर बात की। षणमुगम ने कहा कि परिषद के लगभग ज्यादातर (2,500 से अधिक) सदस्यों ने पलानीस्वामी का समर्थन किया। पार्टी के उपसचिव के. पी. मुनुसामी ने कहा कि परिषद सदस्यों ने सभी 23 प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, उनकी एकमात्र मांग केवल एकल नेतृत्व के लिए हैं।

जिस दिन एकल नेतृत्व प्रस्ताव पेश करके उसे पारित किया जाएगा, उसी दिन अन्य सभी प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी। वहीं, पन्नीरसेल्वम, परिषद सदस्यों के एकल नेतृत्व की मांग पर अड़े रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी पलानीस्वामी का पक्ष लिए जाने के बाद बैठक छोड़कर चले गए। पलानीस्वामी के समर्थकों ने जैसे ही उन्हें एक सजा हुआ ताज, एक तलवार और राजदंड भेंट किया, पन्नीरसेल्वम और अन्नाद्रमुक उप सचिव वैथीलिंगम समेत उनके समर्थक बैठक से चले गए। शोर-गुल के बीच परिषद की बैठक 40 मिनट तक चली।

वरिष्ठ पदाधिकारी व पूर्व मंत्री बी. वलरमथी ने पलानीस्वामी के समर्थन में पार्टी के संस्थापक एमजी रामचंद्रन की फिल्म का एक गाना गाया और कहा, एक नेता उभरेगा। बैठक में पलानीस्वामी के समर्थक उन्हें पार्टी का सर्वोच्च नेता बनाने की मांग पर अड़े रहे। यह घटनाक्रम पन्नीरसेल्वम के समर्थकों के सामने पलानीस्वामी खेमे की ताकत को दर्शाता है। बैठक में जब एकल नेतृत्व की मांग उठी, तब पन्नीरसेल्वम मंच पर पलानीस्वामी के निकट बैठे थे। पार्टी ने घोषणा की कि आम परिषद की अगली बैठक 11 जुलाई को होगी।

## कश्मीर में टूरिस्ट गाइड की डूबने से मौत, पर्यटक लापता

**श्रीनगर।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में तरसर झील में डूबने से एक टूरिस्ट गाइड की मौत हो गई, वहीं उत्तराखंड से आया एक ट्रैकर लापता है। एक अधिकारी ने यहां बताया, गांदेरबल जिले का रहने वाला टूरिस्ट गाइड शकील अहमद बुधवार को तरसर झील में डूब गया। उसका शव बृहस्पतिवार को निकाला गया। अधिकारियों के अनुसार, उत्तराखंड से आए ट्रैकर के भी मारे जाने की आशंका है क्योंकि वह बुधवार को भारी बारिश के दौरान फिसलकर झील में गिर गया था। अनेक राज्यों से आए 11 ट्रैकर का समूह तीन स्थानीय गाइड के साथ यात्रा पर निकला था। ए लोग 19 जून को कश्मीर घाटी में भारी बारिश शुरू होने से पहले निकले थे। 10 पर्यटकों और 2 स्थानीय गाइडों को तो बचा लिया गया, वहीं एक लापता पर्यटक का पता लगाने के लिए प्रयास जारी हैं। इस बीच बृहस्पतिवार की सुबह यहां डल झील में एक हाउसबोट डूबने लगी थी और स्थानीय लोगों ने सात पर्यटकों को डूबने से बचा लिया।



नई दिल्ली में राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट की

# त्रिपुरा उपचुनाव में 76.62 प्रतिशत मतदान, विपक्ष का धांधली का आरोप

**अगरतला।** त्रिपुरा की चार विधानसभा सीटों पर बृहस्पतिवार को हुए उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 76.62 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। यह जानकारी मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) किरण गिट्टे ने दी। गिट्टे ने कहा कि अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के कुंजाबन इलाके में ऑफ-ड्यूटी पुलिसकर्मी समीर साहा को चाकू मारने सहित कुछ छिटपुट घटनाओं को छोड़कर मतदान प्रक्रिया काफी हद तक शांतिपूर्ण रही। साहा का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। विपक्षी कांग्रेस ने बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने का आरोप लगाते हुए अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथ पर पुनर्मतदान की मांग की, जबकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने आरोप लगाया कि उपचुनाव के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की गई। सत्तारूढ़ भाजपा ने उन सभी चार सीटों पर जीत का भरोसा जताया जहां चुनाव हुए थे। जुबराजनगर विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 80.41 प्रतिशत मतदान हुआ, सूरमा निर्वाचन क्षेत्र में 80 प्रतिशत मतदान हुआ। टाउन बारदोवाली विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 69.54 प्रतिशत मतदान हुआ जहां से मुख्यमंत्री माणिक साहा भाजपा के उम्मीदवार हैं। अगरतला सीट पर 76.72 फीसदी मतदान हुआ। राज्य में 2018 के विधानसभा चुनाव में 87 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ था और शाम तक जारी था क्योंकि आखिरी घंटों के दौरान मतदान बूथ के बाहर मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। गिट्टे ने कहा, हमें अब तक मतदान और पुनर्मतदान की मांग के संबंध में कोई बड़ी शिकायत नहीं मिली है। उपचुनाव में कुल 1,89,032 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के पात्र थे। मुख्यमंत्री साहा ने चारों सीटों पर जीत का विश्वास जताया। उन्होंने कहा, मतदाताओं ने बूथ पर कतार में खड़े होकर अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। हम चार सीटें जीतने के लिए 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं। मतदान अच्छा रहा, जो सत्तारूढ़ भाजपा में लोगों के विश्वास को दर्शाता है। कांग्रेस ने अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथों पर फिर से मतदान की मांग की, जहां पार्टी के सुदीप रॉय बर्मन भाजपा के अशोक सिन्हा के खिलाफ खड़े हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बिरजीत सिन्हा ने कहा, हम हमलों, धमकियों और डराने-धमकाने के बावजूद कांग्रेस को वोट देने वाले लोगों को बधाई देते हैं। पार्टी जल्द ही अगरतला निर्वाचन क्षेत्र के चार बूथ पर बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के लिए पुनर्मतदान की मांग करेगी। मुख्यमंत्री के खिलाफ कांग्रेस उम्मीदवार आशीष साहा ने कहा, मतदाताओं को रोकने के सभी प्रयासों के बावजूद, बड़ी संख्या में लोग मतदान केंद्रों पर पहुंचे और मतदान किया। टाउन बारदोवाली निर्वाचन क्षेत्र में मध्यम मतदान कांग्रेस के लिए एक अच्छा संकेत है। माणिक साहा को राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहने के लिए यह चुनाव जीतने की जरूरत है। वह राज्यसभा सांसद हैं, जिन्होंने पिछले महीने तत्कालीन मुख्यमंत्री बिप्लब देब के अचानक इस्तीफे के बाद शपथ ली थी। राज्य में पैठ बनाने की कोशिश कर रही टीएमसी ने भाजपा समर्थित गुंडों द्वारा बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया। टीएमसी के प्रदेश प्रभारी राजीव बनर्जी ने आरोप लगाया, भाजपा समर्थित गुंडों ने एक पुलिस कांस्टेबल को चाकू मार दिया, जबकि सूरमा से पार्टी के उम्मीदवार पर हमला किया गया। कई फर्जी मतदाता कतारों में देखे गए। उपचुनाव के नाम पर लोकतंत्र की हत्या की गई है।

## अरुणाचल में एनएससीएन आईएम के दो उग्रवादी गिरफ्तार

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले से प्रतिबंधित एनएससीएन-आईएम के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त दल ने मंगलवार को रंगकातु चाय बागान इलाके से कोंग्सा गांव के बैतु योंग्जा (51) को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक मिहिन गाम्बो ने बताया कि वह एनएससीएन-आईएम की ओर से चाय बागान के प्रबंधक से वसूली करने गया था। बुधवार को एनएससीएन-आईएम के एक अन्य कैडर को पुलिस, असम राइफल्स और सीआरपीएफ के संयुक्त दल ने उसी इलाके से पकड़ा था। आरोपी की पहचान नमतोक सर्किल के फांगसुम गांव के चकंगम कोंगकांग (30) के रूप में की गई है।

## सैलजा, सिंघवी, सुब्बारामी रेड्डी और लल्लू कांग्रेस कार्य समिति में शामिल

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा और कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को कांग्रेस कार्य समिति का सदस्य बनाया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव के.सी. वेणुगोपाल की ओर से बृहस्पतिवार को जारी एक बयान के अनुसार, उत्तरप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू को कार्य समिति का विशेष आमंत्रित सदस्य और पूर्व केंद्रीय मंत्री टी सुब्बारामी रेड्डी को स्थाई आमंत्रित सदस्य बनाया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ए नियुक्तियां की हैं। सोनिया गांधी की करीबी माने जाने वाली सैलजा कुछ सप्ताह पहले तक हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष थीं। सिंघवी विख्यात अधिवक्ता होने के साथ ही पिछले कई वर्षों से कांग्रेस के प्रवक्ता की भूमिका निभा रहे हैं। वह राज्यसभा सदस्य भी हैं।

# अर्जुन मुंडा ने जनजातीय विधायकों, सांसदों से मुर्मू के समर्थन का अनुरोध किया

भाषा। नई दिल्ली

**राष्ट्रपति पद** की दौड़ में द्रौपदी मुर्मू की उम्मीदवारी को केवल राजनीतिक चश्मे से नहीं देखे जाने पर जोर देते हुए केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को सभी आदिवासी विधायकों और दलों से राजनीति से ऊपर उठने और उनका समर्थन करने की अपील की। इस सप्ताह की शुरुआत में, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने देश के शीर्ष संवैधानिक पद के लिए भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार के रूप में 64 वर्षीय मुर्मू के नाम की घोषणा की थी। झारखंड की राज्यपाल मुर्मू निर्वाचित होने पर भारत की राष्ट्रपति बनने वाली पहली आदिवासी नेता होंगी, उनके चुने जाने की प्रबल संभावना है क्योंकि आंकड़े राजग के पक्ष में हैं। खुद एक आदिवासी नेता मुंडा ने मुर्मू के नामांकन को आदिवासी समुदाय के लिए बेहद खुशी और गर्व की बात करार दिया।

मुंडा ने बताया मुझे लगता है कि यह हमारी आजादी के 75वें वर्ष में देश के पूरे आदिवासी समुदाय के लिए सबसे बड़ा सम्मान है। मैं सभी आदिवासी विधायकों, सांसदों और आदिवासियों की राजनीति करने वाले झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसी दलों से अपील करता हूं कि उनका समर्थन करें। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि उनके समर्थन की घोषणा करने में देरी क्यों हो रही है। शीर्ष संवैधानिक पद के लिए एक आदिवासी महिला को नामित करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नड्डा को धन्यवाद देते हुए, मुंडा ने कहा, यह निर्णय उन राजनीतिक दलों को बेनकाब करता है जिन्होंने आदिवासियों के बारे में बहुत सारी बातें कीं और खुद के आदिवासी कल्याण के ध्वजवाहक होने का दावा किया, लेकिन उनके लिए किया कुछ नहीं। हमारे प्रधानमंत्री उनके बारे में बेहद संवेदनशील हैं।

मुर्मू की उम्मीदवारी को राजनीति के चश्मे से नहीं देखने की नेताओं से अपील करते हुए मंत्री ने कहा, उन्हें पहले आदिवासी के रूप में देखा जाना चाहिए, और इसलिए, सभी को आगे आना चाहिए और अपना सम्मान व्यक्त करना चाहिए...। ओडिशा के पिछड़े क्षेत्र मयूरभंज से आने वाली मुर्मू को मृदुभाषी और मिलनसार नेता माना जाता है। मुर्मू ने पार्टी में विभिन्न पदों पर कार्य किया है और राज्य में बीजू जनता दल के साथ पार्टी के गठबंधन के दौरान वह मंत्री भी रहीं। संयोग से, उनके नाम पर 2017 में भी शीर्ष संवैधानिक पद के लिए भाजपा की संभावित पसंद के रूप में चर्चा हुई थी लेकिन तब पार्टी ने राम नाथ कोविंद को इस पद के दावेदार के तौर पर चुना था।



नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शिष्टाचार भेंट की

## तमिलनाडु में पटाखे बनाने वाली इकाई में विस्फोट, तीन की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के कुडलूर में पटाखे बनाने वाली इकाई में बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई है। घटनास्थल यहां से करीब 174 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने यह जानकारी दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को तीन-तीन लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। उन्होंने अधिकारियों को नेल्लीकुप्पम गांव के वसंता का अच्छा इलाज कराने का निर्देश दिया, जो दुर्घटना में घायल हो गई है। पुलिस के अनुसार, कुडलूर जिले के एम पुदुर में पटाखा बनाने वाली इकाई में आग लगने के बाद तीन श्रमिकों की मौत हो गई। हादसे में पूरी इकाई तबाह हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह पटाखा बनाने वाली इकाई में हुए विस्फोट में पेरियाकाराइकाडु गांव की चित्रा (35), नेल्लीकुप्पम गांव की अंबिका (50) और मूलक्कुप्पम गांव के साथियाराज (34) की मौत से दुखी हैं और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।

## क्विक न्यूज

### हिजाब विवादः दो मुस्लिम छात्राओं ने कॉलेज से एनओसी, तो एक ने टीसी ली

**मंगलुरु।** कर्नाटक के मंगलुरु स्थित कॉलेज में हिजाब पर रोक का विरोध करने वाली दो मुस्लिम छात्राओं को अन्य कॉलेज में नामांकन के लिए अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) दिया गया है, जबकि एक को स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (टीसी) जारी किया गया है। तीन छात्राओं में से दो ने प्रेस वार्ता कर विश्वविद्यालय परिसर में वर्दी नियम को सख्ती से लागू करने के फैसले पर सवाल उठाया था। कॉलेज की प्राचार्या अनसूइया राय ने कहा कि प्रेस वार्ता में शामिल एक अन्य छात्रा ने कॉलेज को पत्र लिखकर माफी मांगी है और वह ऑनलाइन कक्षाओं में हिस्सा ले रही है। राय ने कहा कि केरल की रहने वाली एम.एससी (रसायन विज्ञान) की अन्य मुस्लिम छात्रा ने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए स्थानांतरण प्रमाण-पत्र लिया है। एनओसी से छात्राएं अन्य स्नातक कॉलेज में दाखिला ले पाएंगी। टीसी तब जारी की जाती है जब किसी अन्य कॉलेज में प्रवेश को मंजूरी मिल जाती है। मंगलुरु विश्वविद्यालय के कुलपति पी एस यदापदित्या ने घोषणा की थी कि अगर मुस्लिम छात्राएं विश्वविद्यालय के वर्दी नियमों का पालन करने को तैयार नही है और अन्य कॉलेज में दाखिला लेना चाहती है, जहां ए प्रतिबंध नही है, तो उनके लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। इस साल मार्च में, कर्नाटक उच्च न्यायालय ने कक्षा में हिजाब पहनने की अनुमति देने का आग्रह करने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया था, और कहा था कि हिजाब इस्लामी आस्था में आवश्यक प्रथा का हिस्सा नही है। इससे पहले फरवरी में, कर्नाटक सरकार ने स्कूलों और कॉलेजों में समानता, अखंडता और लोक व्यवस्था को बाधित करने वाले कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जिसे उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई थी।

### आरएसएस से संबद्ध संगठन ने द्रौपदी मुर्मू को सर्वसम्मति से निर्वाचित करने की अपील की

**नई दिल्ली।** आरएसएस से जुड़े संगठन अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाए जाने के राजग के निर्णय को ऐतिहासिक करार देते हुए बृहस्पतिवार को सभी दलों से उन्हे सर्वसम्मति से निर्वाचित करने की अपील की। संगठन ने दलों से कहा कि मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिए सर्वसम्मति से निर्वाचित करके वे जनजातीय समुदाय के सर्वांगीण प्रगति के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध संगठन ने एक बयान में कहा कि भारतीय परंपरा और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होने तथा गौरवशाली परंपरा का ध्वजवाहक होने के बावजूद जनजातीय समाज को वर्षो से नजरंदाज किया जा रहा था। बयान में कहा गया है कि देश में 12 करोड़ जनजातीय लोग होने के मद्देनजर मुर्मू का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया जाना सामाजिक बदलाव लाने की दिशा में एक अहम कदम है। अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम ने कहा कि अगर वह राष्ट्रपति के रूप में चुनी जाती हैं तब उनके दयालु व्यवहार और नीतिगत मामलो की उनकी समझ तथा उनके समृद्ध अनुभव से देश को काफी लाभ होगा। संगठन ने कहा कि एक संथाली महिला को देश के राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार नामित करके भाजपा नीत राजग ने ऐतिहासिक फैसला किया है।

### बिहार की सड़कों को लेकर प्रशांत ने नीतीश पर कसा तंज

**पटना।** जन सुराज अभियान के संयोजक प्रशांत किशोर ने बृहस्पतिवार को अपने पूर्व संरक्षक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्य की सडकों को लेकर किए गए दावे को झूठा करार दिया। किशोर ने मधुबनी जिले से गुजरने वाले एक राष्ट्रीय राजमार्ग के वीडियो को ट्विटर के जरिए साझा करते हुए कटाक्ष किया, 90 के दशक के जंगलराज में बिहार में सड़कों की स्थिति की याद दिलाता यह बिहार के मधुबनी जिले का नेशनल हाईवे 227 (एल) है। उन्होंने कहा, अभी हाल में ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी एक कार्यक्रम में पथ निर्माण विभाग के लोगों को बोल रहे थे कि बिहार में सड़कों की अच्छी स्थिति के बारे में उन्हें सबको बताना चाहिए। उन्होंने 1990 के दशक के कथित जंगल राज का संदर्भ लालू प्रसाद और राबड़ी देवी के शासन के संबंध में दिया जिन्होंने 2005 में नीतीश के नेतृत्व वाले राजग द्वारा पराजित होने से पूर्व 15 साल तक बिहार पर शासन किया था। अराजकता और सड़कों की खराब स्थिति दो प्राथमिक मुद्दे थे जिन पर राजद को आलोचना का सामना करना पड़ा। किशोर ने वर्ष 2015 के विधानसभा चुनाव में लालू-नीतीश गठबंधन को जीत दिलाने में मदद की थी और औपचारिक रूप से नीतीश की पार्टी जदयू में शामिल हो गए थे। वह जदयू मे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर आसीन किए गए थे। चुनावी रणनीतिकार से राजनीति में आए प्रशान्त किशोर ने अपने गृह राज्य में नीचे से ऊपर की परिवर्तनकारी राजनीति का वादे के साथ अब राजनीति में पूर्णकालिक शुरुआत करते हुए इनदिनों प्रदेश का दौरा कर रहे है।

# लारेंस बिश्नोई ने मूसेवाला हत्याकांड में मास्टरमाइंड होना स्वीकार कियाः पंजाब पुलिस

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के एडीजीपी प्रमोद बान ने बृहस्पतिवार को कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने स्वीकार किया है कि वह पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मास्टरमाइंड था और पिछले अगस्त से इसकी योजना बना रहा था। गैंगस्टर रोधी कार्यबल के प्रमुख बान ने कहा कि एक अन्य आरोपी बलदेव उर्फ निक्कू को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। शुभदीप सिंह सिद्धू, जिन्हें सिद्धू मूसेवाला के नाम से जाना जाता था, की पंजाब के मानसा जिले में 29 मई को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इससे एक दिन पहले पंजाब सरकार ने गायक और 423 लोगों के सुरक्षा कवर में कटौती की थी। बान ने कहा, हमने हाल ही में लॉरेंस बिश्नोई को इस मामले में गिरफ्तार किया था और उसका रिमांड 27 जून तक बढ़ा दिया गया था। उसने स्वीकार किया है कि वह (मूसेवाला की हत्या में) मास्टरमाइंड था।

एडीजीपी ने कहा, हत्या को अंजाम देने की साजिश पिछले साल अगस्त से रची जा रही थी। तीन बार रेकी की गई थी। जनवरी में भी शूटर का एक अलग समूह मूसेवाला को मारने आया था, लेकिन सफल नहीं हुआ। मूसेवाला की हत्या में इस्तेमाल किए गए वाहन में फतेहाबाद स्थित एक पेट्रोल पंप की 25 मई की एक रसीद मिली थी, जिसके बाद पंजाब पुलिस ने कड़ियों को जोड़ा। फतेहाबाद पेट्रोल पंप से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज से हमने आरोपी प्रियव्रत उर्फ फौजी की पहचान की। हमने अब तक 13 लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरी साजिश का खुलासा हो गया है। मानसा की एक अदालत ने गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में पूछताछ के लिए पिछले सप्ताह दिल्ली से पंजाब पुलिस द्वारा लाए गए गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई का पुलिस रिमांड बढ़ा दिया था। दिल्ली पुलिस ने मामले में दो शूटर सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने सोमवार को कहा था कि उनमें से एक घटना के समय कनाडा में रह रहे गैंगस्टर गोल्डी बरार के संपर्क में था।

# वाजपेयी की भारतीय जनता पार्टी का सदस्य था, इस पर गर्व हैः यशवन्त सिन्हा

## कहा, वंचितों के लिए मुर्मू से ज्यादा काम किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने अनुसूचित जनजातियों और अन्य वंचित वर्गों के लिए राजग की इस शीर्ष पद की प्रत्याशी द्रौपदी मुर्मू से बहुत ज्यादा काम किया है। सिन्हा ने झारखंड की राज्यपाल समेत अनेक पदों पर रहते हुए मुर्मू के कल्याणकारी कार्यों के रिकॉर्ड पर सवाल भी उठाया। वर्ष 2018 से पहले लंबे समय तक भाजपा में रहने के बावजूद सिन्हा के साथ विपक्ष के समर्थन को लेकर कुछ हलकों में उठ रहे सवालों के बारे में पूछे जाने पर पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की अगुवाई वाली पार्टी का सदस्य रहने के दौरान अपने रिकॉर्ड पर गर्व है।

आज की भाजपा वाजपेई की भाजपा से भिन्न है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में लोकतांत्रिक मूल्य खतरे में हैं। सिन्हा (84) ने कहा कि इस बार राष्ट्रपति चुनाव पहचान की नहीं बल्कि विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने कहा, यह पहचान का प्रश्न नहीं है कि कौन मुर्मू हैं या कौन सिन्हा हैं। यह प्रश्न है कि वह हमारे राजतंत्र में किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करती हैं और मैं किस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करता हूं। सिन्हा ने कहा कि वह भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए खड़े हुए हैं।

सत्तारूढ़ गठबंधन के अनेक नेताओं द्वारा मुर्मू की साधारण पृष्ठभूमि और आदिवासी पहचान का जगह-जगह उल्लेख किए जाने और उनकी प्रशंसा किए जाने के संदर्भ में सिन्हा ने कहा, वह आदिवासी समुदाय से आती हैं। लेकिन उन्होंने क्या किया है? वह झारखंड की राज्यपाल रहीं। आदिवासियों की हालत सुधारने के लिए क्या कदम उठाए? किसी समुदाय में जन्म लेने भर से आप खुद ब खुद समुदाय के पैरोकार नहीं बन जाते। जब मैं वित्त मंत्री था तब लगातार पांच साल में पेश किए गए बजटों को देखिए। हर बजट में अनसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिलाओं समेत कमजोर वर्गों के लिए विशेष प्रावधान थे। यह उस सरकार की नीति थी जिसमें मैं काम कर रहा था। मैं आज दावा कर सकता हूं कि मैंने वंचितों और आदिवासियों के लिए उनसे ज्यादा काम किया है। बस मैं आदिवासी समुदाय में नहीं जन्मा।

सिन्हा ने आरोप लगाया कि भाजपा पहचान की राजनीति पर आश्रित है जबकि विपक्ष वैचारिक संदेश दे रहा है। राष्ट्रपति चुनाव में निर्वाचक मंडल की संख्या मुर्मू के पक्ष में मजबूती से दिखाई दे रही है, लेकिन नौकरशाही से राजनीति में आए सिन्हा ने कहा कि वह जीतने के पूरे दृढ़संकल्प के साथ चुनाव में उतरे हैं। उन्होंने दावा किया, मैं जानता हूं कि अनेक हलकों से संकेत मिल रहे हैं कि बीच में जो दल हैं वे हमसे ज्यादा भाजपा की ओर ज्यादा झुकाव रखते हैं। ए शुरुआती दिन हैं। आगे जाकर चीजें बदलेंगी।

सिन्हा ने कहा कि वह 27 जून को अपना नामांकन दाखिल करने के बाद हर पार्टी के सदस्यों से समर्थन के लिए बात करेंगे और देशभर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा, जब हमने चुनाव प्रचार शुरू किया था तो भाजपा बहुमत से पीछे थी। मुकाबला खुला है। मैं मैदान में हूं और हम अच्छा मुकाबला करेंगे। सिन्हा ने कहा कि राष्ट्रपति का आधारभूत काम संविधान की रक्षा और संरक्षण करना है और जब भी वह देखे कि कार्यपालिका सीमारेखा पार कर रही है तो उसे अनुशासित करना भी राष्ट्रपति की जिम्मेदारी होती है। यदि राष्ट्रपति भवन में ऐसा व्यक्ति बैठा है जो बोलने का साहस नहीं करता तो कार्यपालिका नियंत्रण में नहीं रहेगी।

भाजपा के साथ अपने करीब ढाई दशक के साथ के बारे में पूछे गए सवाल पर सिन्हा ने कहा कि आज अनेक राजनीतिक दल हैं जो वाजपेई नीत सरकार का समर्थन कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि उस समय जो भाजपा थी, आज अस्तित्व में नहीं है।

इस समय भाजपा की धुर विरोधी दो पार्टियां- तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक अलग-अलग समय पर वाजपेई सरकार में शामिल रही थीं। सिन्हा ने कहा कि वाजपेई महान सांसद थे, लोकतंत्र और आम-सहमति से काम करने वाले बड़े नेता थे। उन्होंने इराक युद्ध और पाकिस्तान पर तत्कालीन वाजपेई सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ ही विपक्षी सदस्यों से भी महत्वपूर्ण विषयों पर बात करते थे। सिन्हा ने आरोप लगाया, यह (मोदी) सरकार आम-सहमति में भरोसा नहीं रखती। यह उस भाजपा तथा इस भाजपा में बुनियादी अंतर है। यह भाजपा अलग है। मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अदालतों समेत लोकतांत्रिक संस्थाओं का अवमूल्यन हुआ है।

### सिन्हा सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं : माकपा सांसद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल से माकपा के एकमात्र सांसद विकास रंजन भट्टाचार्य ने कहा कि यशवंत सिन्हा राष्ट्रपति पद के लिए सर्वश्रेष्ठ उम्मीदवार नहीं हैं, हालांकि, विपक्षी एकता के लिए इसे स्वीकार करना होगा। भाजपा और तृणमूल कांग्रेस में रह चुके सिन्हा की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताते हुए भट्टाचार्य ने कहा कि कोई और उम्मीदवार चुना जा सकता था, जो ज्यादा स्वीकार्य होता। मैं उम्मीदवार के चयन से नाखुश हूं। इसका यह मतलब नहीं है कि राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का फैसला गलत था। राष्ट्रपति चुनाव में सिन्हा को अपना उम्मीदवार बनाने के लिए कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और वाम दलों सहित कई विपक्षी दल एक साथ आए हैं। सिन्हा का मुकालबा भाजपा नीत राजग की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू से है।

# यूरोपीय संघ के नेतागण यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा देने को तैयार

भाषा। ब्रसेल्स

**यूरोपीय संघ (ईयू) के** नेता 27 देशों के इस संगठन में शामिल होने के लिए बृहस्पतिवार को यूक्रेन को उम्मीदवार का दर्जा देने के लिए तैयार हैं। संगठन की पूर्ण सदस्यता के लिए एक लंबे और अप्रत्याशित सफर का यह पहला कदम है। ईयू की सदस्यता के लिए पहल 24 फरवरी को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण शुरू होने के कुछ ही दिनों बाद की गई थी। ऐसे संकेत हैं कि युद्धग्रस्त देश का सदस्यता के लिए दावेदार बनना अब तय सा हो गया है। ब्रसेल्स में होने वाले शिखर सम्मेलन से पहले नाम उजागर नहीं करने की शर्त के साथ यूरोपीय संघ के कई राजनयिकों ने कहा कि यूक्रेन के पक्ष में सर्वसम्मत अनुमोदन होगा जो चर्चा शुरू करने के लिए आवश्यक है। यूरोपीय संघ के 27 राष्ट्र रूसी हमले के खिलाफ यूक्रेन के प्रतिरोध का समर्थन करने, मास्को के खिलाफ अभूतपूर्व आर्थिक प्रतिबंधों को स्वीकार करने में एकजुट हैं। हालांकि, शुरू में नेताओं मे इस बात को लेकर मतभेद था कि यूरोपीय संघ को यूक्रेन को सदस्य बनाने के लिए कितनी जल्दी आगे बढ़ना चाहिए। नीदरलैंड, स्वीडन और डेनमार्क जैसे देशों ने सबसे अधिक संदेह जताया था। संगठन की सदस्यता के लिए यूक्रेन के प्रयासों को पिछले हफ्ते तब बल मिला जब यूरोपीय संघ की कार्यकारी शाखा-यूरोपीय आयोग ने अप्रैल और मई की शुरुआत में एक प्रश्नावली के यूक्रेन के जवाबों के आधार पर अपनी मंजूरी प्रदान कर दी। इस दिशा में यूक्रेन को एक और कामयाबी तब मिली।



## पूर्वी यूक्रेन में दो गांवों पर रूस ने किया कब्जा

**कीव।** रूसी सेना ने पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्र पर अपनी पकड़ विस्तारित करते हुए बृहस्पतिवार को दो गांवों पर कब्जा कर लिया। साथ ही, रूस एक प्रमुख राजमार्ग पर कब्जा कर रसद आपूर्ति को काटना और अग्रिम पंक्ति के कुछ यूक्रेनी सैनिकों की घेराबंदी करना चाहता है। ब्रिटिश और यूक्रेनी सैन्य प्रमुखों ने यह जानकारी दी। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेनी सैनिकों को लाइसीचांस्क शहर के नजदीक कुछ इलाकों से पीछे हटा लिया गया है, ताकि घेराबंदी की आशंका टाली जा सके। दरअसल, रूस ने वहां सैनिक भेजे है जो इलाके मे गोलाबारी कर रहे है। यह यूक्रेन के खिलाफ रूस के युद्ध मे एक नवीनतम नया युद्ध क्षेत्र है। यूक्रेन की थल सेना के प्रमुख ने कहा कि रूसी सैनिकों ने लोसकुतीवका और राई-ओलेक्सांद्रीवका गांवों पर कब्जा कर लिया है तथा वे सीवेरोदोत्स्क के बाहर सारोटाइन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे है।

## क्वात्रा ने की राजपक्षे से मुलाकात, श्रीलंका की स्थिति और भारतीय सहयोग पर चर्चा हुई

भाषा। कोलंबो

**विदेश सचिव** विनय क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने श्रीलंका की वर्तमान स्थिति और देश को अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निकालने के लिए भारत की ओर से दिए जा रहे सहयोग पर चर्चा की। न्यूजफर्स्ट.आईके वेबसाइट की खबर के अनुसार क्वात्रा ने राजपक्षे से कहा कि भारत श्रीलंका को मुश्किल हालात से निकालने के लिए एक करीबी मित्र के रूप में पूरा सहयोग देता रहेगा। विदेश सचिव के साथ भारत के वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव अजय सेठ, भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉक्टर वी.ए. नागेश्वरन और भारतीय विदेश मंत्रालय के हिंद महासागर क्षेत्र मामलों के संयुक्त सचिव कार्तिक पांडे मौजूद थे। प्रतिनिधिमंडल ने ईंधन, दवा, उर्वरक और अन्य आवश्यक वस्तुओं के मामले में पहले प्रदान की गई।

## मानवाधिकारों और लोकतंत्र पर बाइडन का रुख एकदम स्पष्ट : व्हाइट हाउस

भाषा। वाशिंगटन



**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो बाइडन मानवाधिकारों और लोकतंत्र के महत्व को लेकर स्पष्ट रुख रखते हैं तथा इन मामलों में विश्व नेताओं से सीधे तौर पर बात करने में उन्हें कोई परेशानी नहीं है। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता केरिन ज्यां-पियरे ने बुधवार को हुए संवाददाता सम्मेलन में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। पियरे से पूछा गया था कि क्या बाइडन पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो पूर्व पदाधिकारियों की कथित विवादित टिप्पणियों के बाद भारत के विभिन्न राज्यों में हुए हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अल्पसंख्यकों के अधिकारों के मुद्दे पर बात करेंगे। पियरे से यह भी सवाल किया गया कि क्या व्हाइट हाउस कथित रूप से हिंसा से जुड़े लोगों के मकान तोड़े जाने पर कोई टिप्पणी करना चाहता है और क्या इस बात की संभावना है कि बाइडन अगले महीने अपनी इजराइल यात्रा के दौरान मोदी पर भारत में मुसलमानों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दबाव डालेंगे। बाइडन इजराइल यात्रा के दौरान मोदी, इजराइल के प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति से डिजिटल माध्यम से मुलाकात कर सकते हैं। इन सवालों पर पियरे प्रत्यक्ष रूप से कोई जवाब देने से बचती नजर आईं और उन्होंने कहा कि वह यह नहीं बता सकतीं कि उनकी बातचीत विशेष रूप से किस विषय पर होने वाली है। हालांकि, उन्होंने कहास बाइडन का रुख एकदम स्पष्ट है। उन्हें मानवाधिकार, स्वतंत्रता और लोकतंत्र के महत्व के मुद्दे पर विश्व नेताओं से सीधे तौर पर बात करने में कोई परेशानी नहीं होती।

## प्रेमिका को आतंकित करने के जुर्म में भारतीय मूल के मलेशियाई नागरिक को जेल

**सिंगापुर।** सिंगापुर में भारतीय मूल के एक मलेशियाई नागरिक को अपनी प्रेमिका को आतंकित करने के जुर्म में सात महीने और तीन सप्ताह की जेल की सजा सुनाई गई है। व्यक्ति पर सिम कार्ड निगलने के बाद प्रेमिका का फोन तोड़ने, उसका पासपोर्ट फाड़ने और उसका गला दबाने की कोशिश करने के भी आरोप थे।

## गैस आपूर्ति संकट का सामना कर रहा जर्मनी, चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी की

**बर्लिन।** जर्मनी ने प्राकृतिक गैस की आपूर्ति के लिए त्रिस्तरीय आपात योजना के दूसरे चरण में पहुंचने की घोषणा की और चेतावनी है कि रूस की तरफ से कम होती आपूर्ति के चलते सर्दी के लिए भंडारण लक्ष्यों को लेकर खतरा पैदा हो गया है। 14 जून से रूस की ओर से आपूर्ति में कटौती और बाजार में गैस के दामों में उछाल के चलते उसे चिंताजनक स्तर की चेतावनी जारी करनी पड़ी है। तीसरा और अंतिम चरण आपात स्तर कहा जाएगा। फिलहाल गैस भंडारण केंद्रों की क्षमता 58 प्रतिशत है, जो बीते साल के इस समय की तुलना में अधिक है। लेकिन यदि आगे कदम नहीं उठाए गए तो दिसंबर तक 90 प्रतिशत क्षमता हासिल करने का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given on behalf of **Mrs. Sunita W/o. Mr. Raja Ram** who is owner of House Property ID No.195C131U190B, area measuring 193 Sq. Yds., situated at Waka Siwana Mauza Tikari, in abadi of Lal Dora, Gurugram, Tehsil Badshahpur, District Gurugram (Haryana); vide Sale Deed dated 17.01.2020 (vide Document No.13353) and intend to mortgage against the financial assistance from **Vastu Housing Finance Corporation Ltd.** To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any person(s) having any objection regarding ownership and/ or creating mortgage of the said property is/are hereby requested to intimate in writing to the undersigned within 7 days at below address.

**Lucem Legal LLP**
269, Rama House, Ground Floor, Masjid Moth, Opp. Uday Park, South Ext.-II, New Delhi-110049
Contact # 011- 40046316

# कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है: न्यायमूर्ति चंद्रचूड़



भाषा। लंदन

**नवंबर में भारत** के अगले प्रधान न्यायाधीश बनने जा रहे न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ ने लंदन में एक व्याख्यान में कहा कि कानून से बदलाव की आकांक्षाएं होती हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एल्युमिनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ब्रिटेन और एलएसई साउथ एशिया सेंटर के बीच साझेदारी के तहत बुधवार को लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स (एलएसई) में आयोजित इंडिया ऐट 75 विषयक व्याख्यान आयोजित किया गया। कानून से बदलाव की आकांक्षा होती है और जो जवाब मिलते हैं वे इस पर आधारित होते हैं कि आप विमर्श की रूपरेखा कैसे तय करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, बाहरी मतभेद कमजोरी नहीं, बल्कि संविधान की ताकत को चिह्नित करते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने एक संवैधानिक ढांचे के भीतर परस्पर विरोधी अधिकारों के अस्तित्व की संभावना पर बात की। उन्होंने समझाया कि कैसे न्यायपालिका संविधान के संबंध में सामान्य अच्छाई के अपने दृष्टिकोण के आधार पर अधिकारों की व्याख्या करती है और जहां राष्ट्रीय पहचानों को एक राष्ट्र के अतीत से पहचाना जा सकता है, वहीं एक संवैधानिक पहचान संतुलन बनाती है। उन्होंने कहा, हमारा अस्तित्व हमारे जागरूक रहने की क्षमता पर निर्भर करता है। एनआईएसएयू ब्रिटेन की अध्यक्ष सनम अरोरा ने कहा, एलएसई संयोग से इस साल डॉ बी आर आंबेडकर की पीएचडी का शताब्दी वर्ष मना रहा है। इसी जगह एनआईएसएयू का जन्म हुआ था और इस तिहरे अवसर पर हमारे साथ डॉ चंद्रचूड़ की उपस्थिति बड़े सम्मान की बात है।

## अमृतसर में 450 वन तैयार करेगा अमेरिका का सिख संगठन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक सिख संगठन ने बुधवार को घोषणा की कि 2027 में अमृतसर की 450वीं वर्षगांठ मनाने के लिए उसकी योजना अगले पांच वर्षों के दौरान पवित्र शहर में 450 वन तैयार करने की है। इकोसिख संगठन 27 जून को अमृतसर के 445 वें स्थापना दिवस पर एक अभियान शुरू करेगा ताकि उस पर्यावरणीय संकट से निपटने में मदद मिल सके जिसका सामना शहरवासी कर रहे हैं।

## डब्ल्यूएचओ ने मंकीपॉक्स पर विचार के लिए बैठक बुलाई

**लंदन।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बृहस्पतिवार को अपनी आपात समिति की बैठक बुलाई है ताकि यह विचार किया जा सके कि क्या मंकीपॉक्स के बढ़ते प्रकोप को वैश्विक आपातकाल घोषित किया जाना चाहिए। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिम में बीमारी फैलने के बाद ही डब्ल्यूएचओ ने कार्वाई करने का मन बनाया है।

# जयशंकर ने रवांडा में भारतीय समुदाय से मुलाकात की

## भारत की प्रगति के बारे में बताया

भाषा। किगाली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में योगदान के लिए रवांडा में भारतीय समुदाय की सराहना की और इस पूर्वी अफ्रीकी देश की अपनी यात्रा के दौरान समुदाय के सदस्यों के साथ बातचीत में भारत की प्रगति के बारे में बात की।

जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वीं बैठक (चोगम) में भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर 22 से 25 जून तक रवांडा में हैं। वह 24-25 जून को राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे और चोगम से पहले आज किगाली में विदेश मंत्रियों की बैठक में शामिल होंगे। वह चोगम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसे पहले कोविड-19 महामारी के कारण दो बार स्थगित कर दिया गया था। उन्होंने बृहस्पतिवार को एक ट्वीट में कहा, "कल शाम किगाली में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करके अच्छा लगा। भारत में प्रगति के बारे में उनसे बात की। भारत-रवांडा संबंधों में उनके योगदान की सराहना की। किगाली में राष्ट्रमंडल कार्यक्रमों के लिए भारतीय प्रतिभागियों से भी मुलाकात की। बुधवार को, जयशंकर ने केन्या के विदेश मामलों के कैबिनेट सचिव रेशेल ओमामो से मुलाकात की और यूक्रेन में संघर्ष के प्रभाव एवं द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की। जयशंकर ने एक अन्य ट्वीट में कहा, "केन्या के मेरे दोस्त रेशेल ओमामो से मिलकर बहुत अच्छा लगा। हमारी चर्चा खाद्य, ईंधन और उर्वरक सुरक्षा पर यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव पर केंद्रित रही। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जारी हमारे सहयोग की पुन: पुष्टि की। जुलाई 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रवांडा की ऐतिहासिक यात्रा की थी क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पूर्वी अफ्रीकी देश की पहली यात्रा थी। रवांडा में लगभग 3,000 भारतीय नागरिक और पीआईओ (भारतीय मूल के व्यक्ति) हैं।



विदेश मंत्री जयशंकर कनाडा की विदेश मंत्री से मुलाकात करते हुए

## रवांडा के अपने समकक्ष के साथ राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा की

**किगाली (रवांडा)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को रवांडा के अपने समकक्ष विन्सेंट बिरूटा के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होने शुक्रवार से शुरू हो रहे राष्ट्रमंडल शिखर सम्मेलन के एजेंडे पर चर्चा की और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर राष्ट्रमंडल शासनाध्यक्षों की 26वी बैठक (चोगम) मे भाग लेने के लिए चार दिवसीय यात्रा पर बुधवार को यहां पहुंचे। वह 24-25 जून को 54 देशों के ब्लॉक के शिखर सम्मेलन मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होने ट्वीट किया, "मेरे मेजबान समकक्ष रवांडा के विदेश मंत्री विन्सेंट बिरूटा से मुलाकात कर दिन की शुरुआत की। द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की और प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी की 2018 यात्रा के बाद हुई संबंधित प्रगति पर चर्चा की। राष्ट्रमंडल एजेंडे पर चर्चा की और रवांडा मे सफल शिखर सम्मेलन की कामना की। क्षेत्रीय घटनाक्रम पर विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर चोगम से पहले बृहस्पतिवार को विदेश मंत्रियो की बैठक मे शामिल होगे। छब्बीसवे चोगम शिखर सम्मेलन का विषय एकसाझा भविष्य प्रदान करना: जुड़ाव, सुधार, परिवर्तन है। कोविड-19 महामारी के कारण चोगम को पहले दो बार स्थगित कर दिया गया था।

**Public Notice**

This is to inform general public that Mr. Brij Raj Singh is the owner of 3rd floor with roof right area measuring 194.4 sq. yrds on plot no. E-136, situated at Kamla Nagar New Delhi vide Will deed dated 29.06.2005. Mr. Brij Raj Singh has misplaced the below mentioned document.
a.Original Sale Deed dated 01.10.1955 executed by MCD in favour of Mrs. Keshar Devi in respect of plot of land no. 136 area measuring 194.4 sq. yrds
b.Original Sale Deed dated 22.04.1960 executed by Mrs. Keshar Devi in favour of Mrs. Saraswati in respect of plot of land no. 136 area measuring 194.4 sq. yrds as doc no. 1535, vol no.535 on pages no. 243-254 on 23.04.1960 SRO- Qutub.
Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of PNB Housing Finance Ltd. Now, Mr. Brij Raj Singh intending to sell the said property to Mr. Himanshu Gupta and further Mr. Himanshu Gupta is availing loan on this property from PNB Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 07 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

**PUBLIC NOTICE**

My client's husband namely Late Sh.Veer Singh Drall S/o Sh Mukhtyar Singh R/o H No. 292, Panna Barsan BPO, Tikri Kalan Delhi-110041 expired on 31.03.2021. He was the owner and in possession of Kh. No. 1171 extended Lal Dora, Tikri Kalan, Delhi and the said property had already been mortgaged with India Infoline Housing Finance Ltd. (IIFL Home Finance Limited) vide Doc No. 5558, Dated 06.09.2018. My client namely Vandana Devi being the wife / legal heir of late Sh.Veer Singh Drall, is under process to de-mortgage the said property and if any Person/Bank/Financial Institution is having any claim/right, lien any objection whatsoever with regard to the abovesaid property, should notified to the Undersigned/Adv. Dheeraj Tiwari, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

Dheeraj Tiwari (Advocate)
E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092
Mobile No.9716599847

## इस्पात उद्योग को अग्निवीरों की जरूरत : आईएसए

**नई दिल्ली।** उद्योग को अग्निवीरों की जरूरत थी और इनकी प्रतिभा देश की 30 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को पूरा करने मे मदद कर सकती है। भारतीय इस्पात संघ (आईएसए) ने सरकार की अग्निपथ योजना का स्वागत करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के तहत सरकार ने देश की इस्पात बनाने की क्षमता को बढ़ाकर 30 करोड़ टन करने का महत्वकांक्षी लक्ष्य तय किया था। आईएसए के अध्यक्ष दिलीप ओमन ने बयान मे कहा, "भारतीय इस्पात उद्योग, सरकार की इस पहल का समर्थन करता है। अग्निपथ योजना सबके लिए हितकर साबित होगी।

## इनक्यूबेटर के लिए वीमेंटर एआई वाधवानी फाउंडेशन में करार

**नोएडा।** वीमेंटर एआई और वाधवानी फाउंडेशन ने भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम के लिए आपस में करार किया है। वाधवानी एडवांटेज अपने वैश्विक वित्त पोषण, विश्वस्तरीय फ्रेमवर्क और सलाह एवं प्रशिक्षण के माध्यम से एसएमई में व्यवस्थित आर्थिक सुधार करने के लिए जाना जाता है जबकि वीमेंटर एआई एमएसएमई को लगातार 10 गुना व्यवसाय विकास दर्ज करने में सक्षम बनाने के लिए अपने मेंटरिंग प्लेटफॉर्म की मदद दे रहा है जो विश्वस्तरीय, तकनीक.सक्षम मानव-सहयोग के साथ उपलब्ध है। वाधवानी एडवांटेज के कार्यकारी उपाध्यक्ष समीर साठे ने कहा कि वीमेंटर एआई से हमारी रणनीतिक साझेदारी दोनों संगठनों के लिए लाभदायक है क्योंकि दोनों का मिशन एमएसएमई के विकास को रफ्तार देना है।

## फैनफेस्ट की वापसी

**बंगलुरू।** 40 से ज्यादा यूट्यूब क्रिएटर्स और आर्टिस्ट जैसे मोस्टलीसेन, आर्टिस्ट शिक्षा शर्मा, रेणुका पंवार टेक्नोगेम चाहत आनंद, चिंकी मिंकी,डांस विद अलीशा वर्चुअल परफॉर्मेंस और शो के द्वारा फैंस के साथ संलग्न हो उनका मनोरंजन करेंगे। भारत में फैंस के लिए खुशी मनाने का अवसर आ गया है क्योंकि यूट्यूब फैनफेस्ट 2022 वापसी कर 30 जून 2022 से लोकप्रिय क्रिएटर्स एवं आर्टिस्ट्स द्वारा बेहतरीन परफॉर्मेंस स्केच एवं लाईव चैलेंज का अद्वितीय और दिलचस्प अनुभव प्रदान करेगा। वर्चुअल माध्यम में होने वाला यूट्यूब फैनफेस्ट दर्शकों को अपने चहेते क्रिएटर्स एवं आर्टिस्ट्स को अपने सहयोग का प्रदर्शन हाथो-हाथ करने में समर्थ बनाएगा। वो लाईव चैट के माध्यम से क्रिएटर्स और आर्टिस्ट्स से चैट कर सकेंगे।

# निर्यातक दीर्घकालीन निर्यात लक्ष्य तय करें, उसे हासिल करने के लिए सरकार को सुझाव दें: मोदी




भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को निर्यातकों और उद्योग जगत से अपने लिए दीर्घकालिक निर्यात लक्ष्य तय करने तथा इसे हासिल करने के लिए सरकार को जरूरी सुझाव देने को कहा। उन्होंने वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के नए परिसर – वाणिज्य भवन का उद्घाटन करने के मौके पर कहा कि निर्यात किसी देश को विकासशील से विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

मोदी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष के दौरान वैश्विक स्तर पर विभिन्न बाधाओं के बावजूद देश का निर्यात (वस्तु एवं सेवा) 670 अरब डॉलर (50 लाख करोड़ रुपए) रहा। उन्होंने कहा कि देश का वस्तु निर्यात 2021-22 में 418 अरब डॉलर (31 लाख करोड़ रुपए) से ऊपर रहा जबकि लक्ष्य 400 अरब डॉलर (30 लाख करोड़ रुपए) था। पिछले साल की इस सफलता से उत्साहित होकर, हमने अब अपने निर्यात लक्ष्यों को बढ़ा दिया है और उन्हें प्राप्त करने के अपने प्रयासों को दोगुना कर दिया है। इस नए लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का सामूहिक प्रयास बहुत जरूरी है...।

उद्योग, निर्यातक और निर्यात संवर्धन परिषद के प्रतिनिधि यहां हैं। मैं उनसे अपने लिए न केवल अल्पकालिक बल्कि दीर्घकालिक निर्यात लक्ष्य भी निर्धारित करने का आग्रह करूंगा। उन्होंने कहा कि नए वाणिज्य भवन से व्यापार, वाणिज्य और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) क्षेत्र से जुड़े लोगों को काफी फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने एक नए पोर्टल...निर्यात... का शुभारंभ भी किया। उन्होंने कहा कि निर्यात पोर्टल सभी संबंधित पक्षों को महत्वपूर्ण आंकड़े बिना किसी विलंब के मुहैया कराएगा। निर्यात (व्यापार के सालाना विश्लेषण के लिए राष्ट्रीय आयात-निर्यात रिकॉर्ड) पोर्टल के जरिए संबंधित पक्षों को एक जगह पर भारत के विदेश व्यापार से संबंधित सभी जरूरी जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार कारोबार सुगमता और निर्यात बढ़ाने के लिए काम कर रही है। हथकरघा जैसे नए घरेलू उत्पाद नए बाजारों में पहुंच रहे हैं। मोदी ने कहा कि विकासशील देश को विकसित राष्ट्र बनाने में निर्यात महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पिछले आठ साल से भारत लगातार अपना निर्यात बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर नीतियों से निर्यात बढ़ाने, प्रक्रिया को आसान बनाने तथा उत्पादों को नए बाजारों में ले जाने में बहुत मदद मिली है।

# शहरी सहकारी बैंकों को संतुलित विकास पर ध्यान देने, आधुनिक बैंक प्रणाली अपनाने की जरूरतः शाह

भाषा। नई दिल्ली

**केंद्रीय गृह और** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए संतुलित विकास पर ध्यान देने, संरचनातमक सुधारों को आगे बढ़ाने तथा बैंक की आधुनिक व्यवस्था अपनाने की जरूरत है। उन्होंने शहरी सहकारी बैंकों के लिए राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के साथ प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए संरचनात्मक बदलाव लाने, लेखांकन प्रक्रियाओं को कम्प्यूटरीकृत बनाने, इस क्षेत्र में युवा प्रतिभाओं को आकर्षित करने तथा अधिशेष कोष के प्रबंधन के लिए विशेषज्ञों की सेवा लेने जैसे अन्य सुधारों का भी जिक्र किया।

मंत्री ने कहा कि इन सुधारों को लागू करके, शहरी सहकारी बैंकों (यूसीबी) को मौजूदा समय में खुद को और अधिक प्रासंगिक बनाना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि सहकारी बैंकों के साथ द्वितीय श्रेणी के नागरिक की तरह व्यवहार नहीं किया जाएगा। अभी 1,534 शहरी सहकारी बैंक, 54 अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक, 35 बहु-राज्यीय सहकारी बैंक, 580 बहु-राज्यीय सहकारी ऋण समितियां, 22 राज्य सहकारी समितियां हैं। हमारी उपस्थिति व्यापक है लेकिन यह असमान है... हमें शहरी सहकारी बैंकों के संतुलित विकास पर ठीक से काम करने की जरूरत है। चूंकि सहकारी बैंक ही एकमात्र बैंक हैं जो समाज के निचले तबके को उधार देते हैं, ऐसे में देश के हर शहर में कम से कम एक यूसीबी स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने नेशनल फेडरेशन ऑफ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक्स एंड क्रेडिट सोसाइटीज (एनएएफसीयूबी) को देश में शहरी सहकारी बैंकों के संतुलित विकास पर ध्यान देने का निर्देश दिया। संतुलित विकास हमें प्रतिस्पर्धा में बनाए रखने में मदद करेगी। सफल बैंकों को आगे आना चाहिए और इसमें योगदान करना चाहिए। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में जमा और कर्ज के संदर्भ में बैंक क्षेत्र में शहरी सहकारी बैंकों की भूमिका नगण्य है।

**NOTICE**

Ms. Shashi Kumari D/o Late Mr. Ranvir Singh R/o B-345, Sector-19, Noida Distt. Gautam Buddh Nagar (U.P.) have applied for "Marriageability Certificate" for her, objections, if any to the issuance may be filed on any day upto 28.06.2022 in the office of the undersigned.

Sd/-
Marriage Officer
Noida, Gautam Budh Nagar (U.P.)

**Public Notice**

NOTICE is hereby given that Mrs. Suman Sharma is owner of the 3rd floor with roof right area measuring 80 sq. yrd i.e 66.89 sq. mtrs (Said floor) on property bearing no. B-79/2, out of Khasra no. 943/858/857/80 & Khasra no. 943/857/851/80, situated in the area of village Sikadar Pur in the abadi of Gali no. 5, Jyoti Colony, Illaqa Shahdara, Delhi vide Sale Deed dated 18.08.2021 (Doc. No. 4909). Mrs. Suman Sharma has misplaced the Original Gift Deed dated 16.04.2016 executed by Mrs. Rajesh Sharma in favour of Mrs. Sulochna in respect of said floor as 1522, vol no. 2129. Anyone who find the above said document shall handover the same to the Manager of Bajaj Housing Finance Ltd. Now, Mr. Kuldeep Sharma and Mrs. Suman Sharma are availing a loan on this property from Bajaj Housing Finance Ltd. by mortgaging the said property. In case anyone has any objection regarding mortgage of the said property, the same may be raised within 7 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas North, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/ 9818228636 (M).

कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता,
**उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी**
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : eehal-ujs-uk@nic.in

पत्रांक : 1599/निविदा/169 **निविदा शुद्धि पत्र** दिनांक : 23.06.2022

एतद्द्वारा इस कार्यालय के पत्रांक – 1543/निविदा/164 दिनांक 20.06.2022 द्वारा आमन्त्रित निविदा संख्या 09/2022–23 (हल्द्वानी–काठगोदाम नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत शीशमहल काठगोदाम स्थित फिल्टर प्लाण्ट नं0 3 में IS: 8419/5050 फिल्टर मिडिया की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन कार्य) की निविदा आमन्त्रित की गई थी इस निविदा में त्रुटिवश कार्य की उल्लेखित श्रेणी (डी श्रेणी) प्रकाशित हो गई है, इस कार्य हेतु उल्लेखित श्रेणी (डी श्रेणी) के स्थान पर अनुभवी फर्म पढ़ा व समझा जाये।

"जल संचय–जीवन संचय" अधिशासी अभियन्ता

# अदाणी परिवार ने 60, 000 करोड़ रुपये किए दान

## गौतम अदाणी का 60वें जन्मदिन पर फैसला




**अहमदाबाद।** शांतिलाल अदाणी की 100वीं जयंती और गौतम अदाणी के 60वें जन्मदिन पर अदाणी परिवार ने कई सामाजिक कार्यों के लिए 60,000 करोड़ रुपये दान करने का फैसला किया है।

भारत के जनसांख्यिकीय लाभों की क्षमता का उपयोग करने के लिएए हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट जैसे क्षेत्रों परए लगातार ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। इनमें से हर एक क्षेत्र में किसी भी प्रकार की कमी, एक आत्मनिर्भर भारत के लिए बाधा साबित होगी। अदाणी फाउंडेशन ने इन सभी क्षेत्रों में एकीकृत विकास प्रयासों पर केंद्रित कम्युनिटीज के साथ काम करते हुए एक महत्वपूर्ण अनुभव प्राप्त किया है। इन चुनौतियों का समाधान करने से हमारे भावी कार्यबल की मजबूती और प्रतिस्पर्धात्मकता में आवश्यक वृद्धि हासिल की जा सकती है। अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि देशभर में हेल्थ केयर, एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट को बढ़ाने में योगदान करने का अवसर मिलने के लिए खुशी महसूस कर रहा हूँ। मेरा 60 वां जन्मदिन होने के अलावाए यह वर्ष हमारे प्रेरक पिता शांतिलाल अदाणी की 100वीं जयंती का भी है। यह उस योगदान को और अधिक महत्व देता है जो हम एक परिवार के रूप में दे रहे हैं।

## 22–23 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7–7.8 की दर से बढ़ेगी : विशेषज्ञ

**नई दिल्ली।** वैश्विक चुनौतियों के बीच बेहतर कृषि उत्पादन के चलते ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने से चालू वित्त वर्ष में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7-7.8 प्रतिशत रह सकती है। अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। गौरतलब है कि यूक्रेन पर रूस के हमले के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका लगा है और दुनिया भर में महंगाई बढ़ी है। जानेमाने अर्थशास्त्री और बीआर अंबेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स (बेस) के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने कहा कि इस समय भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक कारणों से कई चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक मुद्रास्फीति के दबाव और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते अर्थव्यवस्था के सामने जोखिम पैदा हुआ है।

**SBFC**
SBFC Finance Pvt. Ltd.
Address Unit No. 103, First Floor C&B Square, SangamComplex, 127, Andheri-Kurla Road, Village Chakala,Andheri (East), Mumbai 400059 | Telephone: +91 22 67875300 | Fax: +91 22 67875334 | www.sbfc.com| Corporate Identity Number: U67190MH2008PTC178270

**सार्वजनिक सूचना**

जनता को यह सूचित किया जाता है कि उपयोग किये गए सोन के गहनों की नीलामी एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. द्वारा दिनांक 28 जून 2022 को क्षेत्रीय कार्यालय लाजपत नगर O-7, ऊपर लुक सलून, लाजपत नगर-II,नई दिल्ली-110024, गौतम बुध नगर जनपद : प्लाट नंबर–5,ग्राउंड फ्लोर,वाइट कैसल होटल के सामने, डबरी रोड, सलारपुर, भंगेल, सेक्टर – 101, जनपद गौतम बुध नगर, नॉएडा–201304 गाजियाबाद जनपद शाखा 2बी, RDC राज नगर, गाजियाबाद नजदीक SBI ब्रांच, हापुड़ जनपद पहली मंजिल, पीसी ज्वैलर्स के ऊपर, गढ़ परगना, पक्का बाग,गढ़ रोड़, हापुड-245101 पर की जाएगी।

नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने उन सभी अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है जो अपना बकाया देने में असमर्थ है। उधारकर्ताओं को नीलाम की नोटिस पंजीकृत डाक द्वारा विधिवत् जारी की गई है। नीलाम किए जाने वाले सोने के गहने नीचे दिये गये शाखा के अतिदेय ग्राहक खातों से संबंधित है।

नीलाम किये जाने वाले स्वर्ण आभूषण शाखा विवरण के साथ नीचे उल्लेखित विभिन ग्राहकों के ग्राहक ID के सभी लिंक किये गए खातों से सम्बंधित हैं।

**Delhi:** AP00023706,AP00070503,AP00096630,AP00145957,AP00167955,AP00171848,AP00175976, Ap00181404 AP00182226,AP00182435,AP00183054,AP00189637,AP00194699,AP00195948, AP00196968,AP00198128,AP00270260,AP00272539,AP00277958,AP00282120,AP00313712 AP00319446,AP00327245,AP00330139,AP00334291,AP00345128,AP00346427,AP00346948, AP00352686,AP00352836,AP00354692,AP00357049,AP00357146,AP00358539,AP00363381, AP00364755,AP00365340,AP00369260,AP00378292,AP00384012,AP00393797,AP00398293 AP00406745,AP00413248,AP00413725,AP00414632,AP00415032,AP00415034,AP00415166
**GHAZIABAD:** Ap00341062 **HAPUR:** AP00334780,AP00378117 **NOIDA:** AP00334351,AP00399188

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें:
**एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि.**
संपर्क सं.: लाजपत नगर 1800-102-8012 / 011- 40305228 / 207,
फरीदाबाद 01294314725/4104450, और गुरुग्राम शाखा 0124-4276037 नॉएडा: 8368589407,
एसबीएफसी फायनैन्स प्रा.लि. को बिना किसी पूर्व सूचना के नीलाम किए जाने वाले खातों की संख्या में परिवर्तन/निलंबन/निरस्तीकरण करने का अधिकार है

## सिख विरोधी दंगे में पकड़े गए लोगों की संख्या हुई ग्यारह

# कानपुर में पांच और गिरफ्तार

**भाषा।** कानपुर




**वर्ष** 1984 के सिख-विरोधी दंगों में संलिप्तता के आरोप में उत्तर प्रदेश के कानपुर में पांच और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस उप महानिरीक्षक बालेंद्र भूषण सिंह ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनकी अगुवाई में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) ने वर्ष 1984 के सिख-विरोधी दंगों से जुड़े मामले में बुधवार को पांच आरोपियों- जाटव, रमेश चंद्र दीक्षित, रविशंकर मिश्रा, भोला कश्यप और गंगाबख्श सिंह- को गिरफ्तार किया है। ए सभी किदवई नगर के विभिन्न हिस्सों के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए इन लोगों को चीफ मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सिंह ने बताया कि इन लोगों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 396 (डकैती और हत्या), 436 (घर को ध्वस्त करने के इरादे से विस्फोटक सामग्री का इस्तेमाल करना) तथा धारा 326 (खतरनाक हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही जिले में इस मामले में अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। दो दिन पहले एसआईटी ने सिख-विरोधी दंगों से जुड़े मामले में किदवई नगर इलाके से ही मुबीन शाह तथा अमर सिंह नामक व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था। उत्तर प्रदेश सरकार ने सिख-विरोधी दंगों के दौरान कानपुर में 127 लोगों की मौत के मामलों की फिर से जांच के लिए 27 मई 2019 को एसआईटी का गठन किया था। सिंह ने बताया कि दंगे के फरार अन्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। सिंह ने बताया कि दंगे के फरार अन्य षड्यंत्रकारियों को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने पूर्व में 96 मुख्य संदिग्ध लोगों को चिह्नित किया था, उनमें से 22 की मौत हो चुकी है। एसआईटी कुल 11 मामलों की जांच कर रही है और दिल्ली, पंजाब और राजस्थान में जाकर बस चुके इन मामलों के गवाहों से तथ्य एवं सबूत जुटा रही है। सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों पर वर्ष 1984 में सिख विरोधी दंगों के दौरान निराला नगर में गुरदयाल सिंह नामक व्यक्ति के घर में आग लगाने का आरोप है। उस समय गुरुदयाल के घर में किराए पर 12 परिवार रहते थे। उस घटना में तीन लोग जिंदा जल गए थे। वहीं, राजेश गुप्ता नामक एक दंगाई क्रॉस फायरिंग में मारा गया था।

# कुंडा में सिपाही को पीट-पीटकर मार डाला

**प्रतापगढ।** प्रतापगढ़ जिले के कुंडा कस्बे में एक कांस्टेबल की कथित तौर पर उसके तीन साथियों ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) राहुल मिश्रा ने बृहस्पतिवार को बताया कि छत्तीसगढ़ में तैनात पुलिस कांस्टेबल संजय यादव (29) इन दिनों छुट्टी पर महेश गंज में स्थित अपने घर आया था और बुधवार देर रात वह अपने साथियों कुलदीप यादव, प्रेमचंद और पिंटू के साथ कुंडा कस्बे गया था। उन्होंने बताया कि तीनों ने एक पेट्रोल पंप के पास बने ढाबे पर खाना खाया और शराब पी। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनमें विवाद हो गया और तीनों साथियों ने लाठी-डंडों से पीट-पीटकर संजय यादव को अधमरा कर दिया, घायल हालत में वह नाले में गिर गया। मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस में गंभीर रूप से जख्मी कांस्टेबल को नाले से निकालकर स्थानीय चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि परिजन की तहरीर पर पुलिस ने संजय यादव के तीनों साथियों के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## साधु की गला काटकर हत्या मंदिर परिसर में मिला शव

**इटावा।** इटावा जिले के सैफई इलाके में बृहस्पतिवार को एक मंदिर के परिसर में एक साधु का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सैफई थाना क्षेत्र स्थित बरौली कला गांव के नजदीक एक मंदिर परिसर में कुटिया बनाकर रह रहे साधु राम जी (55) की 22 - 23 जून की दरमियानी रात अज्ञात लोगों ने धारदार हथियार से गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव सुबह बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि राम जी पिछले कई वर्षों से मंदिर में पूजा करते थे। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का लक्ष्य



**जौनपुर।** नौपेड़वारू कृषि विज्ञान केंद्र बक्शा पर गुरुवार को बड़ौदा यूपी बैंक शाखा बक्शा द्वारा मेगा क्रेडिट कैम्प का आयोजन किया गया। महिला समूह की महिलाओं से खचाखच भरें सभागार में दर्जनों लोग लाभान्वित हुए।बैंक के प्रशासनिक प्रमुख एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम के हालदार ने कहा कि ग्राहकों की संतुष्टि ही बैंक का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने समूह की महिलाओं से अच्छे नस्ल की गाय भैंस पाल दुग्ध ब्यवसाय करने की सलाह दी। उन्होंने कहा फसल उत्पादन कर भी जीविका बेहतरीन ठंग से चलाई जा सकती है। हालदार ने कहा कि रिजर्व बैंक के मानक के अनुरूप ऋण अनुपात 60 प्रतिशत तक किया जाना लक्ष्य है। उन्होंने मौजूद शाखा प्रबंधकों से योजनाओं को अधिक से अधिक लोगो तक पहुचाने तथा भारत सरकार की मंशा के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। प्रशासनिक प्रमुख ने स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों को शिविर की महत्ता से परिचित भी कराया। क्षेत्रीय कार्यालय जौनपुर के क्षेत्र प्रमुख शैलेन्द्र सिंह ने बैंक की ऋण योजनाओं की जानकारी दी। बड़ौदा बैंक की महत्ता बताते हुए उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम तबके तक बैंक की योजनाओं का लाभ मिल सकें यही उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि सभी बैंकों के अनुपात में बड़ौदा बैंकों का ऋण जमा अनुपात सवार्धिक 49 प्रतिशत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉण् सुरेश कुमार कनौजिया ने समूह तथा कृषि वैज्ञानिकों की उपयोगिता बताते हुए लोगों से लाभ उठाने की अपील की। इस दौरान जौनपुर के वरिष्ठ प्रबंधक रजनीश कुमार पाण्डेयए बीडीओ बक्शा राजीव गुप्ताए दुर्गा मौर्याए देवराज पाण्डेय ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के आयोजक बक्शा शाखा प्रबंधक रत्नाकर दूबे ने आभार जताते हुए बैंक उपभोक्ताओं से बेहतरीन कार्य करने का भरोसा दिलाया। संचालन जौनपुर बैंक प्रबंधक राजेश श्रीवास्तव ने किया। अंत में शाखा से ऋण लेने वाले महिला एवं पुरुष लाभार्थियों को चेक व कार की चाभी प्रदान की गई। इस दौरान धर्मराज यादवए डॉण् अनिल कुमारए संजय सिंहए प्रधान द्वारिका मौर्या सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## सहारनपुर : दुष्कर्म के आरोप में मदरसा शिक्षक पर मुकदमा

**सहारनपुर।** सहारनपुर जिले के नकुड़ क्षेत्र में सात साल की बच्ची से कथित दुष्कर्म के आरोप में एक शिक्षक पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक (देहात) सूरज राय ने बृहस्पतिवार को बताया कि नकुड़ थाना क्षेत्र के एक कस्बे में एक व्यक्ति ने बुधवार को अपनी बेटी से दुष्कर्म के आरोप में मदरसा शिक्षक जमीर पर मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि मुकदमे में यह भी आरोप लगाया गया है कि मदरसा शिक्षक ने बच्ची को धमकी भी दी थी कि अगर उसने इस घटना के बारे में अपने परिजन को बताया कि वह उसे मार डालेगा। राय ने बताया कि पुलिस ने भारतीय दंड विधान और पॉक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाघ के हमले में किसान की मौत

**बहराइच।** बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्य जीव अभयारण्य में स्थित भरथापुर गांव से सटे जंगल में बुधवार को बाघ के हमले में एक किसान की मौत हो गई। प्रभागीय वन अधिकारी आकाशदीप बधावन ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भरथापुर गांव निवासी घनश्याम राजभर (57) बुधवार को गेरुआ नदी के किनारे स्थित जंगल में घास काट रहा था, तभी वहां मौजूद एक बाघ ने उस पर हमला कर दिया। इस घटना में राजभर गंभीर रूप से घायल हो गया। बधावन के मुताबिक, आसपास मौजूद ग्रामीणों ने शोर मचाकर बाघ को वहां से भगाया और राजभर को मिहींपुरवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर भागे, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। बधावन के अनुसार, मृतक किसान के शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को मुआवजा दिलाने संबंधी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाघ भारत का ही है या फिर नेपाल सीमा से आया है, इसका पता लगाने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ और डब्ल्यूटीआई की टीमें तैनात की गई हैं। अधिकारी के मुताबिक, क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों से लगातार अपील की जा रही है कि वे जंगल की तरफ न जाएं।

## अगली पीढ़ी के किसानों को अब आधुनिक बनाने पर ध्यान केन्द्रित



**लखनऊ।** वर्तमान और भविष्य के लिए बीज उत्पादों और नवाचारों को पेश करने के लिए प्रतिबद्ध वैश्विक कृषि कंपनी कोर्टेवा एग्रीसाइंस जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने के साथ.साथ पर्याप्त भोजन, पोषण और आजीविका सुरक्षा की मांग को पूरा करने के लिए अपने हाईब्रिड बाजरा के बीज के माध्यम से अगली पीढ़ी के किसानों को शामिल करने और आधुनिक बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। कोर्टेवा एग्रीसाइंस साउथ एशिया के मार्केटिंग डायरेक्टर गुरप्रीत भट्टल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजरा महोत्सव 2022.23 उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लिए बाजरा के पारिस्थितिक लाभ और पोषण मूल्य पर प्रकाश डालेगा। हमें विश्वास है कि इस पहल से किसानों को सबसे ज्यादा फायदा होगा। किसानों और कृषि के लिए हमारे प्रयासों के एक हिस्से के रूप मेंए हम कोर्टेवा एग्रीसाइंस में असाधारण पैदावार देने और उनकी पूरी क्षमता को पूरा करने के लिए वर्षों से हाइब्रिड सरसों के साथ किसानों का समर्थन कर रहे हैं। हमें इस पर गर्व है क्योंकि बाजरा का लाभ लाखों उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाएगा। जैसे जैसे अधिक उपभोक्ता बाजरा के पोषण मूल्य के बारे में जागरूक होंगेए वैसे वैसे अधिक लोग इनका सेवन करेंगेए जिससे किसानों को अपनी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। एशिया और अफ्रीका के विकासशील देश दुनिया में कुल बाजरा उत्पादन का लगभग 93 प्रतिशत योगदान करते हैं। 41 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ भारत उनका सबसे बड़ा वैश्विक उत्पादक है।

## रक्तदान शिविर किए गए आयोजित

**कानपुर।** जेके ऑर्गेनाइज़ेशन के पूर्व अध्यक्ष हरि शंकर सिंघानिया की 89वीं जयंती के उपलक्ष्य में जाने.माने ओद्यौगिक समूह ने अपने विभिन्न प्लांट्स एवं कार्यालयों में प्रक्तदान शिविरों का आयोजन किया। इस मौके पर श्री भरत हरि सिंघानियाए चेयरमैनए जेके ऑर्गेनाइज़ेशन ने कहाए ष्हमारे संस्थापकों के दृष्टिकोण के अनुसार समाज को कुछ देने के प्रयास में जेके ऑर्गेनाइज़ेशन पिछले 100 सालों से सभी को गुणवत्तापूर्ण जीवन उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया की जयंती के पावन अवसर पर जेकेओ ग्रुप कंपनीज़ में आयोजित यह रक्तदान अभियान बड़ी संख्या में लोगों के कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैए जो ज़रूरतमंद मरीज़ों को रक्त देकर उन्हें नया जीवन दे सकता है।ष्समूह कई तरह से सामाजिक सेवाओं में सक्रिय है। स्वर्गीय श्री हरी शंकर सिंघानिया को श्रद्धांजली देने के लिए विशेष रूप से रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गयाए जो खुद हमेशा समाज के लिए कुछ करना चाहते थे।

## हार्ट अटैक से लेखपाल की मौत तहसीलकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि

**श्रावस्ती,** इकौना। इकौना तहसील अंतर्गत ग्राम दूबकला मे तैनात लेखपाल की हार्ड अटैक से इलाज के दौरान लखनऊ मे मौत हो गयी तहसील कर्मियों ने शोकसभा करके श्रद्धांजलि दी। इकौना तहसील अंतर्गत विकास खण्ड गिलौला के ग्राम दूबकला के हल्का लेखपाल राजकुमार मौरिया ग्राम जोकहा तहसील पयागपुर जनपद बहराइच के निवासी का हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक मौत हो गई। इकौना तहसील सभागार मे एसडीएम आर पी चौधरी की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया जिसमे राजस्व कर्मियों ने मृतक को श्रद्धांजलि दी।

## खेल के मैदान में प्रदर्शनी लगाए जाने से भड़के बच्चों ने किया उग्र प्रदर्शन

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले के जलालाबाद इलाके मे खेल मैदान पर प्रदर्शनी लगने से नाराज आठ से 12 साल तक उम्र के करीब 25 बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर बृहस्पतिवार को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के लिए पैदल ही निकल पड़े। जलालाबाद से जिला मुख्यालय की दूरी करीब 35 किलोमीटर है। बच्चो के इस प्रयास की खबर मिलते ही जलालाबाद की उप जिलाधिकारी बरखा सिंह मौके पर पहुंच गईं। उप जिलाधिकारी बरखा सिंह ने पीटीआई-भाषा को बताया कि आज उन्हें सूचना मिली कि जलालाबाद कस्बे में रहने वाले आठ से 12 वर्ष के करीब 25 बच्चे पैदल ही 35 किलोमीटर दूर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे है। सिंह ने बताया कि उन्होंने तत्काल ही संज्ञान लेते हुए सड़क पर पहुंच कर बच्चो को रोका और उनकी समस्या सुनी एवं उनका ज्ञापन लेकर समस्या का समाधान भी करा दिया। उप जिलाधिकारी ने बताया कि बच्चो ने बताया है कि एक इंटर कॉलेज के खेल के मैदान पर वे अपने प्रशिक्षक द्वारा क्रिकेट का अभ्यास करते हैं, परंतु कॉलेज के लिपिक द्वारा बच्चो के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है तथा अब उसी खेल मैदान पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है, जिसके चलते बच्चो को क्रिकेट के अभ्यास से वंचित किया जा रहा है। बच्चो को क्रिकेट का प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षक रजत शर्मा ने बताया कि 21 जून को जब बच्चे एक कॉलेज के खेल के मैदान पर अभ्यास कर रहे थे, तभी कॉलेज के लिपिक ने बच्चो को भगा दिया और वह स्थान भी प्रदर्शनी लगाने के लिए दे दिया था। उन्होंने बताया कि इससे नाराज होकर बच्चे शाहजहांपुर में जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जा रहे थे परंतु उप जिलाधिकारी बरखा सिंह द्वारा समस्या का समाधान करा दिया गया है। बरखा सिंह ने बताया कि उन्होंने कॉलेज प्रशासन को बुलाकर बच्चो के सामने ही उन्हे खेल का मैदान छोड़कर प्रदर्शनी लगाने का आदेश दिया है जिसके चलते अब बच्चे अपना क्रिकेट का अभ्यास भी कर सकेंगे। उन्होने बताया कि इसके साथ ही उन्होने बच्चो को आश्वस्त किया कि उन्हें क्रिकेट के अभ्यास मे यदि कोई समस्या आती है तो वे बेझिझिक उनके कार्यालय मे आकर उनसे संपर्क कर सकते है।

# दस्तक व संचारी रोग नियंत्रण अभियान पर करें फोकस

### जिलाधिकारी ने कहा कार्ययोजना बनाकर मुहिम को बनाएं सफल

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**संचारी** रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण व इनके त्वरित सुचारू इलाज हेतु जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक आहूत हुई जिसमें माह जुलाई 2022 में विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान व संचारी रोगों एवं दिमागी बुखार के प्रभावी नियंत्रण व कार्यवाही सहित फाइलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम हेतु अन्तर्विभागीय बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्बन्धित विभागों के अधिकारी संचारी रोग नियंत्रण हेतु अपने विभागों द्वारा संपादित की जाने वाली गतिविधियों की कार्ययोजना तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध करायेगें। अभियान के दौरान स्वच्छताए साफसफाई सहित वेक्टर जनित वातावरण को समाप्त करने आदि गतिविधियां की जायेगी।

उन्होंने कहा कि संचारी रोगों व दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका तत्काल व सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओ में है। संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 16 जुलाई से 31 जुलाई तक सभी गतिविधियां विस्तृत कार्ययोजना से संचालित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान में आशा व आंगनबाड़ी साथ मे अनिवार्य रूप से हर घर का भ्रमण करे और लोगों को संचारी रोग से बचाव हेतु जागरूक करेंगे। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारियों उप मुख्य चिकित्साधिकारियों प्रभारी चिकित्साधिकारियों का सवेंदीकरण कराया जाए तथा प्रभारी चिकित्साधिकारीगणों द्वारा ब्लाक स्तर पर ए0एन0एम0 व आशा का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा ग्राम प्रधानों का सवेंदीकरण तथा विकासखण्ड स्तर पर ही खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा सभी स्कूलों से नामित अध्यापकों का संचारी रोग एवं दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण हेतु सवेंदीकरण किया जाए जिससे जन.जन को जागरूक कर संचारी रोगों से बचाया जा सके। जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकाारियों को निर्देश दिया की संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार से सम्बन्धित रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु जनपदए ब्लाक तथा व ग्राम पंचायत स्तरों पर विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया जाए तथा साफ सफाई पर भी विशेष बल दिया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एपी भार्गव अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 मुकेश मातनहेलिया जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सन्त प्रकाश डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0 यूनिसेफ के एस0एम0ओ0 जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन हरिगेन्द्र वर्मा उपस्थित रहे।

## तकनीकी टीम के साथ डीआरएम ने श्रावस्ती का किया भ्रमण

**श्रावस्ती।** इकौना जनपद श्रावस्ती को रेलवे से जोड़ने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद गुरुवार को उत्तर पूर्व रेलवे की डी आर एम डॉक्टर मोनिका अग्निहोत्री ने अपनी तकनीकी टीम के साथ श्रावस्ती पहुंचे इस दौरान उन्होंने रेलवे प्रोजेक्ट के मद्देनजर क्षेत्र का निरीक्षण किया। अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर अपनी पहचान बना चुका बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती कई महत्वपूर्ण प्राचीन सभ्यताओं को सहेजे जनपद श्रावस्ती में कई दशकों से रेलवे लाइन की मांग की जाती रही है। केंद्र सरकार द्वारा कई बार इस क्षेत्र को रेलवे से जोड़ने के लिए सर्वे का कार्य भी कराया गया। जिसके बाद भारत सरकार द्वारा अपने बजट में खलीलाबाद से बहराइच तक रेलवे लाइन बिछाने के स्वीकृति देकर कुछ धन आवंटन भी किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को उत्तर रेलवे की डी आर एम डॉक्टर मोनिका अग्निहोत्री ने इकौना क्षेत्र के पर्यटन स्थल श्रावस्ती व सीताद्वार क्षेत्र में प्राचीन धरोहरों का निरीक्षण साथ ही रेलवे प्रोजेक्ट के मददेनजर क्षेत्र का जायजा लिया है। डी आर एम ने बताया कि क्षेत्र में रेलवे सुविधा हो जाने से बौध्द पर्यटन क्षेत्र तक लोगो को पहुंचना आसान हो जाएगा निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी इकौना आर पी चौधरी व रेलवे की तकनीकी टीम उपस्थित रही।

# टीकाकरण के पिछड़ने से बच्चों के लिए खतरा बढ़ा

**पायनियर समाचार सेव।** वाराणसी

**महामारी** के कारण टीकाकरण कार्यक्रमऔर दूसरी आम स्?वास्?थ्?यरक्षा सेवाओं में उल्?लेखनीयबाधा आई है। आवाजाही पर रोक के चलते बच्?चों के नियमित टीकाकरण मेंऔरविलंब हुआ हैऔर वे डिफ्थेरियाए टिटेनसए कालीखांसीए चेचकए पोलियोए आदिजैसे संक्रामक रोगों को लेकर संवदेनशील हो गए हैं। 5 साल से कम उम्र के बच्?चों कोफ्लू से सम्?बंधित गंभीर परेशानियाँ होने का जोखिम ज्?यादा है। इसलिये फ्लू केलिये टीकाकरण को बच्?चों की स्?कूल वापसी की योजना का जरूरी हिस्?सा बनाया जानाचाहिये। बच्चों के नियमित टीकाकरण और बूस्टर डोज का महत्वसमझाते हुएए डॉण् अशोक रायए एमडी.बाल रोग विशेषज्ञए वाराणसी का कहना हैए अब बच्चे बाहर निकल रहे हैं और स्कूल फिर से खुल गए हैंएऐसे में उन्हें संक्राकम बीमारियों से बचानाए प्राथमिकता बन जाना चाहिए। ऐसा सुझावदिया जाता है कि बाहर निकलने से पहले बच्चों को प्राथमिक टीके जरूर लगवाने चाहिए। इसकेबाद उन्हें 1ण्5 से 6 साल के बीच बूस्टर डोज लगवाना चाहिए ताकि उम्र के साथ कम होतीएंटीबॉडीज बरकरार रह सके। आईएपीए चार से छह साल में पोलियो के साथ डीटीपी. आधारित मिश्रितटीके की पूरी खुराक लेने की सलाह देता है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्?स ने चार से छह साल के बच्?चोंके लिये डिफ्थेरियाए टिटेनसए काली खांसी ;डीटीपीद्ध और पोलियो के पूरी क्षमता वाले टीके लगवानेकीअनुशंसा की है। डीटीपी पर आधारित मिश्रित टीका कई टीके लगवाने से बचाते हुएअतिरिक्?त फायदे देता है और टीकाकरण के अनुपालन को बेहतर करता है। प्री.स्कूलजाने वाले बच्चों के लिये बूस्?टर टीके स्?थायी प्रतिरोधक क्षमता हेतु पर्याप्?तएंटीबॉडीज विकसित करने के लिये जरूरी हैंए ताकि स्?कूल जाने वाले बच्?चे ऐसे संक्रमणों से बच सकें।

**मरीजोंको बेहतर अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से कदम उठाया:** वाराणसी । कृष्णा नगर में स्थित श्री आनंदपुर ट्रस्ट दृ चैरिटेबल डायग्नोस्टिक सेंटर ने अपनी डायग्नोस्टिक क्षमताओं का विस्तार किया है और यह अपने डायग्नोस्टिक्सपोर्टफोलियो में केयरस्ट्रीम के डीण्आरण्एक्सण् कम्पास को शामिल करने वाला एनसीआर क्षेत्रका पहला डायग्नोस्टिक सेंटर बन गया है। श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रबंध निदेशकए महात्माविचार ज्ञान आनंद ने इस कार्यक्रम का उद्घाटन कियाए जिसमें संस्थान के डॉक्टरोंए तकनीशियनोंऔर ट्रस्ट के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।केयरस्ट्रीम का कम्पास एक नवीनतमतकनीकी समाधान हैए जो अपने ग्राहकों को लगातार विकसित होने वाली तकनीक के साथ बेहतरीनप्रदर्शन की दिशा में आगे बढ़ाने तथा इस प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद करता है।यह ग्राहकों को उपलब्ध स्थानए कार्यप्रवाह और बजट के अनुसार सुविधाओं से सुसज्जित डिजिटलरेडियोग्राफी रूम को अपनी जरूरतों के अनुरूप तैयार करने की सुविधा देता है। इस बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए महर्षि विचार ज्ञानआनंद ने कहा दिल्ली.एनसीआर क्षेत्र में पहली बार केयरस्ट्रीम के डीण्आरण्एक्सण् कम्पासको इंस्टॉल किया गया है।

## एसिडिटी के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाया

**वाराणसी।** पिछले कई सालों से अपने मजेदारए जीवन के सार वाले जन जागरूकता वाले अभियान के साथ ईनो ने एसिडिटी के बारे में लोगों को समझाने और जागरूकता फैलाने के लिये ह्यूमर को एक टूल की तरह इस्तेमाल किया है। टीवी चैनलों और डिजिटल पर अपने मशहूर कैम्पेन के साथए एसिडिटी और इसके उपचार के बारे में चर्चा करने के इसके विचित्र दृष्टिकोण में पिछले 5 दशकों में काफी बदलाव आया है। जीएसके कंज्यूमर हेल्थकेयर के प्रमुख एंटासिड ब्रांड ईनो ने भारत में अपने 50 साल पूरे कर लिए हैं। कई बार एसिडिटी की वजह से होने वाली परेशानियों ;अब एक साल में एक अरब से ज्?यादा बारद्ध से बाहर निकाला है।

# बुन्देलखण्ड में जल संकट से पार पाने की नई मुहिम



**बांदा।** बुन्देलखण्ड के जल संकट को दृष्टिगत रखते हुए जल संचयन करने हेतु ष्जलकुम्भी हटाओ-तालाब बचाओ् अभियान चलाकर तालाबों की जलकुम्भी सफाई कराये जाने का निर्णय लिया गया हैए जिसमें सभी सम्मानित प्रधान गण एवं जनसामान्य की सहभागिता बहुत ही आवश्यक है। उक्त विचार जिलाधिकारी अनुराग पटेल द्वारा कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित जलकुम्भी हटाओ.तालाब बचाओ अभियान सम्बन्धित बैठक में व्यक्त किये।

जिलाधिकारी ने कहा कि यह सफाई अभियान 27 जून से प्रात: 09:00 बजे से चलाया जायेगाए जिसमें सम्बन्धित सभी जिलाध्तहसीलध्विकास खण्ड एवं ग्राम स्तरीय अधिकारीध्कर्मचारी जिनको ग्राम पंचायतों में आवंटित तालाबों में जलकुम्भी सफाई हेतु स्वयं उपस्थित होकर ग्रामवासियों को श्रमदान हेतु प्रेरित करते हुए तालाबों की सफाई करायेंगे। उक्त अभियान में ग्राम प्रधान स्वैच्छित श्रमदानकर्ताए ग्राम पंचायत सचिवए तकनीकी सहायकए ग्राम रोजगार सेवकए पंचायत सहायक इत्यादि कर्मचारी समय से उपस्थित होकर श्रमदान करेंगे। जिलाधिकारी ने कहा है कि इस ड्यूटी में लगायी गयी महिला अधिकारी तालाब में प्रवेश नही करेंगी बल्कि बाहर रहकर सफाई कार्य में सहयोग प्रदान करेंगी। खण्ड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत ग्राम प्रधान के सहयोग जलकुम्भी सफाई हेतु आवश्यक उपकरण की व्यवस्था करेंगे तथा गड्ढा खुदवाकर तालाब से निकाली गयी जलकुम्भी को रखकर खाद के रूप में प्रयोग करेंगे। इसके बाद इन्ही तालाबों के भीटों में वृक्षारोपण करने के दौरान जलकुम्भी की खाद का उपयोग करेंगे जिससे वृक्ष जल्दी विकसित हो और तालाब हमारा हरा.भरा दिखेगा। जिलाधिकरी ने कहा कि प्रत्येक तालाब की फोटोग्राफी तीन स्तरों पर की जायेगीए जिसमें कार्य प्रारम्भ होने से पूर्वए सफाई कार्य करते हुए एवं सफाई कराने के पश्चात। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत राज अधिकारी प्रत्येक तालाब में 10.10 सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर उन्हें समय से उपस्थित रहकर सफाई कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिये जायें। जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त अधिकारी अपने प्रधानों से सफाई सम्बन्धी वार्ता कर रणनीति तैयार कर ली जाए।

**समाजसेवी ने जनसमस्याओं का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा:** जालौन (उरई)। नगर की समस्याओं को लेकर समाजसेवी ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के निस्तारण की मांग की है। एसडीएम ने शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया। बागवान समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राईन ने एसडीएम राजेश सिंह को शिकायती पत्र सौंपकर बताया कि नगर में बंगरा रोड स्थित नवीन फल एवं सब्जी मंडी स्थल में अराजक तत्वों का जमावड़ा रहता है, जो दुकानदारों को परेशान करते हैं। इसके अलावा सब्जी मंडी में कूड़ा निकलता है। कभी कभार अराजक तत्व इस कूड़े में आग भी लगा देते हैं। इससे कभी भी कोई गंभीर दुर्घटना घटित हो सकती है। उन्होंने एसडीएम से सब्जी मंडी परिसर में सुरक्षा गार्ड की तैनाती किए जाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने आरोप लगाया कि नगर में मिलावटी दूध की बिक्री की जा रही है। जो बच्चों को लोगों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव डालता है। उन्होंने एसडीएम से मिलावटी दूध की बिक्री को रोके की मांग की। वहीं, बंदरों की समस्या को लेकर उन्होंने मांग की है कि वन विभाग की टीम द्वारा बंदरों को पकड़वाकर उन्हें किसी अन्यत्र स्थान पर छुड़वाया जाए। ताकि लोगों को बंदरों से परेशान न होना पड़े।

# सरफराज के शतक से मुंबई के 374 रन

## ● रणजी ट्रॉफी फाइनल : मध्य प्रदेश के एक विकेट पर 123 रन



**भाषा।** बेंगलुरू

**सरफराज खान के** शानदार शतक से 41 बार के चैंपियन मुंबई ने रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन गुरुवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 374 रन का स्कोर खड़ा किया। सरफराज ने सत्र का चौथा शतक जड़ते हुए 243 गेंद में 134 रन की पारी खेली। मुंबई ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 248 रन से की थी। मध्य प्रदेश ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 123 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की। यश दुबे 44 जबकि शुभम शर्मा 41 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों दूसरे विकेट के लिए 76 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं। दिन का आकर्षण सरफराज रहे जो मौजूदा सत्र में सिर्फ छह मैच में 937 रन बना चुके हैं। मुंबई की टीम अगर इस मैच में दोबारा बल्लेबाजी करती हैं तो उनके पास सत्र में 1000 रन बनाने का मौका होगा। सरफराज ने अपनी पारी में 243 गेंद का सामना करते हुए 13 चौके और दो छक्के मारे। मुंबई ने दूसरे दिन पहले ओवर में ही शम्स मुलानी (12) का विकेट गंवाया जिन्हें गौरव यादव (106 रन पर चार विकेट) ने पगबाधा किया। सरफराज ने ढीली गेंदों को सबक सिखाया जिससे मध्य प्रदेश के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव को क्षेत्ररक्षकों को फैलाना पड़ा। सरफराज अब परिपक्व हो चुके हैं और 2019-20 (तब 928 रन) सत्र से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। करियर के शुरुआती समय की अनुशासनात्मक समस्याओं से भी वह उबर चुके हैं जिसके कारण उन्हें एक सत्र के लिए मुंबई को छोड़कर जाना पड़ा था। आसमान में छाए बादलों के बीच गेंद मूव कर रही थी लेकिन बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर सरफराज एक छोर पर डटे रहे। मध्य प्रदेश के कप्तान के बाउंड्री रोकने के लिए क्षेत्ररक्षकों को फैलाने के बावजूद सरफराज ने तेज गेंदबाज अनुभवी अग्रवाल पर डीप एक्स्ट्रा कवर और डीप प्वाइंट के बीच से चौका जड़ा। उन्होंने टी20 शैली में विकेटकीपर के सिर के ऊपर से स्कूप करके चार रन बटोरे। सरफराज ने 97 रन के स्कोर पर गेंदबाज के सिर के ऊपर से चौका जड़कर शतक पूरा किया जबकि लांग आन और लांग आफ पर क्षेत्ररक्षक खड़े थे। भारतीय टेस्ट टीम के मध्यक्रम में अभी जगह नहीं है लेकिन जिस तरह सरफराज बल्लेबाजी कर रहे हैं अगर मुख्य कोच राहुल द्रविड़ के शब्दों में कहें तो वह टीम में चयन के लिए दरवाजा नहीं खटखटा रहे बल्कि जोरदार धमाका कर रहे हैं। सरफराज ने चार छोटी लेकिन प्रभावी साझेदारियां की। उन्होंने सातवें विकेट के लिए तनुष कोटियान (15) के साथ 40, धवल कुलकर्णी (01) के साथ आठवें विकेट के लिए 26, तुषार देशपांडे (06) के साथ नौवें विकेट के लिए 39 और मोहित अवस्थी (07) के साथ अंतिम विकेट के लिए 21 रन जोड़े। मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों ने हालांकि मुंबई को कड़ा जवाब दिया। तुषार देशपांडे ने हिमांशु मंत्री (31) को पगबाधा करके मुंबई को दिन की एकमात्र सफलता दिलाई।

### अब्बू के लिए शतक और जांघ पर हाथ मारकर जश्न मनाना दिवंगत सिद्धू मूसेवाला के लिए : सरफराज

**बेंगलुरू।** मुंबई रणजी टीम के क्रिकेटर सरफराज खान ने गुरुवार को यहां मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल में बनाए गए अपने शतक को अपने पिता और कोच नौशाद खान को समर्पित किया। शतक जड़कर मुंबई को पहली पारी में 374 रन तक पहुंचाने वाले सरफराज की आंखे डबडबाई हुई थी, उन्होंने पत्रकारों से कहा, यह शतक मेरे अब्बू (पिता) की वजह है, यह उनके बलिदान की वजह से है और उस समय मेरा हाथ थामने की वजह से है जब मै निराश था। नौशाद के दोनो बेटे सरफराज और मुशीर मुंबई टीम में ही खेलते है। यह पूछने पर कि क्या भारतीय टीम में जगह बनाने का सपना पूरा होने की ओर है? इस सवाल के जवाब में सरफराज की आंखे डबडबा गई। हमारी जिंदगी सब कुछ उन छोटे छोटे सपनो के लिए है जिन्हे हम संजोते है। सपने हम (वह और उनके पिता) साथ देखते है। मैने मुंबई में वापसी के बाद से दो सत्र में जो 2000 के करीब रन बनाए है, वह सब मेरे अब्बू की वजह से है। जब कोई मैच नही होता तो दोनो भाई अपने पिता की निगरानी में प्रत्एक दिन छह से सात घंटे अभ्यास करते है। कुछ अनुशासनात्मक मुद्दो के कारण सरफराज को एक सत्र के लिए उत्तर प्रदेश जाना पड़ा और उन्होंने वापसी करने से पहले कूलिंग ऑफ समय बिताया जिसके बाद वह फिर मुंबई की टीम में चुने गए। आप सब तो जानते हो मेरे साथ क्या हुआ। अब्बू ना रहते तो मै खत्म हो जाता। इतनी सारी समस्याएं थी और जब मै सोचता कि मेरे अब्बू इन सबसे कैसे निपटे तो मै भावुक हो जाता हूं। उन्होंने एक बार भी मेरा हाथ नही छोड़ा।

## लीसेस्टर में टीम से जुड़े अश्विन



**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** पॉजिटिव पाए जाने के कारण एकमात्र पांचवें टेस्ट के लिए भारतीय टीम के साथियों के साथ ब्रिटेन रवाना नहीं होने वाले सीनियर आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन लीसेस्टर में टीम के साथ जुड़ गए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पृथकवास से गुजर रहे अश्विन लीसेस्टर में टीम के अपने साथियों से जुड़ गए जहां भारतीय टीम अभ्यास मैच खेल रही है। भारतीय टीम 16 जून को ब्रिटेन के लिए रवाना हुई थी। सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, हां, अश्विन टीम के साथ जुड़ गए हैं लेकिन वह अब भी उबर रहे हैं। वह अभ्यास मैच खेलने के लिए फिट नहीं हैं।

## प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने से फॉर्म व टीम में वापसी करने मदद मिली : पुजारा

**भाषा।** लीस्टर



**भारत के स्टार** बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि रणजी ट्रॉफी और काउंटी चैंपियनशिप में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में खेलने से उन्हें अपनी फॉर्म और राष्ट्रीय टीम में वापसी करने में मदद मिली। चौतीस वर्षीय पुजारा को इस साल के शुरू में श्रीलंका के खिलाफ भारत की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था। ससेक्स की तरफ से पांच मैचों में 120 की औसत से 720 रन बनाने के बाद उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें टेस्ट के लिए फिर से राष्ट्रीय टीम में चुना गया। पुजारा ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई के खिलाफ 83 गेंदों में 91 रनों की पारी खेली थी। उन्होंने दूसरी डिवीजन की काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिए दो दोहरे शतकों सहित चार शतक लगाए। पुजारा ने बीसीसीआई टीवी से कहा, मेरे लिए यह अधिक से अधिक प्रथम श्रेणी मैचों में खेलने से जुड़ा था। यह अनुभव महत्वपूर्ण था। जब आप फॉर्म में वापसी करना चाहते हैं, जब आप अपनी लय हासिल करना चाहते हैं, जब आपके पास वह एकाग्रता हो तो कुछ लंबी पारियां खेलना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, इसलिए, जब मैं ससेक्स के लिए खेल रहा था तो ऐसा कर सकता था। जब मैंने डर्बीशर के खिलाफ अपनी पहली बड़ी पारी खेली तब मुझे लगा कि मैंने अपनी लय हासिल कर ली है। मेरी एकाग्रता और सब कुछ ठीक चल रहा था। मैंने ससेक्स के साथ बहुत अच्छा समय बिताया। पुजारा ने कहा कि उन्हें काउंटी मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा था, क्योंकि वह पहले से ही रणजी ट्रॉफी में अच्छी फॉर्म में थे। उन्होंने कहा, मैंने रणजी ट्रॉफी में सौराष्ट्र के लिए तीन मैच खेले। वहां भी मुझे लय हासिल करने में मदद मिली। मुझे पता था कि मैं अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हूं। पुजारा के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत तथा तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा चार दिवसीय अभ्यास मैच में लीसेस्टरशर की तरफ से खेलेंगे। भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवां टेस्ट मैच एक जुलाई से बर्मिंघम एजबेस्टन में होगा।

### खो–खो लीग में भाग लेगी ओडिशा सरकार के स्वामित्व वाली टीम

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने जल्द शुरू होने वाली अल्टीमेट खो-खो लीग (यूकेके) में फ्रेंचाइजी टीम लेने का फैसला किया है। यह दूसरा अवसर होगा जबकि नवीन पटनायक सरकार किसी फ्रेंचाइजी आधारित लीग से जुड़ेगी। इससे पहले उसके पास कलिंग लांसर्स का सह स्वामित्व था, जो हॉकी इंडिया लीग की एक फ्रेंचाइजी थी। यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओडिशा खेल विकास एवं संवर्धन कंपनी (ओएसडीपीसी) के स्वामित्व वाली टीम आगामी खो-खो लीग में पांचवी टीम होगी। वर्तमान में लीग में चेन्नई, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना की चार फ्रेंचाइजी टीम है।

### चेन्नई ओपन शतरंज: लगातार सातवीं जीत के साथ नितिन शीर्ष पर

**चेन्नई।** अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को यहां 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट 2022 के सातवें दौर में लगातार सातवीं जीत के साथ बढ़त बना ली। नितिन ने शीर्ष बोर्ड में बी विग्नेश को 99 चाल में हराकर अपने अंकों की संख्या को सात तक पहुंचाया। टूर्नामेंट में अब जब तीन दौर का खेल बाकी है तब नितिन ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर एक अंक की बढ़त बना ली है। शीर्ष वरीय रूस के बोरिस सेवचेंको और भारत के अंतरराष्ट्रीय मास्टर एलआर श्रीहरि छह अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे है। सेवचेंको को बेलारूस के ग्रैंडमास्टर एलेक्सेई फेडोरोव ने बराबरी पर रोका जबकि श्रीहरि ने जुबिन जिम्मी को हराया।

### मलेशिया के ली जी जिया राष्ट्रमंडल खेलों से हटे

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑल इंग्लैंड चैम्पियन ली जी जिया ने अगस्त में होने वाली विश्व चैंपियनशिप को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यभार प्रबंधन के लिए आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से हटने का फैसला किया है। विश्व में पांचवे नंबर के मलेशियाई खिलाड़ी के हटने से भारत के किदांबी श्रीकांत और लक्ष्य सेन के लिए बर्मिंघम खेलों में स्वर्ण पदक जीतना थोड़ा आसान हो जाएगा। सिंगापुर के विश्व चैंपियन लोह कीन यू भी दावेदारों में शामिल है। जी जिया ने ट्विटर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, यह मुश्किल फैसला था क्योंकि इससे पहले भी मै लगातार दो टूर्नामेंट में खेला हूं लेकिन मुझे आराम की जरूरत है और (इसलिए) मुझे राष्ट्रमंडल और विश्व चैंपियनशिप में से किसी एक का चयन करना था।

### सिंगापुर तैराकी: नटराज, आंब्रे और गौड़ा को स्वर्ण

**सिंगापुर।** तोक्यो ओलंपिक में हिस्सा लेने वाले श्रीहरि नटराज और माना पटेल ने गुरुवार को यहां सिंगापुर राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते जबकि भारत ने पहले दिन पांच पदक अपनी झोली में डाले। प्रतिभावान तैराक मिहिर आंब्रे ने 50 मीटर बटरफ्लाई जबकि अनीष गौड़ा ने 800 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीता। राष्ट्रमंडल खेलों से पहले इस तैयारी प्रतियोगिता के पहले दिन भारत ने तीन स्वर्ण पदक जीते। शिवा श्रीधर ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 57.58 सेकेंड के समय के साथ तीसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत ने गुरुवार को तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक से कुल पांच पदक जीते। ओलंपिक मानक समय हासिल करने वाले सबसे युवा भारतीय तैराक नटराज ने 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 55.32 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# रानी रामपाल फिर बाहर

## ● भारत ने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए 18 सदस्यीय महिला हॉकी टीम चुनी

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारत ने** आगामी राष्ट्रमंडल खेलों के लिए गुरूवार को 18 सदर्स्यय महिला हॉकी टीम का चयन किया जिसमें फिर से स्टार स्ट्राइकर रानी रामपाल को बाहर रखा गया है क्योंकि वह चोट के बाद पूर्ण फिटनेस हासिल नहीं कर पाई हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम अगले महीने विश्व कप में हिस्सा लेने वाली टीम के समान ही है। गोलकीपर सविता पूनिया टीम की कप्तान होंगी जबकि अनुभवी डिफेंडर दीप ग्रेस एक्का 28 जुलाई से आठ अगस्त तक चलने वाले बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उप कप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगी। दोनों खिलाड़ी विश्व कप में भी यही भूमिका निभाएंगी जिसकी सह मेजबानी एक से 17 जुलाई तक नीदरलैंड और स्पेन कर रहे हैं। राष्ट्रमंडल खेलों की टीम के लिए विश्व कप टीम में सिर्फ तीन बदलाव किए गए हैं। रजनी इतिमार्पू को बीचू देवी खरीबाम की जगह दूसरी गोलकीपर के तौर पर रखा गया है जबकि विश्व कप टीम सदस्य सोनिका (मिडफील्डर) को राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में शामिल नहीं किया गया है। फॉरवर्ड संगीता कुमारी को विश्व कप के लिए स्थानापन्न खिलाड़ियों में से एक चुना गया था लेकिन वह राष्ट्रमंडल खेलों की टीम में पूर्ण सदस्य के तौर पर शामिल हैं। भारत को पूल ए में इंग्लैंड, कनाडा, वेल्स और घाना के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरूआत 28 जुलाई को घाना के खिलाफ करेगा। भारतीय महिला टीम को अपनी अगुआई में तोक्यो ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर पहुंचाने वाली रानी को हैमस्ट्रिंग चोट से उबरने के बाद बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ हालिया एफआईएच प्रो लीग मैचों के लिए चुना गया था। वह प्रो लीग के यूरोपीय चरण के पहले चार मैचों में नहीं खेली थीं जिससे उनकी फिटनेस को लेकर संदेह होने लगा। आखिर में वह विश्व कप की टीम में अपना स्थान गंवा बैठी। गोल्ड कोस्ट 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में भारत कांस्य पदक के मैच में इंग्लैंड से हारकर चौथे स्थान पर रहा था। हालांकि अपने पहले एफआईएच प्रो लीग में शानदार अभियान के बाद भारतीय टीम अब बर्मिंघम में पोडियम स्थान हासिल करने की कोशिश में जुटी है। टीम एफआईएच प्रो लीग में अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बाद तीसरे स्थान पर रही थी। टीम चयन के बारे में बात करते हुए मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा, हमने राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अनुभवी टीम का चयन किया है और खिलाड़ियों का मानना हे कि इस बार उनके पास एक पदक जीतने का अच्छा मौका है। एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार प्रदर्शन के बाद टीम आत्मविश्वास से भरी है और भली भांति समझती है कि उनसे काफी अधिक उम्मीदें लगी हैं।

# जेमिमा के हरफनमौला खेल से भारत जीता

## ● श्रीलंका के खिलाफ 1-0 से बढ़त बनाई

**भाषा।** दाम्बुला



**जेमिमा रोड्रिगेज** की वापसी पर खेली गई अहम पारी के बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम ने गुरूवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 34 रन से जीत दर्ज की। महज 139 रन के स्कोर का बचाव करते हुए बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव (22 रन देकर दो विकेट) ने पावरप्ले के बाद अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और खतरनाक दिख रही श्रीलंकाई कप्तान चामरी अटापट्टू (16 रन) और हर्षिता मादावी (10 रन) को तीन गेंद के अंदर आउट कर दिया। सात ओवर में श्रीलंका ने 27 रन के अंदर तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद टीम दबाव में आ गई और वह कभी भी लक्ष्य के करीब पहुंचती नहीं दिखी। फिर तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर की कसी गेंदबाजी ने उसकी उम्मीदें तोड़ दी जिन्होंने चार ओवर में एक मेडन से 13 रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति शर्मा ने भारत को अच्छी शुरूआत कराई जिन्होंने सलामी बल्लेबाज वी गुणरत्ने (शून्य) को दूसरे ही ओवर में आउट कर दिया। इस सीनियर ऑफ स्पिनर ने पावरप्ले में बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्होंने तीन ओवर में एक मेडन से नौ रन देकर एक विकेट झटका। दीप्ति ने साथ ही डीप स्क्वायर लेग में दौड़ते हुए एक बेहतरीन कैच भी लपका जिससे राधा यादव को दिन का अपना दूसरा विकेट मिला। कविशा दिलहारी मेजबान टीम के लिए अकेले दम पर जुटी थी जिन्होंने 49 गेंद में छह चौकों की मदद से 47 रन बनाए लेकिन भारत की शीर्ष स्तरीय गेंदबाजी और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने सुनिश्चित किया कि उसकी टीम तीन मैचों की श्रृंखला में l-0 की बढ़त बना ले। मेजबानों को अंतिम पांच ओवर में 78 रन की दरकार थी और कविशा ने हरमनप्रीत कौर और राधा यादव के खिलाफ कुछ बाउंड्री लगाई। लेकिन इतना ही काफी नहीं था क्योंकि भारतीयों ने घरेलू टीम की रन गति पर लगाम कस रखी थी और उन्हें पारी में एक भी छक्का नहीं लगाने दिया। शेफाली वर्मा ने अंतिम ओवरों में अमा कंचना (11) को आउट कर दिया जिसके बाद श्रीलंका की टीम 20 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन ही बना सकी। श्रृंखला का दूसरा मैच शनिवार को खेला जाएगा।

### स्कोरबोर्ड

**भारत पारी :** शेफाली का डिसिल्वा बो अटापट्टू 31, स्मृति का अटापट्टू बो राणासिंघे 01, एस मेघना का अटापट्टू बो राणासिंघे 00, हरमनप्रीत कौर पगबाधा राणावीरा 22, जेमिमा रोड्रिगेज नाबाद 36, रिचा घोष स्ट संजीवनी बो राणावीरा 11, पूजा वस्त्राकर बो राणावीरा 14, दीप्ति शर्मा नाबाद 17, **अतिरिक्त** : 06, **कुल** : 20 ओवर में छह विकेट पर : 138 रन, **विकेट पतन** : 17-l, 17-2, 56-3, 58-4, 81-5, 106-6 , **गेंदबाजी** : प्रभोदानी 4-0-21-0,कुमारी 3-0-18-0, राणासिंघे 3-0-22-2,कंचना l-0-8-0, राणावीरा 4-0-30-3, अटापट्टू 2-0-7-l, दिलहारी 3-31-0

**श्रीलंका :** गुणरत्ने पगबाधा बो दीप्ति शर्मा 01, अटापट्टू का गायकवाड़ बो राधा यादव 16,मादावी का दीप्ति शर्मा बो राधा यादव 10, दिलहारी नाबाद 47,डि सिल्वा का हरमनप्रीत कौर बो पूजा वस्त्राकर 08,कंचना स्टंप घोष बो शेफाली 11, संजीवनी नाबाद 10,अतिरिक्त : 01, **कुल** : 20 ओवर में पांच विकेट पर 104 रन, **विकेट पतन** :l-l, 2-27, 3-27, 4-54, 5-86 **गेंदबाजी** : रेणुका 4-0-25-0 ,दीप्ति 3-l-9-l , राधा 4-0-22-2 ,वस्त्राकर 4-l-13-l, गायकवाड़ l-0-7-0 , हरमनप्रीत र 2-0-17-0, शेफाली वर्मा 2-0-10-l

## खुशकिस्मत रही कि टीम से बाहर होने के बाद रोहित और पंत से बात करने का मौका मिला: जेमिमा

**भाषा।** दाम्बुला

**रोहित शर्मा और** ऋषभ पंत के उत्साहवर्धक शब्दों से जेमिमा रोड्रिग्ज का उस समय हौसला बढ़ा जब वह भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर होने के बाद मुश्किल दौर से गुजर रही थी और टीम में वापसी पर काम कर रही थी। इस क्रिकेटर का मानना है कि वह खुशकिस्मत रहीं कि उन्हें रोहित और पंत के साथ बात करने का मौका मिला। जेमिमा ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पिछले श्रीलंका दौरे के बाद से मेरा सफर आसान नहीं रहा, मुझे उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। मैंने रोहित शर्मा और ऋषभ पंत से बात की, उन्होंने मुझे कहा कि इन्हीं लम्हों से आपका करियर परिभाषित होगा, उन्होंने मुझे कहा कि इसे (विश्व कप से पहले टीम से बाहर होना) नकारात्मक रूप से नहीं लीजिए। उन्होंने मुझे कहा कि मुझे चुनौती का सामना करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए। मैं खुशकिस्मत रही कि उनसे बात करने का मौका मिला।

## भारतीय महिला तीरंदाजी टीम फाइनल में

**भाषा।** पेरिस

**भारतीय** रिकर्व महिला तीरंदाजों ने क्वालीफिकेशन में खराब प्रदर्शन के बाद गुरूवार को वापसी करते हुए यहां चल रहे विश्व कप के तीसरे चरण के फाइनल में प्रवेश करके अपना पहला पदक पक्का किया। एक दिन पहले क्वालीफिकेशन दौर में सभी महिला तीरंदाज शीर्ष 30 से बाहर रही थी जिससे उन्हें 13वीं वरीयता मिली थी। लेकिन दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने फाइनल में पहुंचने के सफर में यूक्रेन, ब्रिटेन और तुर्की को हराया। अब रविवार को फाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे से होगा। भारतीय महिला



रिकर्व तिकड़ी ने सबसे पहले चौथी वरीय यूक्रेन को 5-। (57-53 57-54 55-55) से हराकर बाहर किया। फिर क्वार्टरफाइनल में ब्रिटेन के खिलाफ उन्होंने महज चार अंक गंवाए और अपने प्रतिद्वंद्वियों को 6-0 (59-51 59-51 58-50) से मात दी। सेमीफाइनल में हालांकि उनकी शुरूआत धीमी रही लेकिन भारत ने आठवीं वरीय तुर्की की गुलनाज कोस्कुन, एज्गी बसारण और यासमिन अनागोज की तिकड़ी को 5-3 (56-51 57-56 54-55 55-55) से पराजित कर दिया। भाग्य ने भी भारतीय महिला टीम का साथ दिया कि उन्हें शीर्ष वरीय कोरियाई टीम से नहीं भिड़ना पड़ा क्योंकि उसे आठवीं वरीय तुर्की ने क्वार्टरफाइनल में हराकर उलटफेर किया था। रविवार को भारतीय तिकड़ी का सामना तीसरी वरीय चीनी ताइपे से होगा जिसमें रियो ओलंपिक टीम की कांस्य पदक विजेता लेई चिएन यिंग भी शामिल है। पुरूषों की भारतीय रिकर्व टीम पहले दौर में स्विट्जरलैंड से हारकर बाहर हो गई जिन्हें प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी।

### कर्बर, हालेप बैड होमबर्ग के क्वार्टर फाइनल में

**बैड होमबर्ग ( जर्मनी )।** एंजेलिक कर्बर और सिमोना हालेप ने बैड होमबर्ग ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है जबकि सबाइन लिसिकी ने वापसी के बाद जीत का सिलसिला जारी रखा। गत चैंपियन कर्बर ने लूसिया ब्रोंजेटी को 6-2, 6-3 से हराकर एलिजे कॉर्नेट से रोमांचक मुकाबले की नींव रखी। कॉर्नेट ने तात्याना मारिया पर 7-6 (4), 6-4 से जीत हासिल की। पिछले सप्ताह बर्मिंघम में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद हालेप ने तमारा जिदानसेक को 6-0, 6-3 से हराकर ग्रासकोर्ट सत्र में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखा। इस रोमानियाई खिलाड़ी का अगला मुकाबला अमांडा अनीसिमोवा से होगा जिन्होंने हमवतन अमेरिकी एन ली को 6-0, 6-2 से पराजित किया। पूर्व यूएस ओपन चैंपियन बियांका आंद्रिस्कु ने केटी स्वान पर 6-4, 6-4 से जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना से होगा।

### ओलंपिक डे रन में खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों ने लगाई दौड़



**लखनऊ।** खिलाड़ियों में खेल भावना की अलख जगाने और ओलंपिक खेलों के लिए जागरूकता लाने के उद्देश्य से गुरुवार को आयोजित ओलंपिक डे रन में बड़ी संख्या में खिलाड़ियों के साथ खेल प्रेमी भी शामिल हुए। ओलंपिक दिवस.2022 पर उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के तत्वावधान में लखनऊ ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित इस दौड़ की शुरुआत सुबह 6.30 बजे शहीद स्मारक से हुई जिसे लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव सैयद रफत जुबैर रिजवी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ओलंपिक डे रन का समापन केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सुधीर एस हलवासिया चेयरमैन लखनऊ योग खेल संघ, प्रदेश सह संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ व विशिष्ट अतिथि मुरलीधर आहूजा वरिष्ठ समाजसेवी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र देते हुए उन्हें खेल जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

### मेदवेदेव, सिटसिपास जीते, किर्गियोस नहीं खेलेंगे

**पाल्मा।** दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास ने मालोर्का टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि निक किर्गियोस विंबलडन से पहले चोट से बचने के लिए इस टूर्नामेंट से हट गए। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव ने असलान करात्सेव को 4-6, 6-3, 6-2 से जबकि सिटसिपास ने इल्या इवाश्का को 6-4, 6-4 से पराजित किया। मेदवेदेव का सामना अब रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा, जो किर्गियोस के मैच से पहले हटने के कारण आगे बढ़े हैं। मेदवेदेव इस साल विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि ऑल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन में युद्ध को लेकर रूस और उसके सहयोगी बेलारूस के खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगा रखा है। विश्व में छठे नंबर के सिटसिपास का अगला मुकाबला अमेरिका के मार्कोस गिरोन से होगा, जिन्होंने हमवतन मैकेंजी मैकडोनाल्ड को 4-6, 7-6 (5), 6-4 से हराया।

## भारत फीफा रैंकिंग में दो पायदान चढ़कर 104वें स्थान पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय फुटबॉल** टीम को एशियाई कप क्वालीफिकेशन में प्रभावशाली प्रदर्शन का फायदा गुरुवार को जारी ताजा फीफा विश्व रैंकिंग में मिला जिसमें वह दो पायदान के फायदे से 104वें स्थान पर पहुंच गई। भारतीय टीम न्यूजीलैंड (103) से एक पायदान नीचे है जो इस महीने के शुरू में अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में कोस्टारिका से 0-। से हारने के कारण विश्व कप में जगह बनाने से चूक गया था। एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) के सदस्यों में भारत पहले की तरह 19वें स्थान पर बना हुआ है। ईरान कुल 23वें स्थान और एएफसी देशों में शीर्ष स्थान पर बरकरार है। सुनील छेत्री की अगुवाई वाली टीम ने इस महीने की शुरुआत में एशियाई कप क्वालीफिकेशन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और ग्रुप डी में अपने तीनों लीग मैच जीतकर 2023 में होने वाले 24 टीम के फाइनल्स में जगह बनाई। विश्व रैंकिंग में ब्राजील शीर्ष पर बना हुआ है। उसके बाद बेल्जियम, अर्जेंटीना, फ्रांस, इंग्लैंड, स्पेन, इटली, नीदरलैंड, पुर्तगाल और डेनमार्क का नंबर आता है।

### भारतीय अंडर-17 फुटबॉल टीम की इटली के हाथों 0-7 से करारी हार

**उडिने ( इटली )।** भारत की अंडर-17 महिला फुटबॉल टीम को यहां चार देशों के टूर्नामेंट के पहले मैच में इटली से 0-7 से करारी हार का सामना करना पड़ा। थॉमस डेननरबी की कोचिंग वाली टीम ने शुरू में दबाव बनाने की कोशिश की लेकिन इटली ने जल्द ही खेल पर नियंत्रण बना दिया। भारतीय गोलकीपर मोनालिसा ने 10वें मिनट में ड्रैगोनी का प्रयास विफल किया लेकिन इसके एक मिनट बाद मारिया रोसी के सामने उनकी एक नहीं चली। भारत के पास 30वें मिनट में गोल करने का मौका था लेकिन अनिता का शॉट



मामूली अंतर से लक्ष्य से चूक गया। अन्ना लोंगोबार्डी और गिउला ड्रैगनी ने क्रमश: 31वें और 33वें मिनट में गोल करके इटली को 3-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर के बाद 48वें मिनट में मैनुएला सियाबिका ने स्कोर 4-0 कर दिया। इसके बाद इटली ने दनादन दो गोल और दागे जबकि मार्ता जांबोमी ने 67वें मिनट में मैच का अंतिम गोल किया। भारतीय टीम अक्टूबर-नवंबर में होने वाले अंडर-17 महिला विश्व कप की तैयारियों के सिलसिले में यूरोपीय दौरे में दो टूर्नामेंट में खेलेगी।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम तीन देशों के टूर्नामेंट में स्वीडन से हारी

**भाषा।** स्टाकहोम

**भारतीय महिला** फुटबॉल टीम कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद दूसरे हॉफ के इंजुरी टाइम में गोल खाने के कारण तीन देशों के अंडर-23 टूर्नामेंट में स्वीडन से 0-। से हार गई। बुधवार की रात को खेले गए मैच स्वीडन की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर लिन विकियस ने 96वें मिनट (इंजुरी टाइम के छठे मिनट) में किया। भारत ने शुरू से दबदबा बनाए रखा और गोल करने के कई अवसर बनाए लेकिन अंतिम क्षणों की चूक आखिर में उसे महंगी पड़ी। भारत को पहला बड़ा मौका मैच के 12वें मिनट में मिला जब मिडफील्डर मनीषा कल्याण ने अपनी टीम की साथी मार्टिना थोकचोम से मिले पास पर करारा शॉट जमाया लेकिन वह सीधे गोलकीपर के पास चला गया। मनीषा को 35वें मिनट में फिर से गोल करने का मौका मिला।